# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com जबलपुर, बुधवार 7 जनवरी 2026


सोने-चांदी की कीमतों में जारी रही तेजी

## 7000 रुपए महंगी हुई चांदी सोने की कीमतों में भी वृद्धि



**नई दिल्ली।** दिल्ली के सर्राफा बाजार में मंगलवार को लगातार चौथे दिन सोने की कीमतों में तेजी दर्ज की गई। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1100 रुपए की बढ़ोतरी के साथ 1,41,500 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई।











## खबर संक्षेप

### गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करेंगे शिखर धवन



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व ओपनर बल्लेबाज शिखर धवन अगले महीने गर्लफ्रेंड सोफी शाइन से शादी करने जा रहे हैं। ये धवन की दूसरी शादी होगी और दोनों अगले महीने यानी फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते है। शिखर धवन और सोफी को पहली बार चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान एक साथ देखा गया था और इसके बाद दोनों ने खुद ही इस रिश्ते पर मुहर लगाई थी। धवन जनवरी 2026 में 40 साल के हो गए और जब उन्होंने 40वां जन्मदिन मनाया था।

### सोनिया गांधी की तबियत बिगड़ी, अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद सोनिया गांधी को सांस संबंधी परेशानी के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सर गंगा राम अस्पताल की ओर से जारी बयान के मुताबिक, उन्हें सोमवार रात करीब 10 बजे भर्ती कराया गया। उन्हें सांस लेने में तकलीफ हो रही थी। जांच में सामने आया कि ठंडे मौसम और प्रदूषण के संयुक्त असर के कारण उनका ब्रोंकियल अस्थमा हल्का बढ़ गया था।

### नीट यूजी 2026 परीक्षा को लेकर एनटीए की एडवाइजरी



**नई दिल्ली।** इस साल जो उम्मीदवार नीट यूजी 2026 परीक्षा में शामिल होने वाले हैं। उनके लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने एडवाइजरी जारी की है। जारी की गई एडवाइजरी में उम्मीदवारों से कहा गया है कि वो आवेदन से पहले अपना आधार कार्ड अपडेट करवा लें। इसी तरह से कैटेगरी सर्टिफिकेट को भी अपडेट करने को कहा है। एनटीए ने कहा है कि उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि उनका आधार कार्ड पूरी तरह से अपडेट हो।

इंदौर दूषित पानी मामले में **हाई कोर्ट ने स्टेटस रिपोर्ट पर जताई गहरी नाराजगी**

# कोर्ट को मौतों का गलत आंकड़ा बताया दाखिल जवाब को कहा-असंवेदनशील

इंदौर में दूषित पानी से 17 लोगों की मौत हुई। पर हाई कोर्ट में जो स्टेटस रिपोर्ट दाखिल की गई, उसमें केवल 4 मौतें ही बताई गईं

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

इंदौर में दूषित पानी से हो रही मौतों के मामले को लेकर हाई कोर्ट में मंगलवार को अहम सुनवाई हुई। कुल 5 जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने राज्य सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। पिछली सुनवाई में सरकार ने कोर्ट में अपनी स्टेटस रिपोर्ट पेश की थी, जिसमें दूषित पानी से सिर्फ 4 मौतों की जानकारी दी गई थी, जबकि मौत का आंकड़ा इससे कहीं ज्यादा है। इस पर हाई कोर्ट ने रिपोर्ट की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यदि भविष्य में आवश्यकता पड़ी तो दोषी अधिकारियों पर सिविल और क्रिमिनल लायबिलिटी भी तय की जाएगी। साथ ही संकेत दिए कि अगर पीड़ितों को मुआवजा कम मिला है तो उस पर भी अदालत उचित निर्देश जारी करेगी। इस दौरान कोर्ट ने कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा- इस घटना ने इंदौर शहर की छवि को गंभीर नुकसान पहुंचाया है। देश का सबसे स्वच्छ शहर कहलाने वाला इंदौर अब दूषित पानी की वजह से पूरे भारत में चर्चा का विषय बन गया है। अब तक दूषित पानी पीने से 17 लोगों की मौत हो चुकी है. फिलहाल, स्वास्थ्य विभाग के अनुसार 110 मरीज अस्पताल में भर्ती हैं। अब तक कुल 421 मरीजों को अस्पताल में भर्ती किया गया, जिनमें से 311 मरीज डिस्चार्ज किए जा चुके हैं। जबकि 15 मरीज आईसीयू में इलाजरत हैं।

**जरूरत पड़ी तो अफसरों पर तय होगी क्रिमिनल जिम्मेदारी**



इंदौर हाईकोर्ट

- ***साफ पानी जनता का हक, घटना से शहर की छवि को पहुंचा नुकसान***
- ***इंदौर प्रशासन दूषित पानी से फैली बीमारी का रोजाना अपडेट दे***
- ***अगली सुनवाई की तारीख 15 जनवरी तय***

### हाईकोर्ट ने इस मामले को 7 श्रेणियों में बांटा

- प्रभावित लोगों के लिए तत्काल और आपात निर्देश
- रोकथाम और सुधारात्मक उपाय
- जिम्मेदारी तय करना
- अनुशासनात्मक कार्रवाई
- मुआवजा
- स्थानीय निकायों को निर्देश
- जन-जागरूकता और पारदर्शिता

### मुख्य सचिव को वर्चुअली पेश होने के आदेश

हाई कोर्ट ने पूरे प्रदेश के पीने के पानी की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि अगर पीने का पानी ही दूषित हो, तो यह बेहद गंभीर विषय है. यह समस्या सिर्फ शहर के एक हिस्से तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे इंदौर में पीने के पानी की सुरक्षा पर सवाल है। कोर्ट ने इस मामले में मुख्य सचिव को वर्चुअली पेश होने के निर्देश दिए हैं।

अगली सुनवाई की तारीख 15 जनवरी तय की गई है। कोर्ट ने साफ कहा है कि वह इस गंभीर मामले में सीधे मुख्य सचिव की बात सुनना चाहता है। प्रशासन से कहा गया है कि जिस तरह से कोरोना महामारी का मेडिकल बुलेटिन जारी करते थे उसी तरह दूषित पानी से फैली बीमारी का भी अपडेट दे।

### नई स्टेटस रिपोर्ट पेश करें

हाईकोर्ट ने राज्य सरकार और नगर निगम को निर्देश दिए हैं कि वे इस मामले में अपना विस्तृत जवाब दाखिल करें और एक नई स्टेटस रिपोर्ट पेश करें। कोर्ट ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के अधिकार में स्वच्छ पेयजल का अधिकार भी शामिल है और इसकी अनदेखी गंभीर विषय है।

कांग्रेस ने पूछा-क्या छिपा रही है सरकार?

## भागीरथपुरा पहुंचे कांग्रेस के 8 नेता उमंग सिंघार की पुलिस से हुई झड़प


पीड़ित परिजनों से मुलाकात की

***पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना***

हरिभूमि न्यूज ⏭ इंदौर

भागीरथपुरा जल त्रासदी को लेकर मंगलवार को इंदौर में भारी राजनीतिक गहमागहमी देखी गई। प्रशासन द्वारा धरना और प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद कांग्रेस नेताओं ने बस्ती में दाखिल होने की कोशिश की। लंबी जद्दोजहद और तनावपूर्ण स्थिति के बाद पुलिस ने कांग्रेस के केवल 8 वरिष्ठ नेताओं को ही भागीरथपुरा की प्रभावित बस्ती में जाने की अनुमति दी। जब कांग्रेस नेताओं का काफिला भागीरथपुरा पहुंचा, तो भारी पुलिस बल ने उन्हें रोकने का प्रयास किया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और पुलिस अधिकारियों के बीच तीखी बहस हो गई। काफी देर तक चले हंगामे के बाद प्रशासन ने सीमित संख्या में नेताओं को अंदर जाने दिया, जहां उन्होंने पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर उनका हाल जाना। बस्ती में पहुंचने के बाद प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सरकार और स्थानीय प्रशासन पर कड़ा प्रहार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार अपनी विफलताओं और पापों को छिपाने के लिए कांग्रेस को जनता से मिलने से रोक रही है।


लोगों से बात करते पटवारी


स्कूलों को अगले 48 घंटे के लिए बंद किया गया

दूसरे दिन भी कुए से आग का निकलना जारी रहा

आंध्र प्रदेश ओएनजीसी के कुए में गैस रिसाव

# दूसरे दिन भी 'धधकती' रही आग दिल्ली-मुंबई से बुलाई विशेष टीम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

आंध्र प्रदेश के डॉ. बीआर आंबेडकर कोनासीमा जिले में ओएनजीसी की मोरी-5 गैस कुए में भयंकर धमाका हुआ है। सोमवार दोपहर से शुरू हुई यह आग मंगलवार को भी धधकती रही है। लपटें आसमान को छू रही हैं और आसपास के इलाके काले धुएं से ढंक गए हैं। रेजोल शहर के कुछ हिस्सों में घना काला धुआं छा गया है। फायर फाइटिंग टीमें रातभर जुटकर काम करती रहीं। उनका ध्यान कुए के मुहाने को ठंडा रखने और आग को पास के नारियल के बागानों तथा मछली तालाबों तक फैलने से रोकने पर है।

### 1 किलोमीटर दायरे में सख्त नो-गो जोन

जिला प्रशासन ने कुए के 1 किलोमीटर दायरे में सख्त नो-गो जोन की पाबंदी लगा रखी है। इरुसुमांडा और आसपास के गांवों से करीब 600 लोग यानी 300 परिवारों को राहत शिविरों में पहुंचाया गया है।

राजधानी में हिट एंड रन का ऐसा मामला

**नशे में धुत युवक वाहनों व लोगों को कुचलता गया... आखिरकार लोगों ने ही उसे पकड़ा**

# माता मंदिर चौराहे से रंग महल तक कार से 15 लोगों को रौंदा, इनमें से 6 अस्पताल में

- ***आरोपी युवक का जेपी में नशे का टेस्ट कराया गया वह धुत पाया गया***
- ***आरोपी कहां से आ रहा था और कहां जा रहा था इसका अब तक पता नहीं***
- ***आरोपी ड्राइवर है, वह किसी से कार मांगकर लाया था, उसने कहां शराब पी, यह पता नहीं***
- ***इस रूट में 3 चेकिंग ट्रैफिक पॉइंट-नानके, रोशनपुरा व रंगमहल लेकिन ट्रैफिक पुलिस पकड़ नहीं सकी***


इसी कार से तांडव मचाया। इसके सामने का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया ( इनसेट में) आरोपी चालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भोपाल की व्यस्ततम सड़क पर मंगलवार दोपहर 2 बजे एक तेज रफ्तार ग्रैंड विटारा कार काल बनकर दौड़ी। नशे में धुत एक युवक ने माता मंदिर से लेकर रंग महल चौराहे तक रास्ते में आए करीब 15 लोगों को रौंद डाला। अनियंत्रित कार की चपेट में आने से कई लोग घायल हो गए, आखिरी में एक पेड़ से टकराकर कार रुकी, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया है। हादसे में युवक को गंभीर चोटें नहीं आई हैं। लोगों ने युवक को पकड़कर पुलिस को सौंप दिया है। एसआई राघवेंद्र सिंह सिकरवार के मुताबिक (एमपी 04 जेडए 2299) कार को हरीश मालवीय चला रहा था। नशे की हालत में हरीश ने नानके पेट्रोलपंप से जवाहर चौक की ओर जाते समय करीब आधा दर्जन वाहनों को टक्कर मारी है। जिसमें 6-7 लोग गंभीर घायल हुए हैं। अत्यधिक नशे में होने के कारण आरोपी युवक स्वयं के संबंध में कोई खास जानकारी नहीं दे सका है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ बीएनएस की धारा 106 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। आरोपी युवक का जेपी में नशे का टेस्ट कराया गया, वह धुत पाया गया। आरोपी की कार भी डैमेज हुई है।

### घायलों से कहा- हम लोग तो मरते-मरते बचे

हादसे में घायल लोगों ने कहा कि हमारी जान जाते हुए बची है। महिलाओं ने कहा कि ऐसा लगा कि हार्ट ही फेल हो जाएगा। एक महिला ने कहा कि मेरे वाहन को टक्कर मारते हुए कई और लोगों को हादसे का शिकार बनाया गया है। वो टक्कर मारकर भाग ही जाता लेकिन लोगों ने उसे पकड़ लिया।

#### नशे में कुछ भी बोल रहा था आरोपी

आरोपी शुरुआती पूछताछ में कुछ भी बोल रहा है। उसका पुराना रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। प्रभावित लोगों ने कहा कि हमारे वाहन को कट मारते हुए जो भी सामने आया, उसे युवक उड़ाता चला गया। कार में बैठे युवक उड़ाते हुए निकाले।




एक छात्रा और बुजुर्ग महिला कार की टक्कर में घायल हुईं। एक अन्य कार भी क्षतिग्रस्त हालत में।

***दो साल में क्या किया और आगे 2 साल का क्या होगा रोड़मैप?***

योजनाओं और कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन का तय होगा लक्ष्य

# मुख्यमंत्री ने आज बुलाई मंत्रियों की बैठक, एसआईआर पर करेंगे चर्चा

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार 7 जनवरी को प्रातः 11 बजे मंत्रालय में मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों की बैठक बुलाई है। इसमें एसआईआर पर तो चर्चा होगी ही क्योंकि लगभग 42 लाख मतदाताओं के नाम काटे जाने से भाजपा और सरकार दोनों सकते में हैं। इसके अलावा बैठक में मंत्रियों से विभागवार दो साल में किए गए कार्यों और आगामी 2 साल के रोडमैप पर चर्चा की जाएगी। डॉ. यादव बैठक में मंत्रियों से



सरकारी योजनाओं और कार्यक्रमों के समयबद्ध क्रियान्वयन पर बात कर लक्ष्य तय कराएंगे। सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभागवार समीक्षा कर चुके हैं और सभी मंत्री अपने विभागों के कामों को मीडिया के जरिए लोगों के सामने रख चुके हैं।

### एसआईआर पर मंत्रियों को मिलेगी जवाबदारी

जानकारी के अनुसार मध्य प्रदेश में विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर में 42 लाख मतदाताओं के नाम कटने की स्थिति में मंत्रियों को जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह सभी संभाग और जिलों में बैठकें कर समीक्षा करेंगे। मंत्रियों से कहा जाएगा कि वे विधायकों से चर्चा कर बूथ स्तर पर समीक्षा करें। एसआईआर के तहत प्रथम चरण की प्रक्रिया होने के बाद मतदाता सूची का प्रारूप जारी किया गया था। जिसके मुताबिक, 42 लाख 74 हजार 160 मतदाताओं के नाम कम हुए हैं। इसे लेकर मंत्रियों को समीक्षा करने के लिए कहा जा सकता है। कोशिश की जाएगी कि मतदाता सूची में ज्यादा से ज्यादा नाम जुड़वाए जाएं।

क्यूबा के राजदूत जुआन बोले

# स्थिर भविष्य और भू-राजनैतिक संतुलन के लिए दुनिया को भारत की जरूरत

*भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की सोमवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अपराधिक और आतंकी कृत्य बताते हुए कहा कि इस कार्रवाई के जरिये संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका ने रविवार तड़के वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को काराकस में स्थित उनके आवास से हिरासत में लिया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ऐलान किया कि मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस पर न्यूयॉर्क में मादक पदार्थ-आतंकवाद के आरोपों में मुकदमा चलाया जाएगा। भारत में क्यूबा के राजदूत जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा ने वेनेजुएला में अमेरिकी सैन्य अभियान की सोमवार को कड़ी निंदा की। उन्होंने इसे अपराधिक और आतंकी कृत्य बताते हुए कहा कि इस कार्रवाई के जरिये संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन किया गया है।


जुआन कार्लोस मार्सन एगुइलेरा

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई आतंकवादी कृत्य

अंतरराष्ट्रीय समुदाय से एकजुट होने का आग्रह किया

## संप्रभु देश के खिलाफ अमेरिका ने की एकतरफा कार्रवाई

*एगुइलेरा ने कहा कि कोई अकेला देश अमेरिका को ऐसे एकतरफा कदम उठाने से रोक नहीं सकता। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से अमेरिका के पागलपन का सामना करने के लिए एकजुट होने का आग्रह किया। राजदूत ने कहा कि मेरे विचार में, अमेरिकी सैन्य आक्रमण वेनेजुएला के खिलाफ एक अपराध है। यह एक आतंकी कृत्य है। यह संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून में निहित सभी सिद्धांतों का उल्लंघन है। यह एक संप्रभु देश के खिलाफ एकतरफा कार्रवाई है।*

### भारत एक बड़ी शक्ति

क्यूबा के राजदूत ने वैश्विक भू-राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में भारत की केंद्रीय भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा कि दुनिया को भारत की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ी शक्ति के रूप में जरूरी संतुलन बना सकता है और सभी देशों के लिए एक स्थिर भविष्य सुनिश्चित कर सकता है। राजदूत ने कहा कि मुझे पूरा यकीन है कि ग्लोबल साउथ की आवाज के रूप में भारत की भूमिका भविष्य में लगातार मजबूत होती जाएगी। हमें भारत की आवश्यकता है ताकि हम वह संतुलन बना सकें जो दुनिया को चाहिए।

### वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा जरूरीः श्रीलंका

*श्रीलंका ने संयुक्त राष्ट्र से आग्रह किया कि वह अमेरिका की सैन्य कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा, कल्याण और उनके संप्रभु अधिकारों को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण समाधान निकालने की दिशा में काम करे। श्रीलंका के विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद जैसे उसके निकाय इस मामले पर संज्ञान लें और वेनेजुएला के लोगों की सुरक्षा, कल्याण एव संप्रभु अधिकारों को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण समाधान की दिशा में काम करें। श्रीलंका अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर के सिद्धांतों का सम्मान करने की आवश्यकता पर बल देता है, जैसे बल प्रयोग पर रोक, हस्तक्षेप न करना, अंतरराष्ट्रीय विवादों का शांतिपूर्ण समाधान तथा राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता।*

### अमेरिका ने दुनिया को खतरनाक संकेत दिया

क्यूबा के राजदूत ने अमेरिकी शुल्क युद्ध, ईरान को धमकियां और सैन्य हमलों का उल्लेख करते हुए वैश्विक एकता की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्हों ने कहा कि मुझे लगता है कि कोई भी अकेले अमेरिका को रोक नहीं सकता, न ही रोक पाएगा। सभी को एक साथ आना चाहिए। यह एकता का समय है। उन्होंने चेतावनी दी कि इस कार्रवाई से दुनिया को एक खतरनाक संकेत मिला है।

## खबर संक्षेप

### इजराइल का लेबनान पर हवाई हमला, इमारत ध्वस्त

**सिडोन।** इजराइल की वायुसेना ने सोमवार देर रात और मंगलवार तड़के लेबनान के सिडोन समेत दक्षिणी एवं पूर्वी इलाकों पर हमले किए। सोमवार-मंगलवार की दरम्यानी रात करीब एक बजे हुए एक हमले में दक्षिणी तटीय शहर सिडोन में तीन मंजिला एक वाणिज्यिक इमारत ध्वस्त हो गई। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब कुछ ही दिन बाद लेबनान के सेना प्रमुख इजराइल के साथ लगती सीमा वाले इलाके में चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के निरस्त्रीकरण के अपने मिशन के बारे में सरकार को जानकारी देने वाले हैं। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने निंदा की।



### जापान में भूकंप के तेज झटके से कांपी धरती

**टोक्यो।** मंगलवार तड़के पश्चिमी जापान में कई भूकंप आए, जिनमें से एक की तीव्रता 6.2 थी। इनका केंद्र शिमाने प्रांत और पड़ोसी तोटोरी प्रांत में था। पहला भूकंप सुबह 10:18 बजे (जेएसटी) आया, जिसकी तीव्रता 6.2 थी और यह लगभग 6 मील की गहराई पर केंद्रित था। जापान के भूकंपीय तीव्रता पैमाने पर इसकी तीव्रता 5 से ऊपर दर्ज की गई। इसके तुरंत बाद दूसरा भूकंप आया, जिसकी तीव्रता 5 से नीचे दर्ज की गई। भूकंप के बाद लंबे समय तक कंपन महसूस किया गया।



### पिता बोले- निकिता का रूममेट था अर्जुन

**चंडीगढ़।** अमेरिका के कोलंबिया में कत्ल की गई डेटा और स्ट्रैटेजी एनालिस्ट निकिता गोडिशला के पिता आनंद गोडिशला ने चंडीगढ़ के आरोपी युवक को लेकर नया खुलासा किया है। पिता ने कहा कि चंडीगढ़ का अर्जुन शर्मा उनकी बेटी का बॉयफ्रेंड नहीं था। वह सिर्फ उसका रूममेट था। रुपयों के लेन-देन को लेकर उनकी बेटी की हत्या की गई है। निकिता की चचेरी बहन सरस्वती गोडिशला ने भी आरोप लगाया युवक ने निकिता के अकाउंट से 3500 अमेरिकी डॉलर (3.16 लाख रुपए) निकलवाए थे। जो उसने वापस नहीं लौटाए। इसी को लेकर विवाद हो रहा था।



सोशल मीडिया पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव

# नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव, गोली मारने के आदेश, भारत में भी बढ़ाई गई सुरक्षा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*कर्फ्यू का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई का आदेश*

नेपाल के बीरगंज में हिंसा के बाद तनाव बना हुआ है। सांप्रदायिक सोशल मीडिया वीडियो से उपजा पूरा विवाद धार्मिक स्थल से जुड़ा है। चिंताजनक स्थिति को देखते हुए स्थानीय पुलिस-प्रशासन ने एहतियाती कर्फ्यू लगाने का ऐलान किया। पड़ोसी देश में तनाव और उथल-पुथल के बीच भारत में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

स्थानीय मीडिया में आई खबरों के मुताबिक नेपाल की सरकार ने कहा है कि बहुत जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकलें। जिला प्रशासन कार्यालय, परसा ने तनावपूर्ण स्थिति के बीच कर्फ्यू मंगलवार शाम 6 बजे तक बढ़ा दिया है। इससे पहले प्रशासन ने कर्फ्यू का वक्त दोपहर एक बजे तक बढ़ाया था।

■ कर्फ्यू के बीच काबू में हालात

बता दें, बीरगंज की सीमा भारत में बिहार से लगती है। यहां रविवार से ही लगातार तनाव बढ़ रहा है। टिकटॉक पर धार्मिक रूप से विवादित टिप्पणियों को लेकर दो समूहों के बीच टकराव शुरू हुआ था।

इसकी शुरुआत धनुषा में कमला नगरपालिका से हुई। रिपोर्ट्स में धार्मिक किताबों को जलाने की बातें भी सामने आई।


बीरगंज में प्रदर्शन करती भीड़

### कर्फ्यू के बीच सशर्त रियायत भी मिलेगी

*प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि कर्फ्यू की अवधि के दौरान सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक सेवाओं में रियायत देने के निर्देश दिए गए हैं। कर्फ्यू की अवधि में एंबुलेंस, अग्निशमन वाहन, शव वाहन, स्वास्थ्यकर्मियों के वाहनों, मीडिया कर्मियों, पर्यटकों की गाड़ियों, मानवाधिकार और राजनयिक मिशनों के वाहनों और वैध टिकट के साथ यात्रा के लिए एयरपोर्ट जा रहे यात्रियों की आवाजाही को सुगम बनाने के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।*

### लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह

प्रशासन ने लोगों को चेतावनी देते हुए कहा कि कर्फ्यू के दौरान, सुरक्षाकर्मियों को देखते ही गोली मारने का अधिकार दिया गया है। इसलिए नागरिकों से अनुरोध है कि बहुत जरूरी होने पर ही अपने घरों से बाहर निकलें। बाहर निकलने की विवशता होने पर निकटतम सुरक्षाकर्मी से संपर्क करें। मोबाइल से 100 पर कॉल करें। कर्फ्यू का उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**सभा जुलूस प्रदर्शन प्रतिबंधित**

*परसा जिला कार्यालय के मुख्य अधिकारी भोला दहाल द्वारा हस्ताक्षरित एक नोटिस के अनुसार शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए निर्धारित क्षेत्रों में किसी भी प्रकार की सभा करने, जुलूस निकालने और प्रदर्शन करने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगा दिया गया है। बस पार्क, नागवा, इनारवा (पूर्व), सिरसिया नदी (पश्चिम), गंडक चौक (उत्तर) और शंकराचार्य गेट (दक्षिण) को संवेदनशील इलाके के रूप में चिह्नित किया है।*

### ओली-प्रचंड और देऊबा की पार्टियों में गठबंधन संभव

नेपाल में तीन पूर्व पीएम शेर बहादुर देउबा, केपी शर्मा ओली और पुष्प कमल दहल प्रचंड की पार्टियां गठबंधन की तैयारी कर रही हैं। ये गठबंधन संसद के ऊपरी सदन 'राष्ट्रीय सभा' के लिए चुनाव के लिए हो सकता है। इस गठबंधन में मधेस क्षेत्र की पार्टी को भी शामिल करने पर विचार हो रहा है। नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-यूएमएल, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी और जनता समाजवादी पार्टी के बीच सीट बंटवारे और साझा रणनीति पर बात हो रही है। यह चुनाव 25 जनवरी को होना है। राष्ट्रीय सभा में कुल 59 सदस्य होते हैं। इनमें से हर दो साल में एक-तिहाई सदस्य रिटायर होते हैं। इस बार 4 मार्च को 18 सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इन्हीं खाली होने वाली सीटों को भरने के लिए चुनाव कराया जाएगा।


नेपाल में तीन पूर्व पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड (बाएं), केपी शर्मा ओली (मध्य) और शेर बहादुर देउबा

बांग्लादेश में 18 दिनों में 6 हिंदुओं की हत्या

# लक्षित हमलों को बांग्लादेश ने बताया सामान्य अपराध


अंतरिम सरकार के सलाहकार युनूस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा फिर से बढ़ रही है। पिछले 24 घंटों में दो हिंदुओं की हत्या ने कानून-व्यवस्था और अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा कर दी हैं। इन घटनाओं से 18 दिनों में हिंदुओं की हत्याओं की कुल संख्या छह हो गई है। एक हिंदू विधवा महिला के साथ बलात्कार भी किया गया है।

पड़ोसी देश में हिंदुओं पर हो रहे हमले से भारत में भी माहौल तनावपूर्ण हो रहा है। भारत में कई जगहों पर विरोध-प्रदर्शन हो रहा है। बांग्लादेश ने हिंदुओं की हत्या को लेकर भारत द्वारा उठाए जा रहे सवालों पर अंतरिम सरकार के प्रमुख सलाहकार मोहम्मद युनूस ने अपनी सफाई दी है। उन्होंने कहा कि यह अपराध की सामान्य घटना है, इसमें कोई सांप्रदायिक कट्टरता और शत्रुता नहीं है।

### किराना व्यापारी मणि की हत्या

सोमवार रात करीब 10 बजे नरसिंगड़ी जिले के पलाश उपजिला में चारसिंदूर बाजार में किराने की दुकान चलाने वाले 40 वर्षीय सरत चक्रवर्ती मणि की तेज धार वाले हथियारों से हमला कर हत्या कर दी गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने दुकान पर हमला किया और मणि की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। अस्पताल पहुंचने के बाद डॉक्टर्स ने शरत चक्रवर्ती मणि को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मणि दक्षिण कोरिया में काम करके लौटे थे और अपनी पत्नी अंतरा मुखर्जी तथा 12 वर्षीय बेटे अभिक चक्रवर्ती के साथ रहते थे। परिवार के एक सदस्य ने बताया कि उनका किसी से कोई विवाद नहीं था।



### दो हिंदू व्यापारियों को लूटा

बांग्लादेश के चट्टोग्राम और लक्ष्मीपुर में दो अलग-अलग घटनाओं में दो हिंदू सोना व्यापारियों से बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। इन घटनाओं के बाद सराफा कारोबारियों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। खास बात यह है कि दोनों मामलों में बदमाशों ने खुद को कानून-व्यवस्था से जुड़े लोग बताकर वारदात को अंजाम दिया। चट्टोग्राम के हाजारी गली इलाके में सोने का कारोबार करने वाले कृष्ण कर्मकार ने बताया कि रविवार तड़के उनके कर्मचारियों से करीब 350 वोरी पिघला हुआ सोना लूट लिया गया। यह वारदात पंचलैश थाना क्षेत्र के रूफाबाद हिलव्यू इलाके में हुई।

इंडोनेशिया में मूसलाधार बारिश

## बाढ़ से16 की मौत, 140 मकान क्षतिग्रस्त, 'बचाव' में जुटी सेना

एजेंसी ▶▶ मनाडो

इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी प्रांत में मूसलाधार बारिश के कारण आई बाढ़ में 16 लोगों की मौत हो गई। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहारी ने बताया कि कई दिनों से जारी मानसूनी बारिश के बाद सोमवार सुबह नदियां उफान पर आ गईं।

इसी के बाद कीचड़, पत्थरों और मलबे से भरा तेज बहाव सिआउ तागुलंदांग बियारो जिले में लोगों को बहा ले गया और कई गांव पानी में डूब गए। पुलिस और सेना की मदद से आपातकालीन बचाव दलों को सिआउ द्वीप के बुरी तरह प्रभावित चार गांवों में भेजा गया।


बारिश के बाद बाढ़ से मची तबाही

यह छोटा सा द्वीप सुलावेसी द्वीप के उत्तरी छोर से करीब 130 किलोमीटर दूर है। मुहारी ने बताया कि पहाड़ियों से पानी के तेज बहाव के कारण सात घर पूरी तरह बह गए और 140 से ज्यादा मकान क्षतिग्रस्त हो गए।

नए साल में इसरो का पहला मिशन

## 10 जनवरी को ईओएस-01 सहित 18 छोटे उपग्रहों की होगी लॉन्चिंग

एजेंसी ▶▶ चेन्नई

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का इस वर्ष का पहला मिशन संभवतः 10 जनवरी को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष पोर्ट से विश्वसनीय पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट द्वारा ईओएस-01 इमेजिंग उपग्रह और 18 छोटे उपग्रहों के प्रक्षेपण के साथ शुरू होगा। इसरो के अनुसार, प्रक्षेपण प्रथम लांच पैड से होगा और पीएसएलवी-सी62 का प्रक्षेपण अब अस्थायी रूप से 10 जनवरी को निर्धारित किया गया है। ईओएस-एन1 उपग्रह, जो पीएसएलवी-सी62 का पेलोड है वह 26 दिसंबर को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष पोर्ट पर पहुंच गया है और 10 जनवरी को इसके प्रक्षेपण की उम्मीद है। इसके तुरंत बाद फरवरी में व्यावसायिक रूप से निर्मित पहले ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण वाहन,पीएसएलवी-एन1 का प्रक्षेपण किया जाएगा।


पीएसएलवी-सी 62 रॉकेट

भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों को नई मजबूती मिली

## लक्जमबर्ग के पीएम से मिले विदेश मंत्री जयशंकर, कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर फ्रांस और लक्जमबर्ग की छह दिन की यात्रा पर हैं। वह मंगलवार को लक्जमबर्ग पहुंचे और यहां उन्होंने मंगलवार पीएम ल्यूक फ्रीडेन से मुलाकात की।

इस मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं के बीच वित्तीय सेवाओं, निवेश, प्रौद्योगिकी आदि के क्षेत्र में सहयोग पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान एस. जयशंकर ने लक्जमबर्ग के पीएम ल्यूक फ्रीडेन को भारत के पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं दीं। साथ ही उन्होंने भारत-यूरोपीय संघ के मजबूत रिश्तों के समर्थन के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। उनकी यात्रा से भारत और लक्जमबर्ग के रिश्तों को नई मजबूती मिली है।


पीएम ल्यूक फ्रीडेन और जयशंकर

### आईईए के कार्यकारी निदेशक से की मुलाकात

*सोमवार को जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) के कार्यकारी निदेशक फतीह बिरोल से मुलाकात की और तेल बाजारों, परमाणु ऊर्जा समेत वैश्विक ऊर्जा मुद्दों पर उनसे चर्चा की। मुलाकात के बाद विदेश मंत्री ने कहा कि वैश्विक ऊर्जा परिदृश्य के उनके आकलन और भारत के विकास में उनके समर्थन की सराहना करता हूं।*

# बीएम-04 मिसाइल से भारतीय सेना की ताकत में होगा बड़ा इजाफा

मिसाइल की मारक क्षमता 400 से 1500 किलोमीटर

## शॉर्ट रेंज मिसाइल तैयार करेगा डीआरडीओ, सरकार ने दी मंजूरी

30 मीटर से कम की सटीकता पर लक्ष्य तबाह


शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल बीएम-04

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) भारतीय सेना के लिए एक और नया हथियार तैयार करने वाला है। डीआरडीओ अब बीएम-04 मिसाइल बनाने जा रहा है, जोकि एक शॉर्ट रेंज बैलिस्टिक मिसाइल है। इसे तैयार करने के लिए डीआरडीओ को सरकार से मंजूरी मिल चुकी है।

### पिनाका और अग्नि मिसाइलों के बीच की कैटेगरी

मिसाइल भारतीय सेना की ताकत में बड़ा इजाफा करने वाली है। मिसाइल पर काम पूरा होने के बाद इसकी टेस्टिंग की जाएगी। रेंज के मामले में पिनाका रॉकेट और अग्नि मिसाइलों के बीच की कैटेगरी में बीएम-04 को रखा गया है। दरअसल पिनाका की रेंज काफी कम होती है, जबकि अग्नि मिसाइलों की रेंज ज्यादा होती है।

### दुश्मन के लिए काल साबित होगी

*बीएम-04 मिसाइल दुश्मन के लिए काल साबित हो सकती है। ये मिसाइल उनके इलाकों में बिना न्यूक्लियर लिमिट को पार किए मिलिट्री इंफ्रास्ट्रक्चर, कमांड सेंटर, एयरबेस और लॉजिस्टिक्स हब को नेस्तानबूत कर सकती है। इसके विकास से टैक्टिकल बैटलफील्ड रॉकेट और स्ट्रेटेजिक न्यूक्लियर-कैपेबल मिसाइल के बीच का गैप पूरा हो जाएगा। दो फेज वाले सॉलिड प्रोपल्शन सिस्टम का इस्तेमाल करने वाली बीएम-04 का वजन 11,500 किलो होगा। इसमें एक हाइब्रिड नेविगेशन सूट होगा जो इनर्टियल सिस्टम को सैटेलाइट से कनेक्ट करेगा। लगभग 1000 किमी की दूरी पर ये मिसाइल 30 मीटर से कम की सटीकता के साथ निशाना लगा सकती है। इसका मतलब है कि मिसाइल अपने लक्ष्य के 30 मीटर के आस-पास ही गिरती है।*

### आईआरएफ बनाने की तैयारी में भारत

बीएम-04 खास फिक्स्ड-विंग कॉन्फिगरेशन वाली मिसाइल होगी। ये अपने आखिरी फेज के दौरान बचाव के लिए रास्ता तेजी से बदल सकती है। आने वाले वक्त में भारत इंटीग्रेटेड रॉकेट फोर्स (आईआरएफ) बनाने की कोशिश में है। अगर ये तैयार हो गए तो ब्रह्मोस, बीएम-04, पिनाका का एक प्लेटफार्म तैयार होगा।

### मिसाइल की विशेषताएं

वजनः करीब 11,500 किलो, लंबाईः लगभग 10.2 मीटर, चौड़ाईः 1.2 मीटर, वारहेडः 500 किलो विस्फोटक, प्रोपल्शनः दो स्टेज का सॉलिड फ्यूल। इससे लॉन्च जल्दी और आसान होता है।

जेएनयू में हिंसा की छठी बरसी पर नारे

## प्रशासन बोला किया गलत काम 'एफआईआर' दर्ज करे पुलिस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगों के आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम को बेल देने से इंकार कर दिया है। इसके बाद जेनएयू कैंपस में छात्रों के एक समूह ने पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के विवादित और भड़काऊ नारे लगाए गए। कैंपस की तरफ से चिट्ठी में बताया गया है कि 5 जनवरी को रात करीब 10 बजे जेनएयूएसयू से जुड़े छात्रों द्वारा कैंपस के साबरमती हॉस्टल के बाहर एक कार्यक्रम मनाया गया था। ये कार्यक्रम 5 जनवरी 2020 को जेनएयू में हुई हिंसा की छठी बरसी मनाने की याद में था। कुछ छात्रों ने आपत्तिजनक, भड़काऊ और विवादित नारे लगाए गए। इसमें कोर्ट की अवमानना भी शामिल रही। इनमें कुछ छात्रों की पहचान हो गई है, जिनके नाम कैंपस की तरफ से दिल्ली पुलिस को लिखी गई चिट्ठी में बताए गए हैं।


नारेबाजी करते छात्र

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

# राजगढ़ में 2... भोपाल में 3.8 डिग्री



भोपाल की कमला पार्क रोड का दृश्य, शाम 4:25 बजे

## आधा दर्जन जिलों में दृश्यता शून्य के करीब, जमी कोहरे की बूंदें भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित अधिकांश जिलों में मंगलवार को मौसम कुछ साफ होते ही रात के तापमान में तेजी से गिरावट रही। भोपाल में सीजन का सबसे कम रात का पारा 3.8 डिग्री रहा। यह नॉर्मल से 6.4 डिग्री कम है। पिछले साल 8 जनवरी को 3.6 डिग्री तक रहा है।

यहां सीवियर कोल्ड वेव के साथ रात से सुबह तक घना कोहरा रहा। भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में विजिबिलिटी शून्य तक रही। पश्चिमी विक्षोभ अब आगे बढ़ने से गुरुवार से भोपाल सहित अधिकांश जिलों में तेज सर्दी और घने कोहरे से कुछ राहत रहेगी। लेकिन कुछ जिलों में कड़ाके की सर्दी जारी रहेगी। बर्फीली हवाओं के असर से प्रदेश में सबसे कम रात का पारा राजगढ़ में 2 डिग्री रहा, जबकि शहडोल के कल्याणपुर में 2.8 डिग्री दर्ज हुआ। रायगढ में अलसुबह कोहरे की बूंदें बर्फ की तरह जम गईं। कुछ जिलों में कोल्ड डे के साथ कोल्ड वेव रहने से कुछ जिलों में अब पाला भी पड़ सकता है। भोपाल सहित आधा दर्जन जिलों में दृश्यता शून्य के करीब रही। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद कुछ राहत रहेगी।

### भोपाल से गुजरने वाली ट्रेनें 16 घंटे तक लेट

घने कोहरे और खराब मौसम का असर मंगलवार को भी रेल यातायात पर बना रहा। भोपाल से होकर गुजरने वाली ज्यादातर लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों देरी से पहुंची। इसमें जहां प्रीमियम श्रेणी की ट्रेनें दुरंतो एक्सप्रेस 16 घंटे तो शताब्दी व राजधानी एक्सप्रेस श्रेणी कई ट्रेनें भी 3 से चार घंटे की देरी से पहुंची।

भोपाल में सीवियर कोल्ड वेव, घना कोहरा, सीजन की सबसे ठंडी रात कल के बाद राहत

शहडोल में 2.8, शाजापुर में 3.7, मंदसौर में 3.8 व सीहोर में 3.9 डिग्री पर रहा पारा

### यहां दृश्यता शून्य के करीब

भोपाल, राजगढ़, रायसेन, दतिया, ग्वालियर, खजुराहो, नौगांव और रीवा में सुबह घने से अति घना कोहरा रहने से दृश्यता 50 से 200 मीटर तक रही। इसके साथ ही प्रदेश के उत्तरी और उत्तर पूर्वी हिस्सों में कोहरे का असर अधिक रहा है।

### यहां डेंस फॉग, कोल्ड डे, कोल्ड वेव

बुधवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, टीकमगढ़, निवाड़ी में डेंस फॉग, छतरपुर में अति घना कोहरा और शीतलहर, भोपाल में घना कोहरा और शीतलहर रहेगी।

---

## खबर संक्षेप

### कटियार ने अयोध्या से चुनाव लड़ने के दिए संकेत

**अयोध्या।** उप्र में 2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा के फायर ब्रांड नेता और



पूर्व सांसद विनय कटियार ने बड़ा सियासी संकेत दिया है। अयोध्या में अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ हुई लंबी बैठक के बाद कटियार ने चुनाव लड़ने की तैयारी का ऐलान किया। यह बैठक बंद कमरे में घंटों तक चली। इसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर रणनीति पर मंथन हुआ।

### रेलवे का बड़ा बदलावः 1 मार्च से यूटीएस बंद, अब रेल वन

**नई दिल्ली।** 1 मार्च से अनारक्षित टिकट की बुकिंग के लिए यूटीएस मोबाइल एप पर सेवा बंद कर दी



जाएगी। इसकी घोषणा रेलवे बोर्ड ने कर दी है। इसकी जगह पर केवल 'रेलवन' ऐप ही अनारक्षित टिकटों की बुकिंग के लिए एकमात्र अधिकृत मोबाइल एप्लीकेशन के रूप मे काम करेगा। रेलवे का लक्ष्य यात्रियों को अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग ऐप से झंझट से मुक्ति दिलाना है।

### पुलिस पर हमला मामले में 29 लोगों पर केस दर्ज

**गुना।** चांचौड़ा क्षेत्र के पेंची गांव में सोमवार को पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में पुलिस ने 29



नामजद और अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, अन्य की तलाश में टीमें दबिश दे रही हैं। एसपी अंकित सोनी ने मंगलवार अस्पताल पहुंचकर घायल पुलिसकर्मियों का हाल जाना।

---

### मद्रास हाईकोर्ट ने लगाई डीएमके सरकार को फटकार- राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा नहीं करें

# तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ी पर दीप जलाने की इजाजत बरकरार

## राज्य सरकार की आपत्तियों को खारिज कर दिया

*मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर स्थित पत्थर के स्तंभ पर दीप प्रज्वलन से जुड़े मामले में डीएमके सरकार को झटका दिया है*

एजेंसी ▶▶ मदुरै

तमिलनाडु की डीएमके सरकार को मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ से बड़ा झटका लगा है। अदालत ने तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर स्थित दरगाह के पास पत्थर के स्तंभ पर दीप प्रज्वलन की अनुमति से जुड़े मामले में सरकार की आपत्तियों को खारिज कर दिया है। दीप प्रज्वलन का कार्यक्रम साल में एक बार कार्तिक मास में होता है।

मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने मंगलवार को उस आदेश को सही माना, जिसमें तिरुपरनकुंद्रम पहाड़ियों पर दरगाह के पास बने पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाने को कहा गया था। अदालत ने साफ कहा कि राज्य सरकार और हजरत सुल्तान सिकंदर बदूशा अवुलिया दरगाह की ओर से ऐसा कोई मजबूत सबूत पेश नहीं किया गया, जिससे यह साबित हो सके कि किसी भी आगम शास्त्र में वहां दीप जलाने पर रोक है। राज्य सरकार की दलीलों पर सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने कहा कि यह मानना हैरान करने वाला और समझ से परे है कि साल में सिर्फ एक दिन देवस्थानम के लोग पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाएं और उससे कानून-व्यवस्था बिगड़ जाए।

170 पन्नों का फैसला दिया- किसी भी आगम शास्त्र में वहां दीप जलाने पर रोक नहीं



फाइल फोटो

**अदालत ने कहा** *कि यह मानना हैरान करने वाला और समझ से परे है कि साल में सिर्फ एक दिन देवस्थानम के लोग पत्थर के स्तंभ पर दीप जलाएं और उससे कानून-व्यवस्था बिगड़ जाए*

**सिंगल बेंच के** *जज स्वामीनाथन के खिलाफ डीएमके व कांग्रेस मिलकर 120 सांसदों के दस्तखत से महाभियोग का प्रस्ताव लाई थी*



### ऐसी स्थिति तभी बन सकती है, जब खुद राज्य इसे बढ़ावा दे

*कोर्ट ने आगे कहा कि ऐसी स्थिति तभी बन सकती है, जब खुद राज्य इसे बढ़ावा दे। अदालत ने यह उम्मीद भी जताई कि कोई भी सरकार किसी राजनीतिक फायदे के लिए ऐसा नहीं करेगी। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि पत्थर के स्तंभ को दरगाह की संपत्ति बताने के दावे से अदालत के सामने बताई गई सुलह या मध्यस्थता की कोशिशों पर भी शक पैदा होता है। कोर्ट ने फैसले के शुरु में बाइबिल का जिक्र किया और फैसले के अंत में भी बाइबिल का जिक्र किया।*

### नहीं माना गया था आदेश

यह मामला 1 दिसंबर 2025 को सिंगल जज के उस आदेश से जुड़ा है, जिसमें तिरुपरंकुंद्रम स्थित अरुल्मिगु सुब्रमण्यम स्वामी मंदिर के लोगों को कार्तिगई दीपम के दिन पहाड़ी की चोटी पर बने दीपथून पर दीप जलाने को कहा गया था। लेकिन उस दिन इस आदेश का पालन नहीं हो सका। इसके बाद उसी दिन सिंगल जज ने भक्तों को खुद पहाड़ी पर जाकर दीप जलाने की इजाजत दे दी, फिर भी दीप नहीं जलाया गया। इसके बाद अदालत की अवमानना से जुड़ी कार्रवाई शुरू की गई, जो अभी चल रही है। सिंगल जज के इस आदेश के खिलाफ राज्य सरकार, पुलिस, दरगाह प्रबंधन और तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने हाईकोर्ट की खंडपीठ में अपील की। राज्य सरकार का कहना था कि दीप जलाना कोई कानूनी अधिकार नहीं है और हाईकोर्ट संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत किसी पुराने रिवाज में बदलाव नहीं कर सकता।

---

### आवारा कुत्तों के मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

# इतने अधिक आवेदन तो इंसानों के मामलों में भी कभी नहीं आते

**इस मामले में** ***आज भी होगी सुनवाई, तीन जजों की विशेष पीठ सुनेगी***



फाइल फोटो

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आवारा कुत्तों के मामले में उसके समक्ष दायर किए जा रहे अंतरिम आवेदनों की संख्या पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने कहा कि आमतौर पर इंसानों से जुड़े मामलों में भी इतनी अधिक संख्या में आवेदन नहीं आते हैं। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने ये टिप्पणियां तब कीं, जब दो वकील ने उनके सामने आवारा कुत्तों का मामला उठाया। एक वकील ने कहा कि उन्होंने इस मामले में एक अंतरिम याचिका दायर की है। इस पर जस्टिस मेहता ने टिप्पणी करते हुए कहा कि इंसानों से जुड़े मामलों में भी आमतौर पर इतनी अधिक संख्या में याचिकाएं नहीं आतीं। पीठ ने कहा कि आवारा कुत्तों के मामले में बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई की जाएगी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संदीप मेहता और जस्टिस एनवी अंजारी की तीन जजों वाली विशेष पीठ बुधवार को इस मामले की सुनवाई करेगी।

### पिछले साल नवंबर में कोर्ट ने दिए थे ये निर्देश

शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में 'चिंताजनक वृद्धि' को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट ने पिछले साल 7 नवंबर को आवारा कुत्तों को उचित नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित करने का निर्देश दिया था। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस प्रकार पकड़े गए आवारा कुत्तों को उस स्थान पर वापस नहीं छोड़ा जाएगा, जहां से उन्हें पकड़ा गया था। कोर्ट ने अधिकारियों को राज्य राजमार्गों, राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे से सभी मवेशियों और अन्य आवारा पशुओं को हटाने का निर्देश दिया।

---

### तेलंगाना से अयोध्या जा रहे थे श्रद्धालु

# उज्जैन में तेज रफ्तार कार ट्रॉले में घुसी, 3 की मौत

ट्रॉले वाले ने अचानक लगा दिए थे ब्रेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



क्षतिग्रस्त कार

उज्जैन में देवास रोड पर मंगलवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। तेलंगाना से अयोध्या जा रहे श्रद्धालुओं की टैंपो ट्रैक्स पाइप से भरे ट्रॉले से जा भिड़ी। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि एक बालक सहित 5 लोग घायल हो गए।

### मंडला में नाबालिग से 7 ने किया गैंगरेप

# अलग-अलग जगह होटलों में लेकर गए, 5 आरोपी धरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडला

■ 5 आरोपियों में 2 नाबालिग भी शामिल

मंडला में एक नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में कुल 7 आरोपी हैं। इसमें से 2 नाबालिग हैं। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली थाना क्षेत्र की 15 साल की एक किशोरी 26 दिसंबर को घर से लापता हो गई थी।



फाइल फोटो

### प्रमोशन में आरक्षण पर डेढ़ घंटे तक चली हाईकोर्ट में बहस

# अजाक्स की दलील...नए नियम में एससी एसटी वर्ग के लिए मेरिट पर प्रमोशन का प्रावधान नहीं

प्रमोशन नियम 2025 के नियम को बताया असंवैधानिक अगली सुनवाई 13 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

प्रदेश के कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए बनाए नियम को चुनौती देने वाले मामले में मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अजाक्स की ओर से तर्क दिया गया कि इस नियम में एससी एसटी वर्ग के लिए मेरिट पर प्रमोशन से संबंधित कोई भी प्रावधान मौजूद नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के कई न्यायदृष्टांतों का हवाला देते हुए करीब डेढ़ घंटे तक दलीलें रखी गईं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने शेष बहस के लिए अगली सुनवाई 13 जनवरी को तय की है। अजाक्स की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ. केएस चौहान एवं रामेश्वर सिंह ठाकुर ने प्रमोशन नियम 2025 के नियम 11 (1,2,3) सहित अन्य नियम को पूर्णतः असंवैधानिक बताया।



फाइल फोटो

### प्रमोशन के नियमों में क्रीमिलेयर का सवाल ही नहीं

यह तर्क भी दिया गया कि प्रमोशन के नियमों में क्रीमिलेयर न तो सैद्धांतिक के रूप से और न ही व्यवहारिक रूप से लागू किया जा सकता है। इस संबंध में कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में मौजूद कर्मचारी के प्रस्तुत डेटा के मुताबिक आरक्षित वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। एससी एसटी की कुल आबादी मध्य प्रदेश में 36 प्रतिशत है जिनका उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व 7 से 18 प्रतिशत की है।

---

### मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा-जयपुर में बनेगा बड़ा डेटा सेंटर, जल्द होगा भूमिपूजन

राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के तहत आयोजित एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस में बोले

# भारत में 365 दिन में तैयार होंगे 'एआई' के 10 लाख धुरंधर

एजेंसी ▶▶ जयपुर

जयपुर में बड़ा डेटा सेंटर बनेगा। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा- इसका जल्द ही भूमि पूजन किया जाएगा। वैष्णव ने कहा कि लघु उद्योग भारती के माध्यम से 5 हजार युवाओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। वैष्णव जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट-2026 के तहत आयोजित एआई इम्पैक्ट कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।



अश्विनी वैष्णव

### स्टैनफोर्ड एआई इंडेक्स में भारत टॉप-3 में शामिल

वैष्णव ने कहा- स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की ओर से जारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंडेक्स में भारत को टॉप-3 देशों में शामिल किया गया है। इस इंडेक्स में चीन, अमेरिका और भारत को एआई के इनोवेशन, उपयोग, डेवलपमेंट व रिसर्च के लिए दुनिया के प्रमुख देशों के रूप में पहचाना गया है।

### मोबाइल की तरह एआई का इस्तेमाल हर कोई करेगा

केंद्रीय राज्य मंत्री, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी जितिन प्रसाद ने कहा क्ि एआई ऐसी टेक्नोलॉजी है, जिसकी लोगों ने पहले कल्पना भी नहीं की थी। आज गांव-गांव, हर हाथ में मोबाइल है। उसी तरह एआई भी बहुत तेजी से लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन रहा है। उन्होंने कहा कि एआई सिर्फ बड़े शहरों या बड़े लोगों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका फायदा समाज की आखिरी पंक्ति तक खड़े लोगों तक पहुंचेगा।

**सार्वजनिक सूचना**

**वैल्वोलीन कमिंस प्राइवेट लिमिटेड**

पंजीकृत कार्यालय: 315, तीसरी मंज़िल, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर बाराखंभा रोड, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली, भारत, 110001
कॉर्पोरेट पहचान संख्या: U74899DL1994PTC062425, ग्राहक सेवा संख्या: 1800 266 2555

**वैल्वोलीन कमिंस प्राइवेट लिमिटेड ("कंपनी")** को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि उसने **12/08/2025** से जबलपुर, मध्य प्रदेश में लुब्रिकेंट्स, ऑयल, ग्रीस, गियर ऑयल और अन्य संबद्ध उत्पादों आदि (सामूहिक रूप से "वैल्वोलीन उत्पाद") की श्रृंखला के साथ हमारे रिटेल ग्राहकों की सेवा के लिए एक नया डिस्ट्रिब्यूटर नियुक्त किया है। हमारे रिटेल ग्राहकों के लिए नए डिस्ट्रिब्यूटर का विवरण इस प्रकार है:

नाम: कटारिया ऑटो सेल्स
पता: दुकान नं. 10 जबलपुर बस स्टेशन, ओल्ड बस स्टैंड, होटल शौक मार्केट, राइट टाउन
फोन नंबर: 7697777998
ईमेल आईडी: kataria.adarsh77@gmail.com

यदि किसी ग्राहक या व्यक्ति को इस सूचना के संबंध में कोई प्रश्न पूछना हो, तो कृपया उपर्युक्त विवरण पर कंपनी / डिस्ट्रिब्यूटर से संपर्क करें।
यह संचार सम्मानित ग्राहकों और आम जनता की जानकारी, ज्ञान और हित में जारी किया गया है।

325498

# अपने आइडिया को जमीन पर उतारिए, हमारी सरकार है निवेशकों के साथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र विकास के सभी सेक्टर्स में लगातार आगे बढ़ रहा है। प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर कई बड़े पुरस्कार मिले हैं। पिछले दो साल में मप्र में दो नए टाइगर रिजर्व बनाए हैं। मप्र टाइगर और वल्चर स्टेट तो है ही, हमारी धरती पर चीता भी तेजी से अपना कुनबा बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार निवेशकों और उद्योगपतियों को प्रोत्साहित करने के लिए शासकीय कामकाज को और भी सरल, सहज, पारदर्शी, आसान और सहयोगी बना रही है। उन्होंने कहा कि आप सभी आइडिया को जमीन पर उतारिए, हमारी सरकार हमेशा आपके साथ है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को पिंक सिटी जयपुर में राजस्थान डिजीफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट 2026 में मप्र सेशन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि मप्र सरकार इस प्रतिष्ठित ग्लोबल समिट में 'स्टेट पार्टनर' के रूप में सहभागिता कर रही है।

उन्होंने कहा कि मप्र, देश का सबसे युवा राज्य है। मप्र टाइगर स्टेट है, चीता स्टेट है, फारेस्ट स्टेट है, मिनरल स्टेट है, बिजली सरप्लस स्टेट है। अब देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट भी बन गया है। उन्होंने कहा कि मप्र वर्ष 2025 में सबसे ज्यादा निवेश पाने वाला देश का तीसरा राज्य बना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मप्र अनंत अवसर और संभावनाएं लिए हुए है। देश के मध्य में होने के कारण मप्र व्यापार, व्यवसाय, उद्योग-धंधे और स्टार्ट-अप्स लगाने से लेकर अपने उत्पाद को निर्यात करने के लिए एक अनुपम केंद्र बन रहा है। इससे पहले मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने राजस्थान डिजिफेस्ट-टाई ग्लोबल समिट के मप्र सेशन का शुभारंभ किया। अपर मुख्य सचिव, विज्ञान एवं तकनीकी संजय दुबे ने मप्र की बेजोड़ खूबियों पर प्रकाश डाला।

**खास बातें**

- मुख्यमंत्री ने जयपुर में निवेशकों को मप्र में निवेश के लिए किया आमंत्रित
- देश का सबसे बेहतर इन्वेस्टमेंट फ्रेंडली स्टेट है मध्यप्रदेश
- देश के दिल से जुड़ें, मध्यप्रदेश है अनंत संभावनाओं का केंद्र
- हम निवेशकों के लिए स्थापित कर रहे हैं आदर्श

## निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध



सीएम ने राजस्थान डिजीफेस्ट-टीआईई ग्लोबल समिट-2026 के मप्र राज्य सत्र को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पीपीपी मोड पर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल खोलने की शुरुआत की है। इससे प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं को गति मिलेगी और हमें पर्याप्त संख्या में डॉक्टर्स भी मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिन्यूएबल एनर्जी, ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, फूड प्रोसेसिंग, फार्मा, आईटी और पेट्रो केमिकल्स जैसे सभी प्रमुख सेक्टर्स में निवेश के व्यापक अवसर उपलब्ध हैं। उन्होंने निवेशकों को औद्योगिक सहयोग के साथ-साथ शिक्षा, अनुसंधान, संस्कृति, कौशल विकास, अवसंरचना और पर्यटन में साझेदारी के लिए आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने निवेशकों को विश्वास दिलाया कि वे निवेशकों के साथ दीर्घकालिक साझेदारी के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

### उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ व्यक्तिगत बैठक की

सीएम ने सीईओ, निवेशकों तथा वैश्विक उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर प्रदेश में रणनीतिक निवेश के अवसरों की संभावनाओं पर चर्चा की। दुबई के टेलीकॉम ग्रुप के कार्यकारी उपाध्यक्ष अम्मार अल मलिक के साथ चर्चा संस्थागत सहयोग पर केंद्रित रही। विशेष रूप से प्रस्तावित भोपाल एआई नॉलेज सिटी के विकास तथा मध्यप्रदेश स्थित टेक्नोलॉजी कंपनियों को वैश्विक बाजारों तक पहुंच प्रदान करने पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

## निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण



निवेशकों व उद्योगपतियों से मिलते मुख्यमंत्री।

सीईओ इम्प्लेटस टेक्नोलॉजीज संजीव अग्रवाल ने कहा कि वे पिछले 32 वर्षों से मप्र में कार्यरत हैं। उस समय राज्य में आईटी इको सिस्टम की शुरुआत हो रही थी। मप्र सरकार का व्यावहारिक सहयोग, लागत-प्रभावशीलता पर जोर और गुणवत्तापूर्ण प्रतिभा पर ध्यान, ये सभी कारक मिलकर निवेश और विकास के लिए अत्यंत अनुकूल वातावरण का निर्माण करते हैं। अग्रवाल ने कहा कि आज राज्य वैश्विक ग्राहकों के साथ सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है और निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। यदि कोई निवेशक सतत विकास, सरकारी सहयोग और विश्वसनीय पारिस्थितिकी तंत्र की तलाश में है, तो मप्र इसके लिए सबसे उपयुक्त और आदर्श स्थान है।

### मप्र के तेजी से विकसित हो रहे स्टार्ट-अप

समिट में एक विशेष एमपी पेवेलियन स्थापित किया गया, जिसमे राज्य के प्रमुख स्टार्ट-अप्स एवं कंपनियों को प्रदर्शित किया गया। इस पेवेलियन में किंट्सुगी बिजनेस लैब्स प्राइवेट लिमिटेड, थ्रीवे स्टूडियो प्राइवेट लिमिटेड, कॉमन स्कूल एसए डिजिटल, यंगोवेटर एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड तथा ज़ांगोह सहित कई प्रदर्शक शामिल थे। प्रौद्योगिकी, शिक्षा, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स और उभरते क्षेत्रों में अपने अभिनव समाधानों का प्रदर्शन किया।

## मध्यप्रदेश में सड़क परियोजनाओं की प्रगति के प्रयासों की केंद्रीय मंत्री ने की सराहना

दिल्ली में हुए मंथन से सड़क नेटवर्क विस्तार को मिलेगी गति

# केंद्र व राज्य के बेहतर समन्वय से सड़क परियोजनाओं के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश में आई उल्लेखनीय रफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सिंहस्थ-2028 को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तावित सड़क परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिंहस्थ जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन के लिए सुदृढ़, सुरक्षित और सुगम सड़क कनेक्टिविटी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने मप्र में सड़क परियोजनाओं की संतोषजनक प्रगति के लिए राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य के बेहतर समन्वय से सड़क परियोजनाओं के क्रियान्वयन में उल्लेखनीय गति आई है। यह बात केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री गडकरी ने मप्र देश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, सुदृढ़ीकरण एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को नई गति प्रदान करने के उद्देश्य से दिल्ली में समीक्षा बैठक में कही। बैठक में केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव एवं मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर भी शामिल हुए। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के तहत ब्यूटीफिकेशन, ब्रिज निर्माण, पुलिया निर्माण तथा ब्लैक स्पॉट रेक्टिफिकेशन जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सड़कें केवल यातायात का माध्यम नहीं, बल्कि क्षेत्रीय विकास और जनसुविधा का आधार होती हैं, इसलिए इनके सौंदर्यीकरण और सुरक्षा उपायों पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि दुर्घटना संभावित स्थलों की पहचान कर प्राथमिकता के आधार पर सुधारात्मक कार्य किए जाएं।

## सड़क निर्माण की गुणवत्ता को दें सर्वोच्च प्राथमिकता



केंद्रीय मंत्री से भेंट करते मुख्यमंत्री।

केंद्रीय मंत्री गडकरी ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सड़क परियोजनाओं में वृक्ष कटाई को न्यूनतम रखते हुए आधुनिक तकनीकों के माध्यम से ट्री ट्रांसप्लांट को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जिससे विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण भी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कॉन्ट्रैक्टर्स से सीधे संवाद कर प्रत्येक परियोजना की समीक्षा की और कहा कि सभी कार्य निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप ही किए जाएं। केन्द्रीय मंत्री गडकरी ने पेचवर्क सहित सड़क रख-रखाव कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि टोल टैक्स वाली सड़कों की स्थिति उत्कृष्ट होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यदि किसी टोल रोड पर सड़क की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं पाई जाती है, तो संबंधित टोल संचालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने लंबित परियोजनाओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश देते हुए समयबद्धता को सर्वोच्च प्राथमिकता देने पर बल दिया।



केंद्रीय मंत्री गडकरी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

### दिल्ली में हुआ मंथन राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन की गति और गुणवत्ता करेंगी सुनिश्चित

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह मंथन बैठक केंद्र एवं राज्य सरकार के बीच संस्थागत समन्वय को और अधिक सुदृढ़ करेगी तथा राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के क्रियान्वयन में गति और गुणवत्ता दोनों सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि इस समीक्षा के माध्यम से लंबित एवं प्रगतिरत परियोजनाओं से जुड़ी व्यावहारिक चुनौतियों-जैसे भूमि अधिग्रहण, पर्यावरणीय स्वीकृतियां, निर्माण गुणवत्ता और समयबद्धता-पर समन्वित निर्णय लिए गए हैं, जिससे कार्यों को शीघ्रता से धरातल पर उतारा जा सकेगा।

## सुरक्षित सड़क नेटवर्क प्रदेश की आर्थिक प्रगति

सीएम ने कहा कि एक मजबूत, आधुनिक और सुरक्षित सड़क नेटवर्क प्रदेश की आर्थिक प्रगति की आधारशिला है। राष्ट्रीय राजमार्गों के सुदृढ़ीकरण से न केवल आवागमन सुगम होगा, बल्कि व्यापार, लॉजिस्टिक्स, कृषि विपणन और रोजगार सृजन को भी नया प्रोत्साहन मिलेगा। सीएम ने विश्वास व्यक्त किया कि केंद्र सरकार के सहयोग और राज्य सरकार की सक्रिय भूमिका से प्रदेश में सड़क अवसंरचना को नई दिशा मिलेगी तथा आम नागरिकों को सुरक्षित, सुगम और विश्वस्तरीय यातायात सुविधाओं का लाभ प्राप्त होगा।

### निर्माण कार्य तेज़ गति से प्रगति पर

लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा किराज्य में सड़क नेटवर्क को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का निर्माण कार्य तेज़ गति से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं से आवागमन सुगम होगा, आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और आम नागरिकों को बेहतर परिवहन सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

## समीक्षा बैठक में ये भी रहे प्रमुख बिन्दु

समीक्षा बैठक में अवगत कराया गया कि मप्रमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की कोई भी परियोजना तीन वर्ष से अधिक समय से लंबित नहीं है। केंद्रीय मंत्री गडकरी ने खंडवा बायपास, जबलपुर रिंग रोड, इंदौर-हरदा, रीवा बायपास सहित प्रदेश की सभी प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि वर्तमान में मप्र में एनएचएआई के तहत 33 तथा MoRTH-पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत 28 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं प्रगतिरत हैं।

## पहाड़ी क्षेत्रों में छिपाकर रखे थे हथियार

# सुरक्षा बलों को मिली बड़ी कामयाबी नक्सलियों का एक बड़ा डम्प बरामद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

केरलापाल थाना अंतर्गत नवीन कैंप गोगुंडा क्षेत्र में सुरक्षाबलों ने नक्सल विरोधी अभियान के दौरान एक बड़ी सफलता हासिल की है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार चलाए जा रहे एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत, पुलिस बल की टीम ने जंगल और पहाड़ी इलाकों में छिपाकर रखे गए नक्सलियों के एक बड़े डम्प को बरामद किया है।

यह डम्प सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने की नीयत से छुपाया गया था। पांच जनवरी 2026 को जिला पुलिस बल की टीम ने नवीन कैंप गोगुंडा से सर्च ऑपरेशन शुरू किया था। दुर्गम जंगल और पहाड़ी क्षेत्रों की तलाशी के दौरान, सुरक्षाबलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाए गए हथियारों, गोला-बारूद, विस्फोटकों और दैनिक उपयोग की सामग्री का एक बड़ा जखीरा बरामद किया।

### खतरनाक और घातक हथियार बरामद

*बरामद सामग्री में देशी कट्टा, .315 राइफल के जिंदा राउंड, .303 के जिंदा राउंड चार्जर सहित, 12 बोर के जिंदा राउंड, टेलिस्कोप (डे-विजन एसएसआर), गन पाउडर काला व सफेद, जिलेटिन रड, इलेक्ट्रॉनिक डेटोनेटर, नकली वर्दी, कॉर्डेक्स वायर, बिजली तार, सेट चार्जर, मोटोरोला वॉकी-टॉकी बैटरी, वायरलेस एंटीना, मल्टीमीटर, कैलकुलेटर, स्विच, राइफल स्लिंग, पिट्ठू, पोच, नक्सल साहित्य, स्टील टिफिन, ड्रम, काला कपड़ा तथा अन्य भारी मात्रा में दैनिक उपयोगी सामग्री शामिल है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जिले में लगातार चलाए जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियानों से नक्सली संगठन को भारी नुकसान पहुंच रहा है। सुरक्षाबलों का मानना है कि माओवादियों के पास अब हिंसा छोड़कर शांति और विकास के मार्ग को अपनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है।*

# जीरामजी पर आर-पार की लड़ाई: भाजपा का जनजागरण अभियान, कांग्रेस ने विरोध में ग्राम पंचायत तक दी दस्तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दो दशक पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को निरस्त करने और उसकी जगह विकसित भारत-जीरामजी (गारंटी फार रोजगार एंड आजीविका मिशन, ग्रामीण) को लेकर प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस विरोध और समर्थन में अपने-अपने स्तर पर अभियान चलाने जा रही है। भाजपा जहां हर स्तर पर जनजागरण चलाएगी, वहीं कांग्रेस इसके विरोध में व्यापक आंदोलन करने की तैयारी में हैं। भाजपा जीरामजी को लेकर सक्रिय है। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज अपने बयानों में इस योजना को बेहतर बता रहे हैं।

### दिग्विजय की यात्रा आज

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह भी सक्रिय हो गए हैं। सोमवार सुबह वे सीहोर जिले के इछावर के गांव खेरी के लोगों से मिले और इस अधिनियम में किए गए बदलावों की जानकारी दी। वहीं प्रदेश भाजपा जीरामजी के लिए व्यापक पैमाने पर जनजागरण चलाने की तैयारी कर रही है। जनजागरण अभियान हर एक पंचायत तक चलाने की योजना है। जिसमें वह बताएगी कि इसमें मनरेगा से बेहतर और मजदूरों के लिए क्या-क्या फायदे हैं। साथ ही यह भी बताएगी कि अब इसमें किसानों को लेबर नहीं मिलने की परेशानी नहीं होगी।

### कांग्रेस घर-घर जाकर देगी जानकारी



जीतू पटवारी

जीरामजी में 40 प्रतिशत हिस्सेदारी राज्य सरकारों की कर दी है। प्रदेश सरकार हर दिन 200 करोड़ रुपए कर्ज ले रही है। मध्य प्रदेश की अर्थ व्यवस्था क्या इसका 40 प्रतिशत भार उठा पाएगी। कांग्रेस यह बात ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर जाकर बताएगी।

**- जितेंद्र जीतू पटवारी, प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस**

### राम का नाम आने से विरोध



रजनीश अग्रवाल।

इसमें भगवान राम का नाम आ गया इसलिए कांग्रेस इसका विरोध कर रही है। जबकि कांग्रेस के नेता जानते हैं कि अब यह योजना और प्रभावी होगी। भाजपा भी जनजागरण करेगी और गांव-गांव में जाकर बताएगी कि यह योजना पहले से कितनी प्रभावी है।

**रजनीश अग्रवाल, प्रदेश मंत्री भाजपा**

## भाजपा प्रदेश प्रभारी ने दतिया एवं ग्वालियर में की बैठकें

# बूथ की मजबूती से संगठन सशक्त और चुनावी विजय सुनिश्चित: डॉ. महेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने सोमवार को दतिया में दतिया, भाण्डेर, सेवढ़ा एवं ग्वालियर ग्रामीण जिले के डबरा में भितरवार, डबरा व ग्वालियर ग्रामीण विधानसभाओं की अलग-अलग संयुक्त बैठके की। प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी केवल सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का एक वैचारिक और सामाजिक आंदोलन है। इस आंदोलन की आत्मा उसका समर्पित कार्यकर्ता है, जो अनुशासन, सेवा और संगठन के मूल मंत्र को लेकर समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचता है। कार्यकर्ता को भाजपा की विचारधारा का संवाहक बनकर सरकार की योजनाओं, संगठन के संदेश और राष्ट्रहित के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाना होगा। बूथ की मजबूती और संगठन की शक्ति से ही चुनावों में ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित होती है, इसलिए आप सभी कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों में संगठन को और मजबूती देने के लिए कार्य करें।

### भाजपा की सबसे बड़ी ताकत अनुशासन, आपसी समन्वय

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने बूथ स्तर की भूमिका को संगठन की सबसे मजबूत कड़ी बताते हुए कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन की पहचान है और वही चुनावी विजय की आधारशिला भी है। प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ, शक्ति केंद्र, मंडल और विधानसभा स्तर पर नियमित संपर्क, बैठक, संवाद और सेवा गतिविधियों के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत बनाना होगा। भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह ने कहा कि संगठनात्मक अनुशासन और आपसी समन्वय के साथ कार्य करना ही भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है।

## तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से मारी पिकअप को टक्कर

# सड़क हादसे में तीन ग्रामीणों की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बस्तर

जिले के दरभा थाना क्षेत्र के जीरम घाटी में मंगलवार की सुबह एक भीषण सड़क दुर्घटना हुई। तेज रफ्तार ट्रक ने सामने चल रहे पिकअप को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी, जिसमें तीन ग्रामीणों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य घायल हो गए। घायलों को बेहतर उपचार के लिए दरभा स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया है।

जानकारी के अनुसार दुर्घटना सुबह करीब 11 बजे जीरम घाटी के पास हुई। जगदलपुर की ओर से लगभग सात ग्रामीण सवार होकर पखनार बाजार जा रहे थे। इसी मार्ग पर सुकमा की ओर जा रहे एक ट्रक ने अपना नियंत्रण खो दिया और पिकअप को पीछे से टक्कर मार दी। इस भीषण भिड़ंत में तीन ग्रामीणों की तत्काल मृत्यु हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घाटी में यातायात जाम हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

### हादसे के बाद लोगों में गुस्सा




**जीरम घाटी में हादसा**

मृतकों के परिजनों से संपर्क कर उन्हें घटना की जानकारी दी गई है। इस दुर्घटना के बाद इलाके के लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जीरम घाटी में अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं, लेकिन इस बार की दुर्घटना ने तीन जानें लील लीं। स्थानीय प्रशासन से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। पुलिस मामले की जांच कर रही है और ट्रक चालक की तलाश जारी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए आगे की जांच की जा रही है। यह घटना एक बार फिर सड़क सुरक्षा के प्रति लापरवाही का गंभीर मुद्दा उठाती है।

राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लडुवा का मामला, पुलिस कर रही मामले की जांच

# खेत से बच्चों ने मटर तोड़ी तो हाथ-पैर बांधकर पीटा, वीडियो हुआ वायरल

▶▶ बलरामपुर-रामानुजगंज

राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लडुवा से मानवता को झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां खेत से मटर तोड़ने के आरोप में गांव के छोटे बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार किया गया।

आरोप है कि बच्चों के हाथ-पैर बांधकर उनके साथ मारपीट की गई और इस दौरान सजा देने का वीडियो भी बनाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव के कुछ बच्चों पर खेत से मटर तोड़ने का आरोप लगाया गया था। इसी बात को लेकर कुछ लोगों ने बच्चों को पकड़कर उनके हाथ और पैर बांध दिए तथा उनके साथ मारपीट की। इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर उसे प्रसारित भी किया गया, जो सामने आने के बाद तूल पकड़ने लगा। घटना से आहत पीड़ित बच्चे के पिता ने राजपुर थाने में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में बच्चों के साथ की गई मारपीट और अमानवीय सजा का उल्लेख किया गया है। मामले के सामने आने के बाद गांव में आक्रोश का माहौल है और लोगों ने दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। राजपुर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि वीडियो की भी जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर संबंधित आरोपियों के खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि बच्चों के साथ इस तरह का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं है। प्रशासन और पुलिस की ओर से लोगों से अपील की गई है कि किसी भी विवाद की स्थिति में कानून अपने हाथ में न लें और कानूनी प्रक्रिया का पालन करें। साथ ही बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।



# तांबा बना रॉकेट! बढ़ी निवेशकों की दिलचस्पी, 13,000 डॉलर प्रति टन के पार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तांबे की कीमतों में मंगलवार को जबरदस्त तेजी देखने को मिल मिली। तांबे की कीमत पहली बार 13,000 डॉलर प्रति टन के आंकड़े को पार कर गए है। तांबे की सप्लाई में आई कमी के अनुमान, चिली की एक खदान में हड़ताल और गोदामों में तांबे का कम स्टॉक होने के कारण यह उछाल देखी जा रही है। वैश्विक स्तर पर भी तांबे की कीमतें आसमान छू रही है। अमेरिका में कॉमेक्स तांबे की कीमतों में 4.6 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और रिकॉर्ड 5.9005 डॉलर प्रति पाउंड या 13,008 डॉलर प्रति टन के प्राइस पर पहुंच गई है। तांबे की कीमतों में हो रहा इजाफा निवेशकों के लिए निवेश के अवसर पैदा कर रहे हैं।

## चिली की एक खदान में हड़ताल से उत्पादन प्रभावित

### सप्लाई घटने का डर बना

उत्तरी चिली में कैपस्टोन कॉपर की मंटोवर्दे कॉपर और सोने की खदान में चल रही हड़ताल पर व्यापारियों ने चिंता जताई है। उनके अनुसार तांबे की सप्लाई घटने का डर बढ़ गया है। इस खदान से 29,000 से 32,000 मीट्रिक टन तांबा उत्पादन की उम्मीद है। हालांकि यह इस साल के कुल वैश्विक उत्पादन (करीब 24 मिलियन टन) का छोटा हिस्सा है, फिर भी इससे उत्पादन पर असर पड़ने की चिंता बढ़ी है।



### भारत में तांबे की कीमतों में तेजी

मंगलवार के कारोबारी दिन तांबे की कीमतों में उछाल देखने को मिला। दोपहर करीब 12:10 बजे मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर 27 फरवरी 2026 का एक्सपायरी वाला तांबा 1350.05 रुपए पर कारोबार कर रहा था। तांबे ने दिन की शुरुआत 1338.25 रुपए पर की। वहीं इसके आखिरी दिन तांबा 1331.75 रुपए पर कारोबार करते हुए बंद हुआ था। पिछले दिन की बंद की कीमत से तांबे में करीब 18.30 रुपए की तेजी दर्ज की जा रही थी। ट्रेडिंग डे के दौरान तांबा 1355 रुपए के हाई लेवल पर पहुंचा था।

### तांबे की कीमतों में तेजी की वजह

तांबे की कीमतों में आ रही इस तेजी के पीछे लंदन मेटल एक्सचेंज (एलएमई) में तांबे के भंडार में हुई गिरावट है। जो अगस्त के अंत की तुलना में 55 फीसदी घट गया है। एलएमई में तांबे का भंडार 142,550 टन है। एलएमई सिस्टम से बाहर जाने वाला ज्यादातर तांबा अमेरिका भेजा गया है। वहां तांबे पर टैरिफ को लेकर अभी समीक्षा चल रही है। हालांकि 1 अगस्त से तांबे के आयात पर इंपोर्ट ड्यूटी में छूट देने का फैसला लिया गया था।

# शाह को हत्यारा कहने पर राहुल को किया तलब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मंगलवार को सुल्तानपुर की एमपी/एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। करीब 40 मिनट चली सुनवाई के बाद कोर्ट ने राहुल को तलब किया है। उन्हें 19 जनवरी को कोर्ट में हाजिर होने के लिए कहा है। राहुल के खिलाफ यह मामला 7 साल पहले कर्नाटक में अमित शाह के खिलाफ की गई कथित अपमानजनक टिप्पणी से जुड़ा है। राहुल ने 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान कहा था कि जो पार्टी ईमानदारी की बात करती है, उसका अध्यक्ष हत्या का आरोपी है। सुल्तानपुर के भाजपा नेता विजय मिश्र ने 4 अगस्त, 2018 को राहुल के खिलाफ मानहानि का केस दायर किया था।

राहुल इस मानहानि केस में जमानत पर चल रहे हैं। अदालत ने 2024 में दी थी जमानत गांधी ने मानहानि केस में 20 फरवरी, 2024 को गैर जमानती वारंट पर अदालत में पेश हुए थे। राहुल ने जज से कहा था, 'मैं निर्दोष हूं। मेरे खिलाफ राजनीतिक साजिश हुई है।

# बड़ी परियोजनाओं के ऐलान के बाद नहीं बिकेगी वहां की जमीन, अब भूमि का भी होगा भू-आधार

**हरिभूमि न्यूज : रायपुर।** राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, राज्य के जिस क्षेत्र में भी बड़ी परियोजनाएं आएंगी, उसकी घोषणा के बाद वहां की जमीन की खरीद बिक्री पर रोक लग जाएगी। शासन की ओर से कहा गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग हो या फिर दूसरी तरह की योजयाएं, राज्य की हो या केंद्र सरकार की योजना, उसकी घोषणा के बाद जिस क्षेत्र में इस योजना को आना है, वहां की जमीनों की खरीद बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी।

राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और उच्च शिक्षा विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा छत्तीसगढ़ शासन के 2 साल पूरे होने पर संवाददाताओं से चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा, जमीनों की खरीदी बिक्री, बड़ी परियोजनाओं के बाद प्रतिबंधित रहेगी। बड़ी परियोजनाओं के आने के बाद अक्सर वहां पर जमीनों की खरीद बिक्री, उसके टुकड़े करने और साथ ही उसकी बंदोबस्ती में बदलाव किया जाता है। ऐसा होने से परियोजना, उससे जुड़े किसान और सरकार तीनों को घाटा होता है, इसमें बिचौलिए अपना फायदा कमाते हैं। इसे देखते हुए बड़ी परियोजनाओं के ऐलान के बाद वहां की जमीन के बंदोबस्ती पूरी तरह का प्रतिबंध रहेगी, जमीन की खरीद बिक्री नहीं होगी।

### हाउसिंग बोर्ड के नाम होगी जमीन

विभाग के कामकाज के सुधारों की बात करते हुए मंत्री ने कहा, पहले हाउसिंग बोर्ड की जमीन सरकार की होती थी। सरकार के नाम जमीन एयर उस पर फ्लैट हाउसिंग बोर्ड बनाता था, जिसके कारण इसके मालिकाना हक को देने में दिक्कत आती थी। उन्होंने बताया कि यदि कोई हाउसिंग बोर्ड में जमीन खरीद लेता है या घर खरीदता है, तो मालिकाना हक नहीं होता था। बोर्ड की जमीन नहीं होने के कारण उस जमीन की बिक्री दूसरे को नहीं की जा सकती थी। सरकार ने यह निर्णय लिया है कि हाउसिंग बोर्ड के लिए जहां मकान बनेगा, उस स्थान की जमीन भी हाउसिंग बोर्ड के नाम पर ही होगी, ताकि जमीन के ट्रांसफर में किसी तरह की दिक्कत न आए। मंत्री ने कहा कि भू-अभिलेख सुधार जल्द इस सुविधा से हो जाएगा। अब राजस्व अभिलेखों में सुधार का अधिकार तहसीलदारों को दिया गया है, इससे बहुत सारे मामलों में जल्द निपटारा होगा। पहले यह अधिकार उप जिलाधिकारी के पास ही होता था। जिसके कारण मामले लंबित रखते थे, ऐसे मामले को बदलकर तहसीलदारों को भी दिए गए हैं, ताकि मामले का निपटारा जल्द से जल्द हो सके। अब किसान पुस्तिका कार्य खत्म होगा, क्योंकि अब कंप्यूटराइज्ड होने के बाद व्यवस्था ऑनलाइन हो जाएगी और ऑनलाइन व्यवस्था होने के बाद इसमें व्यापक सुधार आएगा। जमीनों के विवाद और उससे होने वाली परेशानी को लेकर कहा कि पूर्ववर्ती सरकार में जो सरकारी जमीनों का आवंटन और रजिस्ट्रेशन किया गया था, उसकी भी जांच कराई जा रही है। उसमें जो भी नियम अनुसार कार्रवाई होगी वह की जाएगी।

# 'भाजपा आईटी सेल के एप से एसआईआर करा रहा चुनाव आयोग'!

सीएम ममता बनर्जी ने लगाया गंभीर आरोप



### हर तरह के गलत कदम उठा रहा चुनाव आयोग

*उन्होंने कहा, एसआईआर कराने के लिए चुनाव आयोग हर तरह के गलत कदम उठा रहा है। वह योग्य मतदाताओं को मृत घोषित कर रहा है और बुजुर्ग, बीमार और असहाय लोगों को सुनवाई में आने के लिए मजबूर कर रहा है। वह इस काम के लिए भाजपा के आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप का इस्तेमाल कर रहा है।*

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को चुनाव आयोग पर गंभीर आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आयोग राज्य में एसआईआर अभ्यास को कराने के लिए भाजपा के आईटी सेल के बनाए मोबाइल एप्लिकेशन का इस्तेमाल कर रहा है। मुख्यमंत्री बनर्जी दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में गंगासागर मेले की तैयारियों का जायजा लेने के लिए दो दिन की यात्रा पूरी करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रही थीं। इस दौरान उन्होंने कहा, मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान चुनाव आयोग 'हर तरह के गलत तरीके' अपना रहा है।

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सुप्रीमो की ओर से यह बयान ऐसे समय में सामने आया है, जब उनकी पार्टी के सांसद डेरेक ओ'ब्रायन ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने दावा किया कि पश्चिम बंगाल में जारी एसआईआर को कराने के लिए आयोग ने मनमाने और प्रकिया के खिलाफ कदम उठाए हैं। टीएमसी ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया ने राज्य के योग्य और वास्तविक मतदाताओं की परेशानियों को काफी बढ़ा दिया है।

## ग्राहकों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद सुनिश्चित हो पाएंगे

# बीआईएस तेजी से नए मानक विकसित करेः जोशी

**एजेंसी : नई दिल्ली** केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लोगों को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद और सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) को नए मानक शीघ्रता से विकसित करने तथा परीक्षण प्रयोगशालाओं का आधुनिकीकरण करने का मंगलवार को आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि बीआईएस गुणवत्ता मानकों की व्यवस्था को कुशलतापूर्वक विनियमित कर रहा है लेकिन अब उसे एक ऐसा अनुकूल माहौल बनाने पर भी ध्यान देना चाहिए जहां विनिर्माण उद्योग स्वयं कुछ मानकों से नीचे के उत्पाद न बनाए।

### बीआईएस चिन्ह भरोसे का प्रतीक बना

जोशी ने कहा, '' बीआईएस चिह्न कई क्षेत्रों में भरोसे का प्रतीक बन गया है जो कृषि, विनिर्माण और प्रौद्योगिकी में विकास को बढ़ावा देता है। देश में गुणवत्ता के परिदृश्य को आकार देने में बीआईएस की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 1947 में अपनी स्थापना के बाद से, बीआईएस एक सशक्त संस्था के रूप में विकसित हुआ है जो विभिन्न क्षेत्रों में मानकों को तैयार करता है, लागू करता है और बढ़ावा देता है।'

### नागरिकों तक उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं पहुंचे

बीआईएस के 79वें स्थापना दिवस पर यहां आयोजित कार्यक्रम में जोशी ने कहा, '' प्रधानमंत्री (नरेन्द्र) मोदी की अगुवाई वाली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि भारत के प्रत्येक नागरिक को सुरक्षित, विश्वसनीय एवं उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों तथा सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हो।'' उन्होंने कहा कि इस उद्देश्य को प्राप्त करने में बीआईएस की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

### भारत एक विनिर्माण केंद्र बनना चाहता है

मंत्री ने इस बात का उल्लेख किया कि मोदी सरकार ने नया बीआईएस अधिनियम 2016 लाया, जिसने ब्यूरो को भारत के राष्ट्रीय मानक निकाय के रूप में स्थापित किया। यह अधिनियम घटिया उत्पादों के निर्माण और आयात को रोककर उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाले उत्पाद एवं सेवाएं प्रदान करता है। जोशी ने कहा कि भारत एक विनिर्माण केंद्र बनना चाहता है जिसके लिए गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के उत्पादन की आवश्यकता होगी।

### खिलौना के लिए मानक तय होने से आयात पर लगा अंकुश

जोशी ने कहा कि 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना एवं व्यापार सुगमता सुनिश्चित करना आवश्यक है। जोशी ने कहा कि खिलौनों के लिए गुणवत्ता मानक तय करने से घरेलू उत्पादन बढ़ाने एवं आयात पर अंकुश लगाने में मदद मिली है। उन्होंने कहा, '' जब हम कोई निर्णय लेते हैं, तो हम बदलाव ला सकते हैं।''

### मानकों से नीचे के उत्पाद न बने

मंत्री ने उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एवं सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए जन आंदोलन का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कई देशों में उद्योग निकाय गुणवत्ता मानक तय करते हैं और उन मानकों से नीचे के उत्पाद नहीं बनाते। जोशी ने कहा कि भारत केवल गुणवत्ता मानकों को विनियमित एवं अनिवार्य बनाकर विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता और बड़ी अर्थव्यवस्थाओं से प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकता। '



## दुनिया में हाहाकार, वेनेजुएला में सन्नाटा, भारत में चर्चा, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इमरजेंसी मीटिंग

# ट्रंप की धमकी, कहा-डेल्सी ने नहीं मानी मेरी बात तो मादुरो से भी बुरा होगा हाल



**अमेरिकी सैन्य अभियान में राष्ट्रपति निकोलस मादुरो के पकड़े जाने के बाद से दुनिया में हाहाकार जैसी स्थिति हो गई है। वेनेजुएला की राजधानी काराकस में सन्नाटा पसरा रहा और वाहनों की आवाजाही भी न के बराबर थी। अधिकतर किराना स्टोर, पेट्रोल पंप और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे। वहीं, अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के इस एक्शन पर दुनिया भर के विशेषज्ञ सवाल उठा रहे हैं। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज को धमकी दी है। उन्होंने कहा कि डेल्सी ने उनकी बात नहीं मानी तो राष्ट्रपति निकोलस मादुरो से बुरा उनका हाल होगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाशिंगटन/ नई दिल्ली

वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति को धमकी देते हुए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टेलीफोन पर दिए साक्षात्कार में कहा कि वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज अगर अमेरिकी देश के लिए सही काम नहीं करतीं तो उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है। ट्रंप ने कहा कि अगर वह सही काम नहीं करती हैं तो उन्हें बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी, शायद मादुरो से भी बड़ी। हालांकि, रोड्रिग्ज ने वेनेजुएला के नेता निकोलस मादुरो को देश से ले जाने की आलोचना की है और मांग की है कि अमेरिका उन्हें वापस लौटाए। वहीं, दूसरी ओर वामपंथी दलों ने वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले को रविवार को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का घोर उल्लंघन करार दिया।

### स्विट्जरलैंड मादुरो की संपत्ति करेगा फ्रीज

सोमवार को स्विस सरकार ने घोषणा की कि उसने वेनेजुएला के अपदस्थ राष्ट्रपति निकोलस मादुरो या उनके सहयोगियों की स्विट्जरलैंड में मौजूद सभी संपत्तियों को "तत्काल प्रभाव से" फ्रीज करने का निर्णय लिया है। सरकार ने एक बयान में कहा, ऐसा करके, संघीय परिषद (सरकार) का उद्देश्य संपत्तियों के बहिर्वाह को रोकना है। बयान में यह भी कहा गया कि यदि भविष्य की कानूनी कार्यवाही से यह पता चलता है कि धन अवैध रूप से अर्जित किया गया था, तो स्विट्जरलैंड यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा कि इसका लाभ वेनेजुएला के लोगों को मिले।



वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को न्यूयॉर्क में मैनहटन की कोर्ट में लाया गया।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हुई चर्चा

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को अमेरिका द्वारा पद से हटाए जाने और उनकी गिरफ्तारी के बाद की स्थिति पर आपातकालीन बैठक में चर्चा कर वर्तमान व भविष्य की स्थितियों पर गहन चर्चा की।

### इधर, कांग्रेस सांसद ने अपने बेटे का पोस्ट किया साझा

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने अपने बेटे ईशान थरूर के वाशिंगटन पोस्ट में लिखे एक लेख को साझा किया है। ईशान थरूर ने बताया है कि कैसे अमेरिका 2026 में पश्चिमी देशों को नया आकार देने के लिए 1823 के पुराने सिद्धांत के तौर-तरीकों को फिर से लागू कर रहा है। ऑपरेशन एब्सोल्यूट रिजॉल्व से लेकर ट्रंप कोरोलरी तक, यह दशकों में सबसे आक्रामक बदलाव है। जैसे-जैसे राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का दूसरा कार्यकाल अपने दूसरे वर्ष की ओर बढ़ रहा है, पश्चिमी गोलार्ध के लिए उनका सिद्धांत, जिसे कभी अव्यावहारिक माना जाता था, वास्तविक रूप ले रहा है। 2025 की शुरुआत में, न्यूयॉर्क पोस्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एक तस्वीर को प्रमुखता से छापा, जिसमें वे पश्चिमी गोलार्ध के एक मानचित्र के सामने मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे थे। इस तस्वीर का शीर्षक था डॉनरो सिद्धांत।

### रोड्रिगेज ने ट्रंप को भेजा संदेश



वेनेजुएला की कार्यवाहक राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिगेज ने अमेरिकी सरकार को सहयोग एजेंडा पर मिलकर काम करने के लिए एक संदेश भेजा है। इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट में डेल्सी ने कहा, वेनेजुएला की ओर से दुनिया और संयुक्त राज्य अमेरिका को एक संदेश- वेनेजुएला शांति और शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। हमारा देश बाहरी खतरों से मुक्त, सम्मान और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के वातावरण में रहना चाहता है। हमारा मानना है कि वैश्विक शांति की नींव प्रत्येक राष्ट्र के भीतर शांति सुनिश्चित करने पर ही रखी जा सकती है। हम संप्रभु समानता और गैर-हस्तक्षेप के सिद्धांतों पर आधारित संयुक्त राज्य अमेरिका और वेनेजुएला के बीच, वेनेजुएला और क्षेत्र के अन्य देशों के बीच संतुलित और सम्मानजनक अंतरराष्ट्रीय संबंधों की दिशा में आगे बढ़ने को प्राथमिकता देते हैं। ये सिद्धांत दुनिया के शेष देशों के साथ हमारी कूटनीति का मार्गदर्शन करते हैं। रोड्रिगेज ने मादुरो के प्रति कुछ वफादारी दिखाते हुए कहा कि शांति और संवाद का उनका संदेश मादुरो का भी संदेश था।

### न्यूयॉर्क की ब्रुकलिन जेल में मादुरो

वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को न्यूयॉर्क के ब्रुकलिन स्थित जिस जेल में रखा गया है, वह लंबे समय से गंभीर अव्यवस्थाओं को लेकर चर्चा में रही है। हालात ऐसे रहे हैं कि कुछ न्यायाधीशों ने वहां आरोपियों को भेजने से इंकार किया है। ब्रुकलिन में 1990 के शुरुआती वर्षों में शुरू हुए मेट्रोपॉलिटन डिटेंशन सेंटर में फिलहाल करीब 1,300 कैदी बंद हैं।

बांग्लादेश में दरिंदगी

# हिंदू विधवा के साथ गैंगरेप पेड़ से बांधकर काटे बाल

एजेंसी ⏭ ढाका

बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ दरिंदगी की घटनाएं हर रोज और खौफनाक होती जा रही है। हिंदुओं की निर्मम हत्या के बाद अब एक महिला के साथ हैवानियत का वारदात सामने आई है। बांग्लादेश के झेनैदाह जिले के कलिगंज क्षेत्र में एक 40 वर्षीय हिंदू महिला के साथ दो शख्स ने गैंगरेप किया और फिर पेड़ से बांध दिया और उसके बाल काट दिए। पीड़ित महिला के पति की पहले ही मौत हो चुकी है। वह अपने बच्चे के साथ बांग्लादेश के झेनैदाह जिले में रहती हैं। पीड़िता ने कालिगंज पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत के अनुसार पीड़िता ने ढाई साल पहले नादिपारा में जिस शख्स से 20 लाख रुपए में 3 डिसिमल जमीन और दो मंजिला मकान खरीदा था, उसी ने अपने एक दोस्त के साथ मिलकर रेप किया। पीड़िता कालीगंज उपजिला की रहने वाली है और उसने नादिपारा निवासी शाहिन और उसके भाई से मकान खरीदा था। इस डील के बाद शाहिल पीड़ित महिला के प्रति बुरी नीयत रखने लगा और अश्लील व्यवहार भी करने लगा था।



### वीडियो बनकर वायरल किया

*शिकायत के मुताबिक महिला ने जब चीखने चिल्लाने की कोशिश की तो उसे पेड़ से बांध दिया गया। आरोपियों ने इसका भी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर डाल दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक आरोपी उसे तब तक पीटते रहे जबतक की वह बेहोश नहीं हो गई। बाद में स्थानीय लोगों ने उसे छुड़ाया और पास के अस्पताल में भर्ती करवाया।*

### मेडिकल जांच में खुलासा

*अस्पताल प्रशासन ने बताया कि पहले तो महिला ने रेप की बात नहीं बताई हालांकि मेडिकल एग्जामिनेश में यौन उत्पीड़न की बात सामने आई। होश आने के बाद पीड़िता ने कालीगंज पुलिस थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस अधिकारी ने बताया, हमने पीड़िता को थाने बुलाया था और उसकी शिकायत दर्ज की है। जांच के बाद पुलिस आरोपियों पर कार्रवाई करेगी।*

# होटल ग्रैंड समदडिया में सजीं सिल्क इंडिया एग्ज़ीबिशन





### देशभर की रेशमी परंपराओं का संगम, 11 जनवरी तक खुला रहेगा

**जबलपुर।** शहर के होटल ग्रैंड समदरिया, समदरिया मॉल, सिविक सेंटर में 25 दिसंबर 2025 से 11 जनवरी 2026 तक सिल्क इंडिया एग्ज़ीबिशन का आयोजन किया जा रहा है। इंडियन सिल्क हाट द्वारा आयोजित यह प्रदर्शनी रेशमी साड़ियों और पारंपरिक हैंडलूम कला का भव्य संगम बनी हुई है। देश के कोने–कोने से आए बुनकर और कलाकार यहां अपनी विशिष्ट कारीगरी और परंपरागत साड़ियों का प्रदर्शन कर रहे हैं। आगंतुकों को इस एग्ज़ीबिशन में दक्षिण भारतीय रेशमी साड़ियों से लेकर बनारसी, पश्मीना और कलमकारी जैसी दुर्लभ कलाओं की झलक एक ही छत के नीचे देखने को मिल रही है। इस प्रदर्शनी की सबसे खास बात है यहाँ प्रदर्शित साड़ियों की क्वालिटी और यूनिकनेस। छत्तीसगढ़ की बैंबू सिल्क साड़ियाँ बेहद हल्की और हर मौसम में आरामदायक हैं, वहीं कश्मीर की पश्मीना साड़ियाँ अपनी महीन बुनाई और गर्माहट से लोगों का दिल जीत रही हैं। कोलकाता का कांथा वर्क इतना बारीक होता है कि एक साड़ी तैयार करने में एक से दो साल तक का समय लग जाता है। आंध्रप्रदेश से आए कलाकार पटोला, गदवाल और कलमकारी साड़ियों के माध्यम से प्राकृतिक रंगों और हाथ की पेंटिंग का जादू दिखा रहे हैं। बनारस की कतरा किमखाब और कतान सिल्क साड़ियाँ मीना–जरी वर्क के साथ शान बढ़ा रही हैं, वहीं तसर सिल्क पर बनी सिल्वर–कॉपर जरी वर्क साड़ियाँ वर्षों तक अपनी चमक बनाए रखती हैं। पंजाब की आरी–जरी कढ़ाई वाली साड़ियाँ और जयपुर के रेडीमेड वेडिंग कलेक्शन ने भी महिलाओं का खासा ध्यान आकर्षित किया है। इस एग्ज़ीबिशन का मुख्य उद्देश्य पारंपरिक बुनाई और हस्तशिल्प को बढ़ावा देना है, साथ ही स्थानीय लोगों को देशभर की समृद्ध रेशमी परंपराओं से रूबरू कराना है।

मुख्यमंत्री साय की पत्रवार्ता

# गांवों की तस्वीर और तकदीर बदलेगा विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए सीएम साय ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।



### मजदूरों को सीधे मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि मनरेगा में पहले फर्जी मास्टर रोल, मशीनों के उपयोग और धांधली की शिकायतें मिलती थीं, जिन्हें यह नया अधिनियम स्वतः समाप्त करेगा। पारदर्शिता बढ़ेगी और वास्तविक मजदूरों को सीधे लाभ मिलेगा। यह अधिनियम ग्रामीण विकास में क्रांतिकारी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा।

### चार प्रमुख क्षेत्रों पर फोकस

विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम के अंतर्गत चार प्रमुख क्षेत्रों पर विशेष फोकस किया जाएगा। इनमें जल सुरक्षा, ग्रामीण अधोसंरचना, आपदा सुरक्षा और आजीविका संवर्धन हैं। जल संरक्षण, नदी-नालों के सुधार, कटाव रोकने तथा सिंचाई संरचनाओं के विकास जैसे कार्य प्राथमिकता से कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस अधिनियम के माध्यम से कृषि, पशुपालन, मत्स्य पालन और कौशल विकास जैसी गतिविधियों को भी मजबूती मिलेगी। ग्रामीण स्तर पर रोजगार एवं सतत आय के नए अवसर सृजित होंगे और पीएम गति शक्ति जैसी राष्ट्रीय योजनाओं को भी इससे बल मिलेगा।

### प्रधानमंत्री मोदी 11 को जाएंगे सोमनाथ मंदिर



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के सोमनाथ मंदिर का 11 जनवरी को दौरा करेंगे। 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व' के अवसर पर सोमनाथ में वर्षभर गतिविधियां आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है। आठ से 11 जनवरी तक सोमनाथ में अनेक आध्यात्मिक और सामाजिक गतिविधियां होंगी। विदेशी आक्रमणकारियों के कई हमलों के बाद पुनर्निर्मित किया गया।




सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## राशिफल

**मेष** शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। रहन–सहन अव्यवस्थित रहेगा। आय वृद्धि के साधन विकसित होंगे।

**वृष** व्यर्थ के क्रोध से बचें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**मिथुन** अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। व्यर्थ की भाग–दौड़ रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**कर्क** आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। परिवार का साथ मिलेगा। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। खानपान के प्रति सचेत रहें। मन में निराशा एवं

**सिंह** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। लेखनादि–बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**कन्या** क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। व्यर्थ के विवादों से बचने का प्रयास

**तुला** पठन–पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**वृश्चिक** घर–परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। वस्त्रों पर खर्च बढ़ेंगे। रहन–सहन कष्टमय हो सकता है।

**धनु** पिता का साथ रहेगा। सेहत का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आएंगे। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**मकर** परिवार से दूर रहना पड़ सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन सम्भव है। लंबे समय से रुके हुए काम बनने की उम्मीद है।

**कुंभ** परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं। वाहन के रख–रखाव एवं वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। शिक्षा में सुधार होगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी।

वस्त्र उपहार में मिल सकते हैं। मित्र के सहयोग से आय वृद्धि के स्रोत विकसित हो सकते हैं। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। परिवार में अशांति रहेगी।

## आंबेडकर के सीटीवीएस विभाग में अत्यंत दुर्लभ सर्जरी

# ब्रश करते वक्त बेवजह फटी गर्दन की नस... रायपुर में विश्व का 11वां केस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

शहर में रहने वाले 42 वर्षीय मरीज को किसी तरह की बीमारी और संक्रमण नहीं था। सुबह ब्रश करते वक्त बेवजह उसके गर्दन की नस फट गई और वह बेसुध हो गया। सही समय पर परिजन उसे लेकर आंबेडकर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग में ऑपरेशन के बाद उसकी जान बच गई। दावा है कि विश्व में बिना कारण मस्तिष्क को खून पहुंचाने वाली गर्दन की नस फटने की यह 11वीं घटना है।

### 42 वर्षीय मरीज को नया जीवन






**हर पल था जोखिम:** हार्ट, चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी विभागाध्यक्ष एवं सर्जन डा. कृष्णकांत साहू ने बताया कि ऑपरेशन अत्यंत जोखिमपूर्ण था। गर्दन में खून के अत्यधिक जमाव के कारण धमनी को पहचानना बेहद कठिन था। जरा सी चूक से मरीज की जान जा सकती थी या ऑपरेशन के दौरान मस्तिष्क में खून का थक्का पहुंचने से लकवा या ब्रेन डेड होने का खतरा था।

### इनका रहा योगदान

इस दुर्लभ सर्जरी को पूरा करने में सीटीवीएस सर्जन डा. कृष्णकांत साहू का साथ कार्डियक एनेस्थेटिस्ट डॉ. संकल्प दीवान, डॉ. बालस्वरूप साहू, जूडा डॉ. आयुषी, डॉ. अंशिका, डॉ. ख्याति, डॉ. आकांक्षा साहू, डॉ. संजय, डॉ. ओम प्रकाश, नर्सिंग स्टाफ राजेन्द्र, नरेन्द्र, चोवा, दुष्यंत, मुनेश ,नुतन, प्रियंका, शीबा तथी टेक्नीशियन स्टाफ भूपेन्द्र, हरीश ने दिया। चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. विवेक चौधरी एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. संतोष सोनकर ने इसके लिए पूरी टीम को शबाशी दी है।

आंध्र प्रदेश के कोनासीमा में दहशत

# तेल कुएं में गैस रिसाव खाली कराए गए गांव

एजेंसी ⏭ मोरी

आंध्र प्रदेश के डॉ.बी.आर. आंबेडकर कोनासीमा जिले में तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) की उत्पादन इकाई दीप इंडस्ट्रीज लिमिटेड के एक कुएं में गैप पाइपलाइन के रिसाव के कारण सोमवार को आग लग गई। घटना से किसी के भी घायल होने या मौत की कोई सूचना नहीं है। अधिकारी ने बताया कि गैस रिसाव और उसके बाद लगी आग के मद्देनजर, राजामुंद्री से ओएनजीसी के वरिष्ठ अधिकारी मोरी गांव पहुंचे। यहां मोरी-5 कुएं में आग लगी थी।

### कोई रिहायशी बस्ती नहीं

यह कुआं एक दूरस्थ क्षेत्र में स्थित है, जिसके लगभग 600 मीटर के दायरे में कोई रिहायशी बस्ती नहीं है। तेल और गैस क्षेत्र की प्रमुख कंपनी ओएनजीसी ने कहा कि प्रभावित क्षेत्र को सील कर दिया गया है, शीतलन अभियान शुरू कर दिए गए हैं। ओएनजीसी ने अपनी संकट प्रबंधन टीम (सीएमटी और आरसीएमटी) को सक्रिय कर दिया है।

## शब्द पहेली - 6101



**बाएँ से दाएँ**
1.जो आदरणीय न हो-6
5.अनुक्षेपक,अंश -4
8.साथ-2
9.छोटी तलवार-3
10.विदेशी शराब का एक प्रकार -2
11.दुश्मनी-4
12.इस जगह-2
14.अनवरत-4
16.लाचार,बेबस-3
18.धुलाई करना-4
20.न्यूनता,निम्नता-5
23.समुद्री यात्री-5
26.पूंजी,संपत्ति-4
27.असंयमी,स्वच्छंद-3
29.वन में रहनेवाला-4
30.उम्मीद,आशा-2
32.सौंठ,एक कंद-4
33.जोर,बल-2
35.बसंतकाल-3
36.जोश,उग्रता-2
37.पाताल-4
38.सभ्य,होनहार-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.जो संवैधानिक न हो-6
2.सांप,सर्प-2
3.दानेदार-4
4.जिगर,कलेजा-3
5.प्रेम,प्यार-3
6.पंख,पराया-2
7.मरियल, निर्बल-4
11.शत्रुता,वैमनस्यता (उर्दू-4)
13.शिकार फंसाने के लिए चिल्लाना-2
15.सुस्त,उनींदा-4
17.पदक-3
18.विश्वासघात-4
19.बहुमूल्य पत्थर-2
21.रानी,शहजादी-3
22.फलों का जूस-2
24.कुतरने वाला-4
25.मानक समुद्र तल (अंग्रेजी-2,1,3)
27.अपमान,उपेक्षित-4
28.पिता की बहन-2
29.सुखद वस्तु, ईष्ट कृपा, नेमत-4
31.बलवान-3
32.प्रार्थना-3
34.तिल,मस्सा-2
36.52 पत्तों का खेल, प्लेइंग कार्ड-2

**शब्द पहेली- 6100 का हल**



## सूडोकु बवाल - 6111

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

MANGAL SENACHA BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु बवाल - 6110 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |




चिंता यही कि कहीं जबलपुर भी इंदौर न बन जाए

**प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, महापौर, कलेक्टर, आयुक्त को बनाया पक्षकार**

# हाई कोर्ट पहुंचा नलों से संक्रमित गंदा पानी आने का मामला

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट में एक जनहित याचिका के जरिए जबलपुर निवासियों के घरों तक नलों से संक्रमित गंदे पानी की आपूर्ति को कठघरे में रखा गया है। मामले में नगर निगम, जबलपुर के आयुक्त, महापौर, कलेक्टर, प्रमुख सचिव नगरीय प्रशासन व लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी को पक्षकार बनाया गया है। जनहित याचिका की शीघ्र सुनवाई पर बल दिया गया है।

जनहित याचिकाकर्ता तुलसी नगर, जबलपुर निवासी अधिवक्ता ओपी यादव की ओर से अधिवक्ता रवींद्र गुप्ता पैरवी करेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि जनहित याचिकाकर्ता डेमोक्रेटिक लायर्स फोरम का अध्यक्ष है। वह 2019 से अपने इलाके में नल से गंदे पानी की आपूर्ति पर सवाल खड़ा करता आ रहा है। इसके बावजूद शिकायत का अब तक समाधान नदारद है। इस वजह से चेरीताल और जयप्रकाश नगर के वाशिंदे हलकान हैं। आलम यह है कि कभी तो समुचित पेयजल आपूर्ति ही नहीं होती और जब होती भी है तो साफ-सुथरे पानी के स्थान पर मटमैला यानि नालों से रिसकर



संक्रमित हुआ पानी नलों की टोंटी से बाहर निकलता है। जिसे छानकर या उबालकर पीने की मजबूरी है। इसके बावजूद घरों में बीमार पड़ने वालों की संख्या बढ़ती रहती है। बारिश के समय स्थिति हो जाती है विकराल अधिवक्ता रवींद्र गुप्ता ने बताया कि जनहित याचिका में यह तथ्य रेखांकित किया गया है कि बारिश के दौरान नलों से बहुत बदबूदार और गंदा आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि जगह-जगह पानी की लाइन नालियों और नालों से गुजरी हैं, जिनमें लीकेज है, जिसे ठीक नहीं किया जाता। 2019 के बाद 2020 में भी इस समस्या की शिकायत की गई किंतु नगर निगम की कुंभकर्णी निद्रा जस की तस रही।

### हाई कोर्ट उच्च स्तरीय कमेटी गठित करे

जनहित याचिका में कहा गया है कि जबलपुर में 79 वार्ड हैं परंतु इन वार्डो में कहीं कोई स्वास्थ्य अधिकारी या किसी अन्य अधिकारी को शिकायत की कोई व्यवस्था नहीं है। आज भी जबलपुर में नगर निगम द्वारा ऐसी कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कोई पोर्टल नहीं है, कोई मोबाइल पर हेल्पलाइन नहीं है, जिसमें जनता के द्वारा सूचना प्रदान करने पर गंदे पानी की सप्लाई की समस्या को 24 घंटे के अंदर निर्मूल की जा सके। करोड़ों रुपये का बजट बनाया जाता है और यह राशि कहां खर्च होती है कोई अता-पता नहीं है। अतः संपूर्ण मामले पर हाई कोर्ट उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने के निर्देश दे। हाई कोर्ट की निगरानी में समस्या को हल किए जाने की व्यवस्था दी जाए।

### अखबारों की कतरनों को संलग्न किया

जनहित याचिका के साथ समाचार पत्रों की कतरनों को संलग्न किया गया है। ये समाचार 2019 से 2026 तक की खबरों से संबंधित हैं। सवाल खड़ा किया गया है कि जब प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया समय-समय पर सचेतक की भूमिका में सामने आते रहे हैं, तो फिर स्थानीय स्वशासन नगर निगम नींद से क्यों नहीं जाग रहा। विगत छह वर्ष में कई लोग बीमार हुए। पेट के संक्रमण सामने आए।

### फिल्टर प्लांट बंद पड़े, पानी की गुणवत्ता नापने का कोई विधिवत मापदंड नहीं

जनहित याचिकाकर्ता का आरोप है कि फिल्टर प्लांट बंद पड़े, पानी की गुणवत्ता नापने का कोई विधिवत मापदंड नहीं हैं। जबलपुर की जनता को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है। अस्पताल गंदे पानी से होने वाले संक्रमण की वजह से मरीजों से भरे पड़े हैं पर कोई सुनवाई नहीं है। हाल ही में गांव निगड़ी में 60 लोग बीमार पड़े थे। चूंकि मामला गंभीर प्रकृति का है अतः हाई कोर्ट संविधान के अनुच्छेद- 21 के अंतर्गत जनता को मिले जीवन की रक्षा के अधिकार की सुरक्षा सुनिश्चित करे, इसी मांग के साथ हाई कोर्ट आए हैं।



# हरिभूमि जन्मदिन उत्सव : जबलपुर की निधि अग्रवाल ने जीता रेफ्रिजरेटर

**जबलपुर।** हरिभूमि के माह मार्च 2025 जन्मदिन उत्सव के तहत पाठकों को आकर्षक उपहार जीतने का शानदार अवसर मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत हर माह पाठक भाग्यशाली विजेता बनेंगे और महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा मौका प्राप्त करेंगे। इसी क्रम में हरिभूमि की पाठक निधि अग्रवाल, पिता रतन अग्रवाल, निवासी लाल कुआं, हनुमानताल, जिला जबलपुर ने भाग्य का साथ मिलने पर रेफ्रिजरेटर जीतकर खुशी जाहिर की। विजेता पाठक ने हरिभूमि परिवार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पाठकों को अखबार से और अधिक जोड़ते हैं। हरिभूमि का यह जन्मदिन उत्सव पाठकों के लिए खुशियों और उपहारों की सौगात लेकर आया है, जिसमें भाग लेकर आप भी बन सकते हैं अगले भाग्यशाली विजेता।

निराश्रितों व मरीजों से कलेक्टर व निगमायुक्त ने किया संवाद

# देर रात रैन बसेरों व अस्पतालों का निरीक्षण

**जबलपुर।** कड़ाके की ठंड और शीतलहर के बीच शहर का कोई भी व्यक्ति खुले आसमान के नीचे सोने को मजबूर न हो, इस मानवीय उद्देश्य के साथ कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने देर रात शहर के विभिन्न रैन बसेरों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने न केवल व्यवस्थाओं को परखा, बल्कि वहां ठहरे हुए निराश्रितों से उनका हालचाल भी जाना।

### व्यवस्थाओं का अवलोकन

निरीक्षण की शुरुआत राजगोकुल दास धर्मशाला, दमोह नाका और दीनदयाल बस स्टैंड, मेडिकल स्थित आश्रय स्थलों से हुई। कलेक्टर सिंह ने रैन बसेरों में मौजूद रजिस्टर की बारीकी से जांच की और दर्ज प्रविष्टियों का अवलोकन किया। उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि आने वाले हर जरूरतमंद का



विवरण सही ढंग से दर्ज हो ताकि उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ मिल सके।

### रैन बसेरों में 'घर जैसी' सुविधाएं

निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि नगर निगम द्वारा संचालित इन रैन बसेरों में निराश्रितों के लिए उत्तम व्यवस्थाएं की गई हैं। कड़ाके की ठंड से बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में गर्म बिस्तर और साफ-सुथरे कंबल, हीटर, ठहराव के लिए सुरक्षित पीने के पानी और प्रकाश की समुचित व्यवस्था है।

### कलेक्टर के निर्देश कोई भी बाहर न सोए

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने निगम अमले को निर्देश दिए कि रात के समय सड़कों, फुटपाथों या खुले आसमान के नीचे कोई न रहे। सभी को आश्रय स्थल पर पहुंचाने का कार्य सुनिश्चित करें।

### अस्पतालों का औचक निरीक्षण

आश्रय स्थलों के निरीक्षण के उपरांत कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार अचानक मेडिकल कॉलेज, विक्टोरिया और एल्गिन अस्पताल भी पहुंचे और वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मरीजों से भी बातचीत की और ड्यूटी डॉक्टरों की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने मरीजों की देखभाल बेहतर ढंग से करने और वार्डों में स्वच्छता बनाए रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर उपायुक्त अंकिता जैन, सिटी मिशन मैनेजर चंदन प्रजापति, देवेश गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

# प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से बिक रहा चायनीज मांझा



### बच्चों, पक्षियों और राहगीरों के लिए बन रहा जानलेवा

**जबलपुर।** मकर संक्रांति पर्व पर पतंगबाजी की परंपरा को लेकर पतंगबाजों में उत्साह दिखाई देने लगा, लेकिन इस उत्साह के साथ एक ओर खतरनाक बात यह है कि प्रतिबंध के बाद भी चायनीज मांझा खुलेआम बाजार में बिक रहा हैं। अभी तक प्रशासन की ओर से इस दिशा में कोई कारगार कदम नहीं उठाए गए हैं। प्रतिबंध के बावजूद चायनीज मांझे की खुलेआम बिक्री न सिर्फ बच्चों, पक्षियों और राहगीरों के लिए खतरा बन रही है, बल्कि बिजली विभाग के लिए भी यह एक टेंशन हैं, क्योंकि चायनीज मांझा विद्युत सुचालक होने के कारण विद्युत लाईनों में पतंग फंसने से दुर्घटना होने की आशंका होती है। मकर सक्रांति पर्व के मद्देनजर व्यापारियों ने चायनीज मांझा का बड़ी मात्रा में स्टॉक कर रखा हैं और धड़ल्ले से उसकी बिक्री हो रही हैं।

जानकारों के मुताबिक चायनीज मांझा बेहद खतरनाक है। यह आम देशी मांझा के मुकाबले 100 गुना खतरनाक होता है। अत्यधिक नुकीला और मजबूत होने के कारण कई बार इस मांझे से उंगलियां कटने और वाहन चालकों पर मांझे की लपेट लगने से गंभीर घटनाएं हो चुकी हैं। हल्की सी चूक बेहद खतरनाक हो जाती है। मांझा लपटने और पतंग उड़ान के दौरान भी उंगुलियां कट जाती है। विद्युत लाईनों में पतंग फंसने से मांझा में करंट आने और विद्युत शॉट सर्किट के मामलें भी सामने आ चुके हैं। जानकारों के मुताबिक यह मांझा तांत (सिंथेटिक फाइबर) से बना होने के कारण आसानी से नहीं टूटता और न ही आसानी से नष्ट होता हैं, जिससे चोट गंभीरता और भी बढ़ जाती है।

**उच्च स्तरीय टंकियों के कन्टेनर का सफाई अभियान शुरू**

# आज से 22 जनवरी तक सायंकालीन जलापूर्ति आंशिक प्रभावित होगी

**जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, जल प्रभारी दामोदर सोनी एवं निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार नागरिकों को बेहतर स्वच्छ पेयजल आपूर्ति के लिए उच्च स्तरीय पानी की टंकियों के कंटेनरों की सफाई सफाई अभियान आज से शुरू हो रही है। इस संबंध में कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार नगर में स्थापित उच्च स्तरीय टंकियों के कन्टेनर की सफाई का अतिमहत्वपूर्ण कार्य तिथिवार किया जाना है, जिसमें दिनांक 7 जनवरी मेडिकल टंकी, ग्वारीघाट टंकी, एवं टाउन हॉल टंकी, दिनांक 8 जनवरी को बिड़ला धर्मशाला टंकी, ललपुर परिसर टंकी एवं मदार छल्ला टंकी, दिनांक 9 जनवरी को त्रिपुरी टंकी, बादशाह हलवाई मंदिर टंकी, एवं दंगल मैदान टंकी, दिनांक 10 जनवरी को वेदी नगर टंकी, भीम नगर टंकी, एवं भानतलैया टंकी, दिनांक 12 जनवरी को गुलौआ टंकी, गुप्तेश्वर टंकी, सिद्धबाबा टंकी, सम्प, दिनांक 13 जनवरी को मदर टेरेसा टंकी, शारदा नगर टंकी, एवं करिया पाथर टंकी, सम्प, दिनांक 14 जनवरी को मनमोहन नगर टंकी, एस.बी.आई. टंकी एवं भोला नगर टंकी, दिनांक 15 जनवरी को लेमा गार्डन टंकी, हाथीताल टंकी एवं लक्ष्मीपुर टंकी, दिनांक 16 जनवरी को आनंद नगर टंकी, कटंगा टंकी, एवं कोतवाली टंकी, दिनांक 17 जनवरी को मोतीनाला टंकी, सिविल लाईन टंकी एवं मिल्क स्कीम टंकी, दिनांक 19 जनवरी को फूटाताल टंकी, सर्वोदय टंकी एवं किलकारी गार्डन टंकी, दिनांक 20 जनवरी को श्रीनाथ टंकी, रामेश्वरम टंकी एवं पी.एस.एम. टंकी, दिनांक 21 जनवरी को राजीव नगर टंकी बाबा की कुटिया, राईट टाउन टंकी, एवं भँवरताल टंकी एवं दिनांक 22 जनवरी को न्यू शोभापुर निर्मलचंद जैन वार्ड एवं सर्वोदय टंकी क्रमांक 2 नई आदि उक्त तिथियों को टंकियों से शाम की जलापूर्ति आंशिक रूप से अवरूद्ध रहेगी।

# क्रेशर में साड़ी फंसने से श्रमिक की मौत

**जबलपुर।** कुंडम थानान्तर्गत ग्राम महगवां स्थित गिट्टी क्रेशर में कल दोपहर के वक्त काम करते समय एक महिला श्रमिक की साड़ी का दुपट्टा क्रेशर मशीन के साफ्ट में फंसकर वह मशीन के अंदर खिंच गयी। घटना में महिला के साथी मजदूरों ने उसे मशीन से बाहर निकाला तब तक महिला श्रमिक की गंभीर चोटों के कारण मौत हो गई थी। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया है। कुंडम पुलिस ने बताया कि ग्राम डबरा खुर्द निवासी श्रीमती मीरा बाई बरकड़े ग्राम मझगवां स्थित गिट्टी क्रेशर में काम कर रही थी इस दौरान क्रेशर मशीन के साफ्ट के पास मीरा बाई गिट्टी हटा रही तभी उसके गले से साड़ी का दुपट्टा साफ्ट में फंस गया जिससे मीरा बाई साफ्ट में फंसकर मशीन के अंदर चली गई। घटना में मीरा बाई के शरीर में आई संघातक चोटों के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

# कोहरे में जानलेवा रफ्तार से दौड़ता रहा पिकअप वाहन

### 50 से अधिक सवारियां ठूंसकर नियमों को दिखाया ठेंगा

**जबलपुर।** पिछले साल मटर के सीजन में फसलों की तुड़ाई के लिए मजदूरों से भरे वाहन पलटने और कई मौते व कई लोगों के घायल होने के बाद भी लोगों ने सबक नहीं लिया। मालवाहक वाहनों में बोरों की छल्लियों की तरह सवारी ठूंसठंस कर भरी जा रही हैं उन्हें काम पर ले जाया जा रहा है। ट्रैफिक नियम कानून कायदों की न तो वाहन चालकों को और न ही यातायात पुलिस को फिक्र हैं। खुलेआम मनमानी और अनदेखी की जा रही हैं। मंगलवार को जबलपुर से शहपुरा की ओर जाने वाले मार्ग पर एक छोटे पिकअप वाहन में 50 से अधिक महिलाओं, पुरुषों और बच्चों को ठूंस-ठूंसकर बैठाया गया और वाहन करीब 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से भेड़ाघाट मार्ग पर दौड़ता नजर



आया। हैरानी की बात यह रही कि यह वाहन शहर से शहपुरा तक कई थानों और ट्रैफिक पुलिस प्वाइंट्स से निकला लेकिन इस जोखिम भरे सफर पर किसी का ध्यान नहीं गया, गौरतलब है कि इन दिनों कड़ाके की ठंड से कोहरे की मार से जहां ट्रेनों की रफ्तार कम पड़ गई हैं वहीं इस तरह के वाहन कोहरे के बीच बेखौफ होकर मजदूरों और सवारियों के जान से खिलवाड़ कर रहे हैं।

इन दिनों पूरे प्रदेश में घना कोहरा छाया हुआ है, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की आशंका लगातार बनी हुई है। ऐसे हालात में तेज रफ्तार और ओवरलोड वाहन न केवल उसमें सवार लोगों, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य वाहनों के लिए भी बड़ा खतरा बन सकते हैं।

### वायरल वीडियो पर पुलिस ने लिया संज्ञान

बेखौफ ट्रेफिक नियमों का उल्लघंन कर दौड़ रहे इस वाहन का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया। वीडियो की जांच कराई जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंजना तिवारी ने कहा कि छोटे वाहन में इतनी अधिक सवारियां बैठाकर ले जाना गंभीर अपराध है और यह ट्रैफिक नियमों का खुला उल्लंघन है। इस तरह के मामलें सामने आने पर थाना प्रभारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240

प्रमोशन में आरक्षण के मामले पर अजाक्स की दलील, डेढ़ घंटे तक चली हाईकोर्ट में बहस

## नए नियम में एससी व एसटी वर्ग के लिए मेरिट पर प्रमोशन से संबंधित प्रावधान नहीं

### अगली सुनवाई 13 जनवरी को

**जबलपुर।** प्रदेश के कर्मचारियों को प्रमोशन में आरक्षण देने के लिए बनाए नियम को चुनौती देने वाले मामले में मप्र हाईकोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। अजाक्स की ओर से तर्क दिया गया कि इस नियम में एससी एसटी वर्ग के लिए मेरिट पर प्रमोशन से संबंधित कोई भी प्रावधान मौजूद नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के कई न्यायदृष्टांतों का हवाला देते हुए करीब डेढ़ घंटे तक दलीलें रखी गईं। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा एवं जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने शेष बहस के लिए अगली सुनवाई 13 जनवरी को तय की है। अजाक्स की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डॉ केएस चौहान एवं रामेश्वर सिंह ठाकुर ने प्रमोशन नियम 2025 के नियम 11 (1,2,3) सहित अन्य नियम को पूर्णतः असंवैधानिक बताया। उन्होंने कहा कि इन नियमों में आरक्षित वर्ग की ग्रेडेशन लिस्ट बनाने का प्रावधान है। आरक्षित वर्ग के कर्मचारी जो मेरिट के आधार पर पदोन्नत हुए हैं उनको भी आरक्षित वर्ग में गणना करने का प्रावधान किया गया है। दलील दी गई कि भारत का संविधान एवं सुप्रीम कोर्ट के इंदिरा साहनी के फैसलों में यह स्पष्ट रूप से प्रावधान है कि सर्वप्रथम अनारक्षित वर्ग में प्रमोशन होंगे। इसके बाद आरक्षित वर्ग के जो कर्मचारी मेरिट के आधार पर अनारक्षित में चयनित होंगे उनकी गणना आरक्षित वर्ग में किए जाने का भी नियमों मे प्रावधान है। अजाक्सकी ओर से कहा गया कि न्यायिक प्रक्रिया के कारण प्रमोशन बाधित नहीं होना चाहिए।यह तर्क भी दिया गया कि प्रमोशन के नियमों में क्रीमिलेयर न तो सैद्धांतिक के रूप से और ना ही व्यवहारिक रूप से लागू किया जा सकता है। इस संबंध में कोई संवैधानिक प्रावधान नहीं है। मध्य प्रदेश के समस्त विभागों में मौजूद कर्मचारी के प्रस्तुत डाटा के मुताबिक आरक्षित वर्ग का पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है। एससी एसटी की कुल आबादी मध्य प्रदेश में 36 प्रतिशत है जिनका उच्च पदों पर प्रतिनिधित्व 7 से 18 प्रतिशत की है।

## सरकार ने नर्सिंग भर्ती प्रक्रिया में पुरुष उम्मीदवारों को शामिल करने का निर्णय लिया

### कर्मचारी चयन मंडल के वकील ने हाईकोर्ट को बताया, लिखित जवाब पेश करने मिली एक दिन की मोहलत



**जबलपुर।** प्रदेश के नर्सिंग कॉलेजों में विभिन्न फैकल्टीज की भर्ती में महिलाओं को सौ फीसदी आरक्षण देने को चुनौती के मामले में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले पर सुनवाई के दौरान मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल (ईएसबी) की ओर से अधिवक्ता राहुल दिवाकर ने मौखिक रूप से कोर्ट को बताया कि भर्ती प्रक्रिया में अब पुरुष उम्मीदवारों को शामिल करने का निर्णय लिया गया है, किंतु लिखित निर्देश की कॉपी अभी नहीं मिली है। इस पर याचिकाकर्ताओं की ओर से कोर्ट को बताया गया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 7 जनवरी है। जस्टिस विशाल धगट की सिंगल बेंच ने सरकार को लिखित में जवाब प्रस्तुत करने हेतु एक दिन का समय दिया। अगली सुनवाई 7 जनवरी को होगी।

जबलपुर निवासी नौशाद अली की ओर से अधिवक्ता विशाल बघेल ने पक्ष रखा। उन्होंने आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के शासकीय नर्सिंग कॉलेजों में असिस्टेंट, एसोसिएट प्रोफेसर व अन्य पदों पर महिलाओं को 100 प्रतिशत आरक्षण दे दिया गया है। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मंडल की ग्रुप-1 सब ग्रुप-2 संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के विज्ञापन में असिस्टेंट प्रोफेसर तथा एसोसिएट प्रोफेसर सहित ट्यूटर के कुल 286 पदों पर महिला उम्मीदवारों को 100 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। प्रदेश के सरकारी नर्सिंग कॉलेजों में 40 एसोसिएट प्रोफेसर, 28 असिस्टेंट प्रोफेसर और 218 सिस्टर ट्यूटर के पद भरे जाने हैं। इनमें पुरुष उम्मीदवारों को पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। इसमें भर्ती नियम तथा इंडियन नेशनल काउंसिल के सभी मापदंड का उल्लंघन किया गया है। दलील दी गई कि लोक स्वास्थ्य कल्याण विभाग के द्वारा की जा रही भर्ती में संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 तथा भर्ती के नियमों की अनदेखी की जा रही है। यह भी कहा गया कि सरकार की ये भर्ती प्रक्रिया में सुप्रीम कोर्ट के इंद्रा साहनी मामले के 50 प्रतिशत आरक्षण सीमा का उल्लंघन भी है। 7 जनवरी को अंतिम तिथि उक्त पदों के लिए 16 दिसंबर को विज्ञापन जारी किया गया था। इसके लिए 24 दिसंबर से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन पेश करने की अंतिम तिथि 7 जनवरी 2026 है।

## प्रशासन की बड़ी कार्रवाई: नियमों की अनदेखी पर रैन बसेरा रिसोर्ट सील

**जबलपुर।** आम नागरिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने गौर नदी तट स्थित रैन बसेरा रिसोर्ट पर कड़ी कार्रवाई की। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार के निर्देशन में की गई जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर रिसोर्ट को तत्काल प्रभाव से सील कर दिया गया। नगर निगम अपर आयुक्त अरविंद शाह ने बताया कि निरीक्षण में अग्नि सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम नहीं मिले और संचालक फायर एनओसी प्रस्तुत नहीं कर सके। सहायक अग्निशमन अधिकारी नीलेश पाटीदार ने इसे गंभीर लापरवाही बताया। वहीं पर्यावरण विभाग की जांच में सामने आया कि रिसोर्ट का दूषित पानी सीधे गौर नदी में छोड़ा जा रहा था तथा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) भी नहीं था। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने किचन में गंदगी और फ्रिज में रखी खाद्य सामग्री को दूषित पाया। साथ ही राजस्व जांच में भवन का वास्तविक क्षेत्रफल रिकॉर्ड से अधिक पाया गया तथा भवन स्वीकृति से संबंधित दस्तावेज भी मौके पर उपलब्ध नहीं थे, जिससे राजस्व हानि की स्थिति बनी। एसडीएम श्रीमती मौसमी केवट के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक, भवन शाखा, स्वास्थ्य एवं अग्निशमन विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



## गरूड़ दल ने कटियाघाट स्थित गोलू डेयरी का किया औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** जिला प्रशासन द्वारा गठित गरूड़ दल ने आज रांझी तहसील के अंतर्गत ग्राम कटियाघाट स्थित गोलू डेयरी का औचक निरीक्षण किया। एसडीएम रांझी श्रीमती मोनिका बाघमारे के नेतृत्व में किये गये निरीक्षण के दौरान डेयरी के कर्मचारी जानवरों के पानी पीने के लिए बनाई गई टंकी में रंगाई-पुताई करते पाये गये। गरूड़ दल द्वारा लगातार की जा रही निरीक्षण की कार्रवाई का यह परिणाम था कि इस डेयरी में साफ-सफाई भी पाई गई। निरीक्षण के दौरान मौजूद तहसीलदार रांझी मौसमी केवट ने बताया कि मौके पर खाद्य लायसेंस, विद्युत मीटर तथा अन्य दस्तावेज परीक्षण हेतु मांगे गये थे। इन दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए डेयरी मालिक को दो दिन का समय दिया गया है। निरीक्षण की कार्रवाई में राजस्व विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, नगर निगम एवं खाद्य विभाग के अधिकारी भी मौजूद थे।

## निगम जनसुनवाई में आईं 129 शिकायतें अधिकांश का हुआ त्वरित निराकरण

**जबलपुर।** नगर निगम जबलपुर द्वारा आयोजित जनसुनवाई में मुख्यालय एवं 16 संभागीय कार्यालयों में कुल 129 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका मौके पर ही त्वरित निराकरण किया गया। मुख्यालय में 27 एवं संभागीय कार्यालयों में 102 प्रकरण सामने आए। महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' ने निगम मुख्यालय में जनसुनवाई की कमान संभाली, जबकि विभिन्न संभागों में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, निगमाध्यक्ष रिंकू विज, एमआईसी सदस्य, जोन अध्यक्ष एवं पार्षदों ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। प्राप्त 129 शिकायतों में से जलप्रदाय से संबंधित 17 प्रकरण थे। इनमें गंदे पानी की 7 शिकायतें मिलीं, जिनमें से 4 का तत्काल समाधान किया गया, जबकि शेष 3 मामलों में पुरानी पाइपलाइन बदलने का कार्य कल से प्रारंभ किया जाएगा। जल जांच हेतु सैंपल भी भेजे गए हैं। जल सुनवाई में कहीं से भी नाले का पानी मिलने की शिकायत नहीं आई, जिससे नगर निगम की जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त और पानी को पीने योग्य बताया गया। महापौर ने बताया कि स्वच्छ जल आपूर्ति के लिए निगम के पास पर्याप्त संसाधन एवं बजट उपलब्ध है। भविष्य में भी जल जनसुनवाई आयोजित की जाएगी, ताकि शिकायत मिलने पर तत्काल समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

## धान भराई, ढुलाई एवं परिवहन के एवज में किसानों को दिये जायेंगे 15 रूपये प्रति क्विंटल

### किसान संगठनों की मांग पर जिला उपार्जन समिति की बैठक में लिया गया निर्णय



**हरिभूमि, जबलपुर।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान का विक्रय करने वाले किसानों को धान की भराई, ढुलाई और परिवहन के एवज में प्रति क्विंटल 15 रूपये का भुगतान किया जायेगा। यह निर्णय जिला उपार्जन समिति की गत दिवस संपन्न हुई बैठक में लिया गया।

जिला उपार्जन समिति के इस निर्णय के मुताबिक ऐसे किसान जिन्होंने उपार्जन केन्द्र में अपनी धान बेची है, उन्हें धान भराई, ढुलाई एवं परिवहन के एवज में अधिकतम एक हजार रूपये तक प्रति क्विंटल 15 रूपये के मान से राशि प्रदान की जायेगी। इस राशि का भुगतान किसानों के बैंक खाते में अंतरित कर किया जायेगा। किसानों को दी जाने वाली इस राशि का समायोजन उपार्जन समिति या उपार्जन समूह को दिये जाने वाले प्रासांगिक व्यय से किया जायेगा। कलेक्टर कार्यालय की खाद्य शाखा के प्रभारी अधिकारी एवं संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन ने बताया कि खरीदी केंद्रों पर धान बेचने वाले किसानों को यह राशि देने का निर्णय किसानों और किसान संगठनों की मांग को देखते हुये लिया गया है। किसानों और किसान संगठनों द्वारा लंबे समय से धान की भराई, ढुलाई और परिवहन के एवज में इस राशि का भुगतान सीधे किसानों को करने की मांग की जा रही थी। जिला उपार्जन समिति के इस निर्णय से किसानों की बहूप्रतीक्षित मांग पूरी होगी।

सामाजिक सुरक्षा बीमा योजना

## बीमा धारकों के आश्रितों को सौपें दो-दो लाख रुपये की बीमा राशि के चेक

**जबलपुर।** विपत्ति की स्थिति में परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करने केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नाम से चलाई जा रही सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के अंतर्गत बीमा धारकों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों को आज कलेक्टर कार्यालय में एक सादे कार्यक्रम में दो-दो लाख रुपये के चेक सौंपे गये। सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं के प्रति नागरिकों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में बीमा धारकों के नामित आश्रितों को बीमा की राशि के चेक कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने प्रदान किये। इनमें दिवंगत सुश्री नीतू कोल के पिता जग्गू लाल कोल को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा दिवंगत श्रीमती रोशनी चक्रवर्ती के के नामित सुखचैन चक्रवर्ती को भी प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा राशि का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर आम नागरिकों से सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जुड़ने की अपील भी की गई। लीड बैंक मैनेजर दिवाकर ठाकुर एवं सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिनिधि के तौर पर दिनेश चौरे भी इस मौके पर मौजूद थे। लीड बैंक मैनेजर दिवाकर ठाकुर ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में किसी भी कारण से मृत्यु होने पर बीमा धारक द्वारा नामित व्यक्ति को दो लाख रुपये की सहायता मिलती है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में दुर्घटना से मृत्यु या पूर्ण विकलांगता पर दो लाख तथा आंशिक विकलांगता पर एक लाख की बीमा राशि प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि दोनों बीमा योजनायें अत्यंत कम वार्षिक प्रीमियम पर उपलब्ध हैं।



### संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध रेत उत्खनन

## वन विभाग ने रेत सहित ट्रेक्टर चालक को दबोचा

**जबलपुर।** जिले में चाहे नर्मदा हो अथवा उसकी सहायक नदियां हर जगह रेत माफिया की गिद्ध दृष्टि अवैध रेत खनन में लगी होने के समाचार तो लगभग हर रोज ही सामने आते रहते हैं परंतु अब रेत माफिया नदियों के साथ वन क्षेत्र में भी अवैध उत्खनन करने से पीछे नहीं हट रहा है। इस क्रम में सिहोरा वन परिक्षेत्र में एक मामला सामने आया है जहां रेत माफिया द्वारा संरक्षित वन क्षेत्र में अवैध उत्खनन किया जा रहा था। जब तक वन विभाग की टीम यहां मौके पर पहुंचती, रेतमाफिया के गुर्गे मौके से फरार हो चुके थे लेकिन ट्रेक्टर चालक टीम के हत्थे चढ़ गया। वन क्षेत्र में वन अपराधों व रेत खनन किए जाने की सूचना पर वन परिक्षेत्र सिहोरा की टीम ने बीट पिपरसरा संरक्षित वन क्षेत्र में छापे मारी करते हुए रेत का परिवहन करते एक ट्रैक्टर को मौके पर ही पकड़ा। प्रारंभिक पूछताछ के दौरान संबंधित व्यक्ति द्वारा किसी भी प्रकार का वैध खनन अथवा अभिवहन दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया तत्पश्चात उक्त ट्रैक्टर को रेत सहित विधिवत जब्त कर वन परिक्षेत्र कार्यालय सिहोरा में सुरक्षित खड़ा कराया गया है। प्रकरण में भारतीय वन अधिनियम, 1927 एवं म.प्र. अभिवहन (वनोपज) नियम 2022 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वन अपराध प्रकरण पंजीबद्ध कर नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## पुलिस को चुनौती : 24 घंटे के अंदर फिर की बमबाजी की वारदात





### हमले करते रहेंगे, देखते है क्या कर लेगी पुलिस ...?

**जबलपुर।** शहर में अपराधी बेलगाम हो गए हैं। उन्हें पुलिस का तनिक भी खौफ नहीं बचा। घमापुर थाना अतंर्गत चुंगी चौकी के पास एक दिन पहले बमबाजी और पथराव करने वालें आरोपियों ने 24 घंटे के अंदर टेंट व्यवसायी के यहां दोबारा बमबाजी कर दी और धमकी दी, कि तुम शिकायत करते रहो हम हमले करते रहेंगे, देखते है क्या कर लेती है पुलिस।

घमापुर पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चुंगी चौकी कांचघर निवासी पूनम अदानी के घर पर ही सामने भगवान टेंट हाउस की दुकान है जिसका संचालन पति पत्नी दोनों ही करते हैं। अदानी दंपत्ति के मुताबिक पूर्व में लडकियों को छेडने से मना करने पर क्षेत्र के कुछ असामाजिक तत्वों ने उनके मकान व दुकान पर बम पटककर आतंक मचाया था। इसके बाद शनिवार की देर रात भी क्षेत्र के यश ठाकुर, जीत ठाकुर और उनके साथ आए लगभग आधादर्जन से अधिक साथियों ने पत्थबाजी करने के साथ ही बम पटके और जमकर आतंक मचाते सभी भाग निकले थे। इस मामले की थाने में शिकायत की गई और इसके 24 घंटे भी नहीं बीते कि सोमवार की देर रात पुनः इन्हीं बदमाशों ने पूनम के दुकान के सामने बम पटककर धमकियां दीं कि वे इसी तरह हमला करते रहेंगे, पुलिस क्या कर लेगी। पीड़ित पूनम का कहना है कि रविवार को फेंके गए बम से उसकी बेटी घायल हो गई, उसके चेहरे के पास बम फटा था वह जिला अस्पताल में भर्ती है। सोमवार की रात दोनों बदमाश बाईक से आए और फिर बम फेंके, उस समय पूनम की बड़ी बेटी पोर्च में बैठी थी। पूरी घटना सीसीटीव्ही कैमरे में रिकार्ड हुई है।

### एक भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं

पीडित परिवार का आरोप है कि स्थानीय बदमाश उनके मकान और प्लाट में कब्जा करने के मकसद से लगातार डराने, धमकाने और हमला जैसी वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। पिछले दो महीने में तीसरी बार हमला हो चुका हैं। पुलिस एक भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई।

### छेड़छाड़ से विवाद की शुरुआत



पीड़ित टेंट व्यवसायी पूनम अदानी के अनुसार गत 12 नवंबर 2025 को आरोपी यश ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मोहल्ले की स्कूल कॉलेज जाने वाली छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की थी, तब पूनम ने उन्हें फटकार लगाई थी, इसी बात से नाराज 20 नवंबर की शाम बदमाशों ने उनकी टेंट दुकान में तोड़फोड़ की और पेट्रोल डालकर आग भी लगा दी थी। घर के बाहर खड़ी कार में तोड़फोड़ कर आटो में भी आग लगा दी। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने धमकी दी है कि शिकायत वापस नहीं ली तो उनके बेटे की हत्या कर दी जाएगी। दहशतजदा परिवार ने पुनः पुलिस में शिकायत कर दी है। देखना यह हैं कि बदमाशों की इस चुनौती को पुलिस किस तरह लेती है।

## ट्रक की टक्कर से बाईक चालक की मौत

**जबलपुर।** कटंगी थाना अतंर्गत सैयदबाबा रोड पर एक ट्रक ने एक बाईक को टक्कर मार दी, जिसमें सवार बाईक चालक नीचे गिर गया और गंभीर चोट आने के कारण मौके पर ही बाईक चालक की मौत हो गई। कटंगी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पडरिया थूहा निवासी 39 वर्षीय उत्तम सिंह गत दिवस अपनी बाईक क्रमांक एनजी 2422 से प्रज्ञाधाम तरफ गया था, तभी दमोह की ओर से आ रहे ट्रक आरजे 11 जीबी 7287 के चालक ने तेज गति से चलाते हुए उत्तम की बाईक में टक्कर मार दी, जिससे उत्तम बाईक सहित नीचे गिर गया और गंभीर चोटें आने के कारण उत्तम सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलते ही मृतक उत्तम का चाचा दौलत सिंह लोधी मौके पर पहुंचे जहां उत्तम सिंह मृत अवस्था में पड़ा मिला। पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाते हुए आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 281, 106, (1) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

मनमानी पर गिरी गाज...

## मदन महल थाना प्रभारी लाइन हाजिर

### पुलिस कप्तान का सख्त एक्शन, हनुमानताल, ग्वारीघाट सहित तीन थानों की बदली कमान

हरिभूमि, जबलपुर

शहर की पुलिसिंग में अनुशासन और जवाबदेही को लेकर पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय ने नए साल की शुरुआत में ही बड़ा प्रशासनिक कदम उठाया है। मदन महल टीआई संगीता सिंह को लाइन हाजिर कर दिया गया है। उनके साथ ही हनुमानताल और ग्वारीघाट थानों की कमान भी बदली गई है। यह वर्ष 2026 में शहर के पुलिस थानों में पहला बड़ा प्रशासनिक फेरबदल माना जा रहा है।

### कार्यप्रणाली पर बढ़ता असंतोष

मदनमहल थाना प्रभारी की कार्यशैली को लेकर बीते कुछ समय से पुलिस महकमे और जनप्रतिनिधियों के बीच असंतोष की स्थिति बनी हुई थी। खास तौर पर मानस भवन में आपत्तिजनक साहित्य के वितरण से जुड़े विवाद और उसके बाद हुए हंगामे में थाना स्तर पर की गई कार्रवाई ने कई सवाल खड़े किए। इसके अलावा अन्य मामलों में भी कार्रवाई में ढिलाई और संदिग्ध भूमिका की चर्चाएं सामने आती रहीं। इन्हीं कारणों से उनकी थाने से विदाई लगभग तय मानी जा रही थी, जिस पर अब औपचारिक मुहर लग गई है।

### मदन महल की कमान धीरज कुमार राज को

एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार मदनमहल थाना का प्रभार अब टीआई धीरज कुमार राज को सौंपा गया है। वे अभी तक हनुमानताल थाना प्रभारी के रूप में पदस्थ थे। प्रशासन को उनसे मदन महल जैसे संवेदनशील और व्यस्त थाना क्षेत्र में सख्त, निष्पक्ष और परिणामोन्मुखी पुलिसिंग की अपेक्षा है।

### हनुमानताल और ग्वारीघाट में अदला-बदली

प्रशासनिक फेरबदल के तहत ग्वारीघाट थाना प्रभारी सुभाषचंद्र बघेल को हनुमानताल थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं निरीक्षक हरिकिशन आटनेरे को एक बार फिर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें ग्वारीघाट थाना का प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### लाइन से थाने तक वापसी

टीआई हरिकिशन आटनेरे इससे पहले लॉर्डगंज थाना और गढ़ा यातायात थाना के प्रभारी रह चुके हैं। दोनों ही स्थानों पर असंतोषजनक कार्यप्रणाली के चलते उन्हें लाइन भेजा गया था। अब उन्हें पुनः थाने का दायित्व देकर पुलिस प्रशासन ने दूसरा अवसर दिया है।

### स्पष्ट संदेश प्रदर्शन से तय होगा पद

इस कार्रवाई से पुलिस विभाग में साफ संदेश गया है कि लापरवाही, मनमानी और विवादों से जुड़ी कार्यशैली अब स्वीकार्य नहीं है। कप्तान उपाध्याय द्वारा कार्य-प्रदर्शन के आधार पर की जा रही यह सख्ती आगे भी जारी रह सकती है। सूत्रों का कहना है कि कुछ और थाना प्रभारियों के प्रभार में बदलाव की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

# मौसम : बर्फीली हवाओं के झौंके से पारा अभी और उतरेगा

**शीतलहर से कांपा शहर, कोहरे ने प्रभावित किया यातायात**

जबलपुर। उत्तरभारत में हो रही बर्फबारी के बीच उत्तरी दिशाओं से आ रह हवाओं के कारण जबलपुर में ठंड के तेवर तीखे हो गए। घने कोहरे के बीच चली बर्फीली हवाओं से शहर कांप उठा। मंगलवार की सुबह से घना कोहरा छाया रहा, जिसके चलते विजिबिलिटी कम हो गई थी। जिससे वाहन चालकों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

मंगलवार की सुबह 3 से 4 बजे के बीच घना कोहरा था 50 मीटर दूर की चीजे दिखाई नहीं दे रही थी, जिससे शहर के बाहरी मार्गों में बस, कार, मोटर सायकिल चालकों को वाहन चलाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि आने वाले दिन में रात के तापमान में और गिरावट आने की संभावना है।

उत्तर भारत में हुए हिमपात के कारण शहर में बर्फीली हवाएं तेजी से चल रही है। ठंड की ठिठुरन से पूरा जनजीवन प्रभावित हो गया। प्रातःकालीन पाली में लगने वाली शालाओं में बच्चों का जाना और लेट लतीफ होने पर मिलने वाली सजा ठंड में दुगनी परेशानी पैदा कर रही है। शिक्षक पालक संघ की मांग है, कि प्रातःकालीन शालाओं का समय बदलकर 9 बजे तो कर दिया पर 8 बजे तक ओस की बूंदे और कोहरा पीछा नहीं छोड़ता। लिहाजा स्कूलों में दस दिन का विशेष शीतकालीन अवकाश घोषित कर दिया जाए। मौसम विभाग ने चेतावनी दी है कि तापमान प्रतिदिन नीचे लुढ़क रहा है और यदि दो तीन दिन तक यही क्रम जारी रहा जैसी कि संभावना है तो आने वाले दिनों में ठंड असहनीय हो जायेगी। लिहाजा शालाओं के समय में परिवर्तन या फिर विशेष शीतकालीन अवकाश घोषित किया जाए। वहीं खुले आसमान के नीचे रात गुजारने वालों के लिए हर हाल में अलाव की व्यवस्था की जाये।



स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के प्रवक्ता ने बताया कि घने कोहरे ओस की बूंदों के बीच चलने वाली बर्फीली हवाओं से ठिठुरन बढ़ गई। तापमान मे लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। पिछले 10 दिनों से शहर में शीतलहर का प्रकोप बना हुआ है। गर्म कपड़ों और अलाव के सहारे लोग शीतल बयारों से अपना बचाव कर रहे हैं।

पिछले 24 घंटों के दौरान शहर का अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री कम रहा। इसी तरह न्यूनतमन तापमान 07.08 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 3 डिग्री कम रहा। हवा में नमी प्रातःकाल 87 प्रतिशत, सायंकाल 57 प्रतिशत आंकी गई। प्रदेश में सबसे कम 0.2 डिग्री सेल्सियस तापमान राजगढ़ जिले में दर्ज किया गया। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 27.04 डिग्री और न्यूनतम तापमान 12.0 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 23 घंटों के दौरान जिले में मध्यम कोहरे रहने और शीतलहर चलने की संभावना है। उत्तरी पूर्वी हवाएं 4 से 5 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चली। सूर्योदय सुबह 6.53 और सूर्योस्त् शाम 5. 40 बजे हुआ।

## रानीपुर पड़वार में श्रीमद् भागवत कथा ने बनाया भक्ति का माहौल

**बरेला।** ग्राम रानीपुर (पड़वार) में डॉ. संजय यादव एवं यादव परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पंचम दिवस पर श्रद्धा और भक्ति का वातावरण बना रहा। व्यासपीठ से जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर स्वामी डॉ. नरसिंहदेवाचार्य जी ने भागवत कथा की रसपूर्ण व्याख्या की। पंचम दिवस पर गुरुदेव ने भगवान श्रीकृष्ण की ब्रज की बाल लीलाओं का सुंदर वर्णन करते हुए बताया कि भगवान ने गोप-गोपियों एवं ब्रजवासियों को आनंद देने के लिए बाल लीलाएं कीं। उन्होंने माखन चोरी, मटकी फोड़ने और बछड़ों को गायों के पास छोड़ने जैसी लीलाओं का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा श्रवण हेतु शारदा मंदिर बरेला के व्यवस्थापक एवं सरपंच आशीष शुक्ला, जिला कांग्रेस कमेटी के जिला महामंत्री अरविंद तिवारी, वरिष्ठ भाजपा नेता दालचंद विश्वकर्मा, राजेन्द्र यादव, शिक्षक चिंतामणि तिवारी, उमा शंकर उपाध्याय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु, माताएं-बहनें एवं भक्तजन उपस्थित रहे।



## मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के इस्तीफे की मांग



**सिहोरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिहोरा के संयोजन में मध्य प्रदेश के इंदौर शहर में हुई दूषित पानी की समस्या से 16 लोगों की मौतों के जिम्मेदार मुख्यमंत्री मोहन यादव की सरकार है और मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के द्वारा अमानवीय व्यवहार संवेदनाओं को तार तार किया है इसके विरोध में विधायक कार्यालय के सामने घंटा बजाया गया। एंव बस स्टेंड में मृतकों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम और प्रदेश के अहंकारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की फोटो दहन कर इस्तीफा की मांग की गई। इस अवसर पर बिहारी पटेल ब्लॉक अध्यक्ष,पार्षद राजेश चौबे,प्रकाश कुररिया,अमोल चौरसिया, लाल बहादुर पाठक,आलोक पांडे,राजेश पटेल, गणेश दाहिया,दिलीप जैन,शिवकुमार गर्ग,रमा चौरसिया,पवन सोनी,संदीप शुक्ला,आदि कांग्रेस जन उपस्थित थे।

## श्री विष्णु बाराह कपः जम्मू-कश्मीर की जीत, क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह



**मझौली।** श्री विष्णु बाराह कप अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत सातवां लीग मैच जम्मू-कश्मीर और इटावा के बीच खेला गया। टॉस जीतकर इटावा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 127 रन बनाए। इटावा की ओर से शिवांशु ने 45 और दीपक लोधी ने 34 रनों का योगदान दिया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी जम्मू-कश्मीर की शुरुआत कमजोर रही और शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाज जल्दी पवेलियन लौट गए। हालांकि मध्यक्रम में तैमूर शौकत और तारिक ने शानदार व संयमित बल्लेबाजी करते हुए क्रमशः 47 व 34 रन बनाए। दोनों की सधी हुई पारी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने 4 विकेट से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए तैमूर शौकत को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मैच के निर्णायक संदीप झरिया एवं अमीन खान रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राजेंद्र चौरसिया, गिरीश पालीवाल, मोनू, जगदीश नेमा, महेंद्र कोस्टा, शकील भाईजान, बी. देवराज, ब्रजेश दुबे, गुड्डू जैन, रजनीश कुररिया एवं रिजु नेमा उपस्थित रहे।

## अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों से बेहतर इलाज संभव : डॉ. स्पर्श नायक

**जबलपुर।** भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय अंतर्गत आयुध निर्माणी संगठनों से सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मिलने वाली पेंशन एवं सीजीएचएस सुविधाओं के अंतर्गत बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर वरिष्ठ नागरिक परिषद के पदाधिकारियों ने नायक मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल के विशेषज्ञ डॉ. स्पर्श नायक से सौहार्दपूर्ण चर्चा की। वरिष्ठ नागरिक परिषद के अध्यक्ष काजल विश्वास, उपाध्यक्ष एम.एल. अग्निहोत्री व रामसिंह ठाकुर, संगठन सचिव अनिल शुक्ला एवं कोषाध्यक्ष गुरमुख दास तलरेजा ने घुटनों एवं एड़ी के दर्द से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों के उपचार तथा अस्पताल की सुविधाओं पर विस्तार से जानकारी प्राप्त की। डॉ. स्पर्श नायक ने बताया कि अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं रोबोटिक तकनीक के माध्यम से अब सुलभ, सुरक्षित एवं बेहतर इलाज संभव है। डॉ. स्पर्श नायक एवं धर्मेंद्र ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक उनके परिवार के समान हैं और उन्हें सर्वोत्तम उपचार उपलब्ध कराना उनका नैतिक दायित्व है। परिषद के अध्यक्ष काजल विश्वास एवं सचिव अनिल शुक्ला ने सदस्यों को जागरूक करने हेतु भविष्य में अस्पताल प्रबंधन के सहयोग से एक सेमिनार आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे डॉ. नायक ने सहर्ष स्वीकार किया।



## गौर में प्रतिदिन हो रहा हनुमान चालीसा पाठ, श्रद्धालु ले रहे धर्मलाभ

**जबलपुर।** गौरैया घाट स्थित गौर पुलिस चौकी के पास गोरेश्वर धाम श्री हनुमान मंदिर में 1 जनवरी 2026 से 10 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन के संकल्पकर्ता अमरजीत सिंह बंटी एवं श्रीमती कामिनी सिंह ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन के अंतर्गत प्रतिदिन श्रद्धालुओं द्वारा 11 हजार हनुमान चालीसा पाठ किए जा रहे हैं। आयोजन में क्षेत्र एवं आसपास के ग्रामों के श्रद्धालुओं का विशेष सहयोग मिल रहा है। प्रथम दिवस विशाल शोभायात्रा के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ, जिसके बाद से प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना एवं पाठ में सहभागिता कर रहे हैं। संकल्पकर्ता अमरजीत सिंह ने बताया कि बाहर से आए पंडितों द्वारा प्रतिदिन श्री हनुमान जी महाराज एवं मंदिर में विराजित समस्त देवी-देवताओं का विधिवत पूजन-अर्चन किया जा रहा है। मंगलवार को विशेष पूजन संपन्न हुआ, जिसके पश्चात श्रद्धालुओं ने अपनी श्रद्धा अनुसार हनुमान चालीसा का पाठ किया। आयोजन के दौरान प्रतिदिन भजन-कीर्तन का भी आयोजन किया जा रहा है। साथ ही प्रतिदिन शाम 4 बजे से 6:30 बजे तक रामायण के विभिन्न कांडों पर आधारित संगीतामय कथा का वाचन पंडितों द्वारा किया जा रहा है, जिसका श्रद्धालु लाभ ले रहे हैं। आयोजन को सफल बनाने में कामिनी सिंह ठाकुर, संजीत सिंह ठाकुर, विजय तिवारी, वीरेंद्र शुक्ला, पंडित लाल जी महाराज, पंडित शैलेश महाराज सहित समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी सहयोग कर रहे हैं।



## जिला शिक्षा अधिकारी ने विकासखंड के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली

**सिहोरा।** जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने सांदीपनि विद्यालय सिहोरा में विकासखंड के प्राचार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की।



बैठक का स्वागत विद्यालय के प्राचार्य अशोक उपाध्याय ने शाल और श्रीफल से किया। इस अवसर पर सहायक संचालक अतुल चौधरी (बीईओ मझौली) और सहायक संचालक अरविन्द धुर्वे (बीईओ सिहोरा) भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी सोनी ने शिक्षकों को विद्यालय संचालन और गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्रों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करें और पाठ्यक्रम के अनुसार पढ़ाई पूरी कर कोर्स का रिवीजन कराएं। शिक्षक प्रत्येक छात्र की प्रगति पर अपडेट रहें। जिला शिक्षा अधिकारी ने स्कूलों के निर्माण कार्यों की जानकारी भी ली। साथ ही कक्षा 10 वीं के परीक्षा परिणामों के संदर्भ में सभी प्राचार्यों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, सहायक यंत्री ओ. पी. सिंह, उपयंत्री सुभाष शर्मा तथा विकासखंड सिहोरा और मझौली के सभी प्राचार्य उपस्थित रहे।

## लुई ब्रेल एक महापुरुष थे : डॉ. स्थापक

### दिव्यांगों के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** लुई ब्रेल के पुण्यतिथि के अवसर पर समदृष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल सक्षम के द्वारा होटल अरिहंत में लुई ब्रेल जयंती 4 जनवरी रविवार और पुण्यतिथि 6 जनवरी मंगलवार को आयोजित की गई। इस अवसर पर एक कार्यक्रम दृष्टिबाधितों के बीच आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक आनंद, विशिष्ट अतिथि श्रीनिवास राव, उपाध्यक्ष, मध्य प्रदेश शिक्षा मंडल रहे एवं अध्यक्षता डॉक्टर पवन स्थापक के द्वारा की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि की आसंदी से डॉक्टर आनंद जी ने कहा कि ईश्वर को ऐसे तो दिव्यांग बनाना ही नहीं चाहिए पर अगर कोई दिव्यांग हो ही जाता है तो सम दृष्टि क्षमता विकास अनुसंधान मंडल सक्षम जैसे राष्ट्रीय संगठन आज ईश्वरीय सेवा समझ कर दिव्यांगों के लिए चाहे उनका शिक्षा का क्षेत्र हो, चाहे स्वास्थ्य का क्षेत्र हो, चाहे स्वावलंबन का क्षेत्र हो, चाहे उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा हो या उनकी समस्याओं का निदान हो पूरे राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रहा है। आज जो ई - ट्राय साइकिल वितरित की गई और ऐसे बंधु जो दिव्यांग मित्र थे इनके अभिनंदन का जो कार्यक्रम किया गया निश्चित रूप से सक्षम की सराहनीय पहल है। अध्यक्ष उद्बोधन में डॉक्टर पवन स्थापक ने कहा की लुई ब्रेल एक ऐसे महापुरुष थे जिन्होंने दृष्टिबाधितों को जीने का सहारा उपलब्ध कराया। उद्बोधन में डॉक्टर अपूर्वा स्थापक ने कहा कि जब कोई दृष्टिबाधित हाथ से ब्रेल पद्धति की उभरी हुई आकृतियों को छूता है तो जो प्रतिबिंब है उसके ब्रेन में बनता है और वह यह महसूस करता है कि जैसे वह है उसे वस्तु को देख रहा हो जिसको स्पर्श कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन करते हुए पीयूष जैन ने ब्रेल की प्रासंगिकता को सार्थक ठहराया। कार्यक्रम में शिव शंकर कपूर, डॉक्टर आशीष गुप्ता, अभिनव जैन, देवेंद्र सोनी, अमित साहू, गिरी सक्सेना, संजय चक्रवर्ती, डॉक्टर अर्पिता स्थापक, आवास जैन, वर्षा जैन उपस्थित रहे।



## जनेकृविवि में कृषिका 2026 कैलेंडर का विमोचन



**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा द्वारा नववर्ष कैलेंडर कृषिका 2026 का विमोचन किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह कैलेंडर कृषकों, वैज्ञानिकों, कृषि विस्तार कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं के लिए अत्यंत उपयोगी है। उन्होंने बताया कि कृषिका 2026 में प्रतिमाह कृषि से जुड़ी महत्वपूर्ण तकनीकी जानकारियां एवं हिंदी तिथियों का समावेश किया गया है, जिससे कृषक वर्षभर अद्यतन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही उन्होंने अधिकारी, शिक्षक, वैज्ञानिक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों से संस्था और राष्ट्रहित में मिलकर कार्य करने का आह्वान किया। कैलेंडर विमोचन अवसर पर अधिष्ठाता कृषि संकाय डॉ. धीरेन्द्र खरे, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉ. जी.के. कौतु, संचालक शिक्षण डॉ. अभिषेक शुक्ला, संचालक विस्तार सेवाएं डॉ. टी.आर. शर्मा, संचालक प्रक्षेत्र डॉ. विजय यादव, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी एवं प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## सिहोरा में सांसद आशीष दुबे का सघन प्रवास, वीबी-ग्रामजी योजना की दी जानकारी



**जबलपुर।** सिहोरा विधानसभा के मझगवां मंडल अंतर्गत सांसद आशीष दुबे ने सघन प्रवास कार्यक्रम के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों का दौरा कर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। इस दौरान उन्होंने रजगवां, बुधारी, मढ़ा बंजर, गिदुरहा, खितौला खम्परिया, सैलवारा, भंडरा, खिरहनी कला, छनगवां, बुढ़रा एवं सिंघुली ग्राम पंचायतों में जनसंपर्क किया। सांसद श्री दुबे ने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकता अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने केंद्र सरकार की बहुआयामी वीबी-ग्रामजी (**VB-GRAMG**) योजना को ग्रामीणों के लिए अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इसके अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार मिलेगा, जिससे आजीविका सशक्त होगी और आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। प्रवास के दौरान सांसद ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में विधायक संतोष बरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा मुकेश गोंटिया, नगर पालिका अध्यक्ष संध्या दिलीप दुबे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

## बैतूल से अयोध्या तक आस्था और संकल्प की पदयात्रा

**पनागर/कुशनेर।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के ग्राम से निकले धनंजय सिंह ठाकुर एवं केशव मुरले ने आस्था, त्याग और राष्ट्रभाव का संदेश देते हुए अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि तक 1365 किलोमीटर की पदयात्रा प्रारंभ की है। दोनों युवा 21 दिनों में पदयात्रा पूर्ण कर रामलला के दर्शन का संकल्प लेकर तीसरी बार अयोध्या के लिए निकले हैं। पदयात्रा के दौरान दोनों युवक 1314 गांवों की मिट्टी एवं 103 नदियों का जल एकत्र कर प्रभु श्रीराम के चरणों में अर्पित करेंगे। यह यात्रा सामाजिक समरसता, सांस्कृतिक एकता एवं पर्यावरण चेतना का प्रतीक मानी जा रही है। पनागर के कुशनेर क्षेत्र पहुंचने पर पत्रकार सौरव मिश्रा एवं अमित परोहा सहित स्थानीय नागरिकों ने पदयात्रियों का स्वागत कर सम्मान किया। क्षेत्रवासियों ने युवाओं के संकल्प की सराहना करते हुए उनके सफल यात्रा की कामना की।



## निधन

**श्रीमती सुशीला देवी चौहान-** दत्त टाउनशिप तिलहरी निवासी श्री मुकुट सिंह चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला देवी चौहान (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती स्मिता यादव-** उड़िया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री कामता यादव की धर्मपत्नी श्रीमती स्मिता यादव (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नंद लाल सिंह-** शंकर नगर सुहागी निवासी श्री नंद लाल सिंह (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती विनीता यादव-** छोटी ओमती निवासी श्री विशन यादव की धर्मपत्नी श्रीमती विनीता यादव (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती श्यामवती-** करमेता निवासी श्रीमती श्यामवती का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती हीरा बाई कोरी-** भानतलैया बकरा मार्केट निवासी श्री चुन्नी लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई कोरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री लालचंद बलेचा-** कास्मो सिटी गोरखपुर थाना के पास निवासी श्री लालचंद बलेचा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुन्ना लाल ठाकुर-** कालीमठ आमनपुर मदनमहल निवासी श्री मुन्ना लाल ठाकुर (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सुशील कुमार मुले-** बजाज जी हेरिटेज इंदौर निवासी श्री सुशील कुमार मुले (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शकुंतला बाई चौधरी-** सिद्धबाबा साहू मोहल्ला निवासी श्री अवध लाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती शकुंतला बाई चौधरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रमा विज-** दत्त आर्केड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री बसंत कुमार विज की धर्मपत्नी श्रीमती रमा विज (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला कुशवाहा-** सिद्धबाबा वार्ड चाचा किराना के पास निवासी श्री राम आसरे कुशवाहा की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला कुशवाहा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लीला रैकवार-** गली नं. 14, सदर निवासी श्री भगवान दास रैकवार की धर्मपत्नी श्रीमती लीला रैकवार (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण कोल-** छुई खदान मड़ैया श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री नारायण कोल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी-** लाल कुआं पोलीपाथर निवासी श्री रिषीकेश की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ताराचंद सोनकर-** घमापुर चौक के पास निवासी श्री ताराचंद सोनकर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रज्जो बाई झारिया-** दुर्गा नगर ग्वारीघाट रेलवे स्टेशन के सामने निवासी श्री कल्लू झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती रज्जो बाई झारिया (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री भूरे लाल चौधरी-** बड़ी मदार टेकरी शंकर चौक निवासी श्री भूरे लाल चौधरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री श्याम लाल चौहान-** शक्तिनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री श्याम लाल चौहान (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ओम प्रकाश चौरसिया-** घमापुर चौक के निकट निवासी श्री ओम प्रकाश चौरसिया (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती करूणा तिवारी-** गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री धर्मराज तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती करूणा तिवारी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सूरज रैकवार-** सिंधी कैंप चौथ वाले बाबा के पास निवासी श्री सूरज रैकवार (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कैलाश नाथ-** रामनगर गुलौआ गढ़ा निवासी श्री कैलाश नाथ (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री इंद्रपाल यादव-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री इंद्रपाल यादव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री विष्णु कुमार जायसवाल-** प्रभात कॉलोनी गढ़ा रोड निवासी श्री विष्णु कुमार जायसवाल (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सोनू उपाध्याय-** सिग्मा कान्हा गौर निवासी श्री कमलेश उपाध्याय के पुत्र श्री सोनू उपाध्याय (25) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री अमित कुमार दासगुप्ता-** मदनमहल गुलाटी पेट्रोल पंप के पास निवासी श्री अमित कुमार दासगुप्ता (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता बाई बैरागी-** एलआईसी इंद्रा बस्ती मदनमहल निवासी श्री रामभाऊ बैरागी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता बाई बैरागी (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति अक्षर से.मी.
फिक्स साइज:- 12×4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 12×4 से.मी. रंगीन 900/-
फिक्स साइज 10×8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362160

## नए साल में 2 नए ताप विद्युत ने बनाए नए रिकार्ड

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के दो ताप विद्युत गृहों ने नए वर्ष की शुरुआत में ही नए रिकार्ड बनाए हैं। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 4 ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इस वित्तीय वर्ष में जहां दूसरी बार लगातार 100 दिन तक विद्युत उदत्पादन किया, वहीं अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट ने बिना ट्रिपिंग और जीरो तेल की खपत के एक कैलेंडर वर्ष पूर्ण कर लिए। यह यूनिट 1 जनवरी 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक निर्बाध रूप से संचालित रही। वर्तमान में इस यूनिट ने लगातार संचालन के 462 दिन पूर्ण कर लिए। संजय गांधी ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 4 एमपीपीजीसीएल की 11 वीं यूनिट है जिसने 100 दिन लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज मंडलोई व एमपीपीजीसीएल के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने बिरसिंगपुर व चचाई के अभियंताओं व तकनीकी कार्मिकों को इस उपलब्धि हासिल करने के लिए बधाई दी है।

**नाम सुधार हेतु**

मैं सुमन कुमार (SUMAN KUMAR) पिता श्री उचित लाल पंडित निवासी म.नं.63,रामा रेसीडेन्सी, टेमरभीटा, गोराबाजार, जबलपुर म.प्र.का निवासी हूँ मैं शपथकर्ता मिलिट्री हॉस्पिटल जबलपुर में ट्रेसमैन मेट के पद पर कार्यरत हूँ। जिसके रिकार्ड में मेरा नाम सुमनकुमार उचितलाल पंडित(SUMANKUMAR UCHITLAL PANDIT) दर्ज है। मुझ शपथकर्ता के शिक्षा के रिकार्ड, आधार कार्ड,पेन कार्ड,समग्र आई डी, बैंक रिकार्ड में मेरा नाम सुमन कुमार (SUMAN KUMAR) दर्ज हैं। सुमन कुमार (SUMAN KUMAR) एवं सुमनकुमार उचितलाल पंडित (SUMANKUMAR UCHITLAL PANDIT) यह दोनो नाम एक ही व्यक्ति यानी मेरे नाम है तथा मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुमन कुमार (SUMAN KUMAR) है। मुझ शपथकर्ता के सर्विस रिकार्ड में सुमनकुमार उचितलाल पंडित (SUMANKUMAR UCHITLAL PANDIT) के स्थान पर सुमन कुमार (SUMAN KUMAR) दर्ज किया जावे। शपथ पत्र दिनाक 05/01/2026, समक्ष पब्लिक नोटरी शुभाशीष,चटर्जी जिला न्यायालय, जबलपुर म.प्र.
नया नाम-सुमन कुमार (SUMAN KUMAR)
पुराना नाम-सुमनकुमार उचितलाल पंडित
(SUMANKUMAR UCHITLAL PANDIT)

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, रचित नितिन नेगाँधी (Rachit Nitin Negandhi) निवासी 9, नर्मदा रोड, पुरूषार्थी को-ओपरेटिव हाउसिंग सोसायटी, जबलपुर घोषणा करता हूं कि मेरा नाम आधार कार्ड एवं पैन कार्ड में रचित नेगाँधी (Rachit Negandhi) दर्ज है, किंतु पासपोर्ट में मेरा नाम रचित नितिन नेगाँधी (Rachit Nitin Negandhi) दर्ज है जो कि गलत है। अब आज से रचित नितिन नेगाँधी के बजाय सभी दस्तावेजों में केवल रचित नेगाँधी (Rachit Negandhi) ही पढ़ा एवं लिखा जावे।

**सही नाम- रचित नेगाँधी**
**गलत नाम- रचित नितिन नेगाँधी**

## खबर संक्षेप

### जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने जुटाए 2,039 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने एनएबीएफआईडी, एचएसबीसी, डीबीएस, बार्कलेज और असीम इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे प्रमुख वैश्विक एवं राष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों से ऋण वित्तपोषण के रूप में 2,039 करोड़ रुपये जुटाए हैं। कंपनी ने मंगलवार को बयान में कहा कि इसके अलावा जूनिपर ग्रीन एनर्जी ने फेडरल बैंक और एक्सिस बैंक के साथ अपनी गैर-निधि-आधारित सीमाओं का विस्तार किया है।

### रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 29 फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली।** वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी प्रवाह घटने के बावजूद वर्ष 2025 के दौरान भारत के रियल एस्टेट क्षेत्र में



संस्थागत निवेश 29 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 8.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया। कोलियर्स इंडिया ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रियल एस्टेट सलाहकार कोलियर्स इंडिया के आंकड़ों के मुताबिक, रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश वर्ष 2025 के दौरान 8.47 अरब डॉलर पर पहुंच गया जो अब तक का उच्चतम स्तर है जबकि वर्ष 2024 में यह 6.56 अरब डॉलर था।

### निसान ने भारत से 13,470 वाहनों का किया निर्यात

**नई दिल्ली।** वाहन विनिर्माता निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एनएमआईपीएल) ने दिसंबर महीने में रिकॉर्ड 13,470



वाहनों का निर्यात किया जो पिछले 10 वर्षों में किसी भी महीने का सर्वाधिक आंकड़ा है। कंपनी ने सोमवार को एक बयान में कहा कि दिसंबर, 2025 में उसने घरेलू बाजार में 1,902 वाहनों की बिक्री की। इस तरह पिछले महीने निसान की कुल बिक्री 15,372 इकाई रही। वर्ष 2025 में कंपनी ने भारत में विनिर्मित कुल 12 लाख से अधिक इकाइयों का निर्यात किया।

### भारत कोकिंग के आईपीओ का मूल्य दायरा तय

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया की इकाई भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (बीसीसीएल) ने कहा कि 1,071 करोड़ रुपये के आगामी आरंभिक



सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 21 रुपये से लेकर 23 रुपये तक का मूल्य दायरा तय किया गया है। मूल्य दायरे के ऊपरी स्तर पर कंपनी का कुल मूल्यांकन 10,700 करोड़ रुपये आंका गया है। बीसीसीएल का आईपीओ नौ जनवरी को खुलेगा जो वर्ष 2026 का पहला आईपीओ भी होगा। यह निर्गम 13 जनवरी बंद होगा जबकि एंजेल यानी बड़े निवेशक आठ जनवरी को बोली लगाएंगे।

### लीला पैलेस ने होटल और रिसॉर्ट के लिए बनाई कंपनी

**नई दिल्ली।** लीला पैलेस होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने कहा कि उसने 'द लीला' ब्रांड के तहत लक्जरी



होटल और रिसॉर्ट के स्वामित्व, संचालन, प्रबंधन और विकास के लिए एक पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी गठित की है। कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय ने पांच जनवरी को 'लीला इम्पीरियल सूट्स प्राइवेट लिमिटेड' के लिए गठन प्रमाणपत्र जारी किया। लीला होटल्स एंड रिसॉर्ट्स ने शेयर बाजार को बताया, 'कंपनी का मुख्य उद्देश्य 'द लीला' ब्रांड के तहत लक्जरी होटल और रिसॉर्ट का स्वामित्व, संचालन, प्रबंधन और विकास करना है।'

## यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन कर रही कंपनी

# रूस से तीन सप्ताह से तेल नहीं मिला, जनवरी में भी मिलने की उम्मीद नहीं: रिलायंस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मंगलवार को कहा कि उसे रूस से करीब तीन सप्ताह से तेल का कोई बैरल नहीं मिला है और जनवरी में भी इसके प्राप्त होने की कोई उम्मीद नहीं है। रिलायंस ने 20 नवंबर 2025 को कहा था कि उसने यूरोपीय संघ के प्रतिबंधों का अनुपालन करने के लिए गुजरात के जामनगर स्थित अपनी निर्यात-विशिष्ट रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद कर दिया है। इससे पहले रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी जिसे वह जामनगर स्थित अपने विशाल तेल शोधन परिसर में संसाधित करके पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी। इस परिसर में दो रिफाइनरियां हैं। एक विशेष क्षेत्र (एसईजेड) इकाई जहां से यूरोपीय संघ, अमेरिका तथा अन्य बाजारों में ईंधन निर्यात किया जाता है और एक पुरानी इकाई जो मुख्य रूप से घरेलू बाजार की जरूरतों को पूरा करती है।

- गुजरात के जामनगर स्थित रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का उपयोग बंद

**खास बातें**

- रिलायंस, भारत में रूसी तेल की सबसे बड़ी खरीदार थी
- कच्चे तेल को शोधन से पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन में तब्दील करती थी



### यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए बड़ा बाजार

यूरोपीय संघ, रिलायंस के लिए एक बड़ा बाजार है और उसने रूस के ऊर्जा राजस्व को लक्षित करते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाए हैं जिनमें रूसी कच्चे तेल से उत्पादित ईंधन के आयात और बिक्री पर प्रतिबंध लगाने वाले उपाय भी शामिल हैं। इन शर्तों का पालन करने के लिए, रिलायंस ने अपने केवल निर्यात के लिए बने (एसईजेड) रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का प्रसंस्करण बंद कर दिया था।

### ब्लूमबर्ग के दावे का किया रिलायंस ने खंडन

कंपनी ने 'ब्लूमबर्ग' की उस रिपोर्ट को मंगलवार को ''पूरी तरह से असत्य'' बताया जिसमें दावा किया गया था कि ''रूसी तेल से लदे तीन जहाजों को रिलायंस की जामनगर रिफाइनरी के लिए तैयार किया जा रहा है।'' रिलायंस ने बयान में कहा, '' रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी को पिछले करीब तीन सप्ताह से रूसी तेल की कोई खेप नहीं मिली है और जनवरी में भी रूसी कच्चे तेल की कोई आपूर्ति मिलने की उम्मीद नहीं है।''

### केप्लर के हवाले से तीन जहाज सिक्का बंदरगाह आ रहे

'ब्लूमबर्ग' एक वैश्विक मीडिया एवं वित्तीय सूचना कंपनी है जो व्यापार, अर्थव्यवस्था, वित्तीय बाजार एवं नीति से जुड़ी विश्वसनीय खबरें व डेटा प्रदान करती है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट में आंकड़ा विश्लेषक कंपनी 'केप्लर' के हवाले से कहा गया था कि करीब 22 लाख बैरल यूराल (रूसी कच्चे तेल का एक प्रकार) से लदे कम से कम तीन टैंकर सिक्का बंदरगाह की ओर जा रहे थे जिसके माध्यम से जामनगर रिफाइनिंग परिसर अपने कच्चे तेल के आयात का एक बड़ा हिस्सा प्राप्त करता है।

### सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल किया जा रहा था

सिक्का बंदरगाह का इस्तेमाल हालांकि रिलायंस के अलावा अन्य कंपनियां भी करती हैं। उद्योग जगत से जुड़े सूत्रों के अनुसार, रिपोर्ट में उल्लिखित तीनों टैंकर संभवतः भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) की बीना रिफाइनरी के लिए थे, रिलायंस के लिए नहीं।

### 20 नवंबर से कच्चे तेल का आयात बंद

रिलायंस के एक प्रवक्ता ने 20 नवंबर 2025 को बयान में कहा था, '' हमने 20 नवंबर से अपने एसईजेड रिफाइनरी में रूसी कच्चे तेल का आयात बंद कर दिया है। वहीं एक दिसंबर से एसईजेड रिफाइनरी से निर्यात किए जाने वाले सभी उत्पाद गैर-रूसी कच्चे तेल से प्राप्त किए जाएंगे।'' इससे पहले, रिलायंस प्रतिदिन भारत को भेजे जाने वाले रियायती रूसी कच्चे तेल के करीब आधे हिस्से की खरीद करता था जिसकी मात्रा 17-18 लाख बैरल थी।

# बिकवाली से शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन टूटा

## सेंसेक्स 376 अंक कमजोर, निफ्टी 72 अंक फिसला

एजेंसी ⏭ मुंबई

वैश्विक स्तर पर तनाव और अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंताओं के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज एवं एचडीएफसी बैंक जैसे दिग्गज शेयरों में भारी बिकवाली से मंगलवार को घरेलू शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन गिरकर बंद हुए। सेंसेक्स में 376 अंक की गिरावट रही जबकि निफ्टी करीब 72 अंक फिसल गया। विश्लेषकों के मुताबिक, एशियाई बाजारों के मजबूत रुख के बावजूद भारत पर शुल्क बढ़ाने की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नई चेतावनी से निवेशकों ने सतर्कता बरती। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 376.28 अंक टूटकर 85,063.34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक

- अमेरिकी शुल्क बढ़ने की चिंता से दिग्गज शेयरों में बिकवाली



समय यह 539.52 अंक तक लुढ़ककर 84,900.10 अंक पर आ गया था। निफ्टी 71.60 अंक गिरकर 26,178.70 अंक पर बंद हुआ।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''रिलायंस और एचडीएफसी जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली से घरेलू बाजार में गिरावट रही। वेनेजुएला पर अमेरिकी सैन्य कार्रवाई से उपजी अनिश्चितता और रूसी तेल आयात के मुद्दे ने बाजार की धारणा को प्रभावित किया। इसके अलावा तिमाही नतीजों का सिलसिला शुरू होने को लेकर भी सतर्कता है।''

# भारतीय बैंकों के कामकाजी माहौल में आएगा सुधार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारतीय बैंकों को आने वाले समय में रिजर्व बैंक की बेहतर निगरानी और मजबूत पर्यवेक्षण व्यवस्था का फायदा मिलने की उम्मीद है। इससे न सिर्फ बैंकिंग प्रणाली में जोखिम कम होंगे, बल्कि पूरे क्षेत्र का कामकाजी माहौल भी सुधरेगा। एक रिपोर्ट में यह संभावना जताई गई है। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच ने एक रिपोर्ट में कहा कि मजबूत आर्थिक वृद्धि की संभावनाओं और महंगाई के जोखिमों में कमी आने के साथ ये बदलाव बैंकिंग क्षेत्र के लिए सकारात्मक हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले कुछ वर्षों में तनावपूर्ण हालात से निपटने, जोखिमों की निगरानी और खराब कर्ज की वसूली से जुड़े नियामकीय ढांचे में काफी सुधार हुआ है। फिच ने कहा, "वित्त वर्ष 2015-16 से 2017-18 के बीच गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) में तेज बढ़ोतरी के पीछे जिन कमजोरियों की भूमिका थी, उन्हें अब काफी हद तक दूर कर लिया गया है। फिलहाल बैंकिंग प्रणाली के प्रमुख आंकड़े कई वर्षों की सबसे मजबूत स्थिति में हैं।"

बैंकिंग क्षेत्र के कुल कर्जों में एनपीए का अनुपात वित्त वर्ष 2017-18 के 11.2 प्रतिशत से घटकर 2025-26 की पहली छमाही में 2.2 प्रतिशत रह गया है। इसी तरह, बैंकों की पूंजी स्थिति भी बेहतर हुई है। इसके अलावा बैंक की वित्तीय मजबूती और संकट झेलने की क्षमता का पैमाना माना जाने वाला कॉमन इक्विटी टियर-1 अनुपात भी बढ़कर 14.8 प्रतिशत हो गया है, जो वित्त वर्ष 2013-14 में करीब 9.3 प्रतिशत था।

### परिसंपत्तियों पर प्रतिफल 1.3 प्रतिशत

*बैंकों की लाभप्रदता भी एशिया-प्रशांत क्षेत्र के समकक्ष देशों के अनुरूप है। हाल के वर्षों में परिसंपत्तियों पर प्रतिफल (आरओए) करीब 1.3 प्रतिशत रहा है। फिच का मानना है कि अपेक्षित ऋण क्षति (ईसीएल) ढांचे को लागू करने से मुनाफे में उतार-चढ़ाव कम होगा। आगे चलकर देश की मजबूत आर्थिक वृद्धि (अगले दो वर्षों में छह प्रतिशत से अधिक रहने का अनुमान) बैंकों को कर्ज विस्तार के पर्याप्त अवसर देगी।*

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में बैंकिंग ऋण और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का अनुपात अभी 59 प्रतिशत है, जो अन्य देशों के औसत 101 प्रतिशत से कम है। इससे संकेत मिलता है कि सावधानी बरतते हुए कर्ज वृद्धि की अभी काफी अच्छी गुंजाइश मौजूद है।

# देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधि में दिसंबर में नरमी : पीएमआई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के सेवा क्षेत्र की वृद्धि दर में दिसंबर में गिरावट दर्ज की गई। नए कारोबार एवं उत्पादन में विस्तार की दर 11 महीनों में सबसे धीमी रही और कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती से परहेज किया। मंगलवार को जारी मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी मिली।



मौसमी रूप से समायोजित एचएसबीसी इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक नवंबर के 59.8 से दिसंबर में 58.0 पर आ गया। यह जनवरी के बाद से सबसे धीमी विस्तार दर को दर्शाता है। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) की भाषा में 50 से ऊपर अंक का मतलब गतिविधियों में विस्तार से और 50 से कम का आशय संकुचन से होता है। सर्वेक्षण के अनुसार, कंपनियां वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशावादी बनी रहीं लेकिन समग्र भावना लगभग साढ़े तीन वर्ष में अपने सबसे निचले स्तर पर आ गईं। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस की अर्थशास्त्र कार्यकारी निदेशक पॉलियाना डी लीमा ने कहा, '' दिसंबर में भारत के सेवा क्षेत्र का प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन 2025 के अंत में कई सर्वेक्षण संकेतकों में आई गिरावट नए साल में वृद्धि की गति में नरमी का संकेत दे सकती है।'' बाह्य मांग के संदर्भ में सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने एशिया, उत्तरी अमेरिका, पश्चिम एशिया तथा ब्रिटेन से मांग में वृद्धि दर्ज करते हुए एक और सुधार देखा। नए निर्यात ऑर्डर में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के अनुसार, कीमतों के मोर्चे पर कच्चे माल की लागत और उत्पादन शुल्क में मामूली वृद्धि हुई। इस बीच, भारतीय सेवा कंपनियां 2026 में व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि को लेकर आश्वस्त दिखीं। लेकिन बाजार में बढ़ती अनिश्चितता एवं विनिमय दर में उतार-चढ़ाव को लेकर चिंताओं के बीच सकारात्मक भावना का समग्र स्तर लगातार तीसरे महीने घटकर लगभग साढ़े तीन वर्ष में सबसे निचले स्तर पर पहुंच गया। वहीं निजी क्षेत्र के उत्पादन में दिसंबर में वृद्धि घटकर 11 महीनों के निचले स्तर पर आ गई।

- नए कारोबार का धीमा विस्तार रहा कारण

दूसरी ओर, एचएसबीसी इंडिया समग्र उत्पादन सूचकांक नवंबर के 59.7 से दिसंबर में 57.8 पर आ गया। विनिर्माण और सेवा प्रदाताओं दोनों में मंदी के बीच यह जनवरी 2025 के बाद से सबसे कमजोर स्तर है। सर्वेक्षण के अनुसार, भारत के निजी क्षेत्र में कच्चे माल की लागत और उत्पादन शुल्क दोनों में मामूली वृद्धि जारी रही।

**रोजगार सृजन में आया ठहराव**

दिसंबर में समग्र स्तर पर रोजगार सृजन में ठहराव आया जिसका कारण वस्तु उत्पादकों की वृद्धि में मंदी एवं सेवा प्रदाताओं में आंशिक छंटनी थी। इसमें कहा गया कि निजी क्षेत्र की कंपनियां वृद्धि की संभावनाओं को लेकर आशावादी बनी हुई हैं। हालांकि धारणा 41 महीने के निचले स्तर पर आ गई है।

## सरकार ने मेटालर्जिकल कोक पर से आयात प्रतिबंध हटाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने कम राख वाले 'मेटालर्जिकल' कोक पर आयात प्रतिबंध हटा दिए हैं, जिसमें राख की मात्रा 18 प्रतिशत से कम है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने इससे पहले 31 दिसंबर को एक अधिसूचना में कहा था कि वह कम राख वाले ''मेटालर्जिकल'' कोक पर आयात प्रतिबंधों को एक जनवरी से बढ़ाकर 30 जून, 2026 तक कर रहा है। हालांकि, तीन जनवरी की एक ताजा अधिसूचना में विभाग ने कहा, 'कम राख वाले मेटालर्जिकल कोक (जिसमें राख की मात्रा 18 प्रतिशत से कम हो) का आयात अब मुक्त है, जिसमें कोक फाइन्स/कोक ब्रीज और फॉस्फोरस मेटालर्जिकल कोक शामिल हैं।'

## ट्रेंट का राजस्व 17 फीसदी बढ़कर 5220 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** टाटा समूह की खुदरा कंपनी ट्रेंट लिमिटेड का एकल आधार पर राजस्व 31 दिसंबर को समाप्त तीसरी तिमाही में 17 प्रतिशत बढ़कर 5,220 करोड़ रुपये हो गया। ट्रेंट लि.




ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में कंपनी का राजस्व 4,466 करोड़ रुपये था। कंपनी के स्टोर में 31 दिसंबर, 2025 तक 278 वेस्टसाइड, 854 जूडियो (संयुक्त अरब अमीरात में चार सहित) और दूसरे लाइफस्टाइल अवधारणा के 32 स्टोर शामिल थे। कंपनी ने तीसरी तिमाही में ''वेस्टसाइड'' के 17 और 'जूडियो' के 48 स्टोर खोले। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा गया है कि 31 दिसंबर, 2025 को समाप्त नौ महीनों में, एकल आधार पर राजस्व 18 प्रतिशत बढ़कर 14,604 करोड़ रुपये रहा, जबकि पिछले साल इसी अवधि में यह 12,368 करोड़ रुपये था।

# वाहनों की खुदरा बिक्री बीते वर्ष 7.7 प्रतिशत रही : फाडा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश में वर्ष 2025 के दौरान वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 7.71 प्रतिशत बढ़कर 2.81 करोड़ इकाई से अधिक हो गई। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने मंगलवार को यह जानकारी दी। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने वर्ष 2025 के बिक्री आंकड़े जारी करते हुए कहा कि साल की सुस्त शुरुआत के बावजूद जीएसटी दरों में कटौती के बाद मांग में सुधार आया और बिक्री को मजबूती मिली। फाडा के मुताबिक, वर्ष 2025 में यात्री वाहनों की खुदरा बिक्री 9.7 प्रतिशत बढ़कर 44.75 लाख इकाई रही, जो एक साल पहले 40.79 लाख इकाई थी। इसी तरह, पिछले साल दोपहिया वाहनों की बिक्री 7.24 प्रतिशत बढ़कर 2.02 करोड़ इकाई पर पहुंच गई। इस दौरान तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 7.21 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 13.09 लाख इकाई रही, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 6.71 प्रतिशत बढ़कर 10.09 लाख इकाई हो गई। फाडा के अध्यक्ष सी एस विग्नेश्वर ने इन आंकड़ों पर कहा कि 2025 का साल दो हिस्सों में बंटा रहा। बजट में प्रत्यक्ष कर राहत और आरबीआई की ब्याज दरों में कटौती जैसे अनुकूल संकेत मौजूद होने के बावजूद जनवरी से अगस्त तक बाजार सुस्त बना रहा। इस दौरान ग्राहक खर्च को लेकर सतर्क रहे और वित्त मंजूरी भी कुछ क्षेत्रों में सीमित रही। हालांकि विग्नेश्वर के मुताबिक, सितंबर में जीएसटी की दरों में कटौती लागू होने के बाद वाहन बिक्री की तस्वीर बदल गई। दरों में कटौती से खासकर छोटी कारों, दोपहिया, तिपहिया और कुछ वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें कम हो गईं। इससे ग्राहकों की धारणा सुधरी और सितंबर से दिसंबर के बीच बिक्री में साफ उछाल देखने को मिला।

**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**थ्रू ट्रैक रिन्यूअल (TTR) हेतु ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उन की ओर से निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:

**निविदा क्रमांक:** ST-TTR-TWS-204Sets 26-1 दिनांक: 01.01.2026
**कार्य चा नाव:** द.पू.म. रेल्वे, नागपूर मंडळात दुर्ग-नागपूर सेक्शन मध्ये थ्रू ट्रैक रिन्यूअल (TTR) आणि सोबत TWS-204 सेट्स (1:12) च्या स्थापनेशी संबंधित सिग्नलिंग काम.
**निविदा मूल्य:** ₹ 17,18,47,508/-,
**बिड सिक्युरिटी:** ₹ 10,09,200/-,
**समापन अवधि:** 18 (अठारह) महीने।
**निविदा प्रस्तुति:** बोलीदाता अपनी मूल/संशोधित बोलियां दिनांक **22.01.2026** के **15:00** बजे तक जमा कर सकेंगे। अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

मंडल सिग्नल व दूरसंचार अभियंता,
MS/59-262 दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग कार्या. - 225059**
**राजनांदगांव वनमंडल राजनांदगांव**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि, राजनांदगांव वन मण्डल के डिपो में उपलब्ध ईमारती / जलाऊ का ई-ऑक्शन द्वारा निर्वर्तन निम्नानुसार किया जावेगा । इच्छुक बोलीदारों से अनुरोध है कि वे ई-ऑक्शन में भाग लेवें। ई-ऑक्शन की शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन दिवस व समय पर वनमण्डल कार्यालय / वन काष्ठागार, अछोली से प्राप्त की जा सकती है।

**अछोली काष्ठागार, नीलाम दिनांक :- 21.01.2026 समय :- प्रात: 9.00 बजे**

**काष्ठागार का नाम :-अछोली,** **वनमण्डल :- राजनांदगांव**

| क्र. | प्रजाति | नये वनोपज | | | पुराने वनोपज | | | योग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी | ईमारती घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| 1. | सागौन | 21.264 | 61 | 437 | 178.227 | 74 | 6158 | 199.491 | 135 | 6595 |
| 2. | बीजा | - | 178 | 106 | 57.675 | 13 | 79 | 57.675 | 191 | 185 |
| 3. | तिन्सा | - | 54 | 30 | 1.675 | - | - | 1.675 | 54 | 30 |
| 4. | साजा | - | 293 | 64 | 1.187 | 125 | 93 | 1.187 | 418 | 157 |
| 5. | ह.मु.ख. | - | 13 | 13 | - | - | - | - | 13 | 13 |
| 6. | धावड़ा | - | 244 | 120 | - | - | - | - | 244 | 120 |
| 7. | कसही | - | - | - | 15.679 | - | - | 15.679 | - | |
| 8. | अन्य | - | 830 | 472 | 33.316 | 338 | 369 | 33.316 | 1168 | 841 |
| | योग | 21.264 | 1673 | 1242 | 287.759 | 550 | 6699 | 309.023 | 2223 | 7941 |
| | 1) अछोली डिपो के अविक्रित 13 जलाऊ चट्टा | | | | | | | | | |

1. क्रेताओं को ई-ऑक्शन से पूर्व एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में रजिस्ट्रेशन करना अनिवार्य है । 2. क्रेताओं को ई-ऑक्शन के पूर्व क्रय लाटों के अपसेट प्राईज मूल्य के 10 प्रतिशत की राशि अपने वालेट में रखना अनिवार्य है। सफल बोलीदार को एक सप्ताह के भीतर शेष 15 प्रतिशत ई. एम.डी. की राशि जमा करना अनिवार्य है । 3. लॉट की थप्पी सूची एवं फोटो एम. एस. टी. सी. ई-कॉमर्स पोर्टल में अपने आई.डी. से लॉग इन करके देख सकते है । 4. ई-ऑक्शन में लॉट क्रय के पश्चात प्रथम क्रेता को 40 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा, उसी लॉट में अन्य क्रेताओं द्वारा 40 सेकण्ड के पूर्व क्रय करने पर 30 सेकण्ड का समय प्राप्त होगा ।

वनमण्डलाधिकारी,
G-252605830/2 राजनांदगांव वन मण्डल राजनांदगांव

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग क्र 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्र 35 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक जबलपुर दिनांक 01/01/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु ई टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यो की निविदायें आमंत्रित की जाती है। कार्यो का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईड पर आनलाईन भुगतान कर वेबसाईड के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. | ई टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि (रू. लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मुल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_PWDRB _472576_pack1 | जिला शिक्षा कार्यालय जबलपुर के पुराने भवन डी. ओ. ऑफिस में एडीशन / आल्ट्रेशन कार्य, पार्किंग शेड प्लिंथ प्रोटेक्शन एवं यूरेनियल आर.सी.सी. ड्रेन, वाटर प्रूफिंग कार्य। | प्रथम | 49.26 | 49300.00 | 5000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 2 | 2026_PWDRB _472577_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत आवासीय भवनों में दरवाजे, खिड़कियों की मरम्मत, वेंटीलेटर ग्रिल एवं एल्युमिनियम मरम्मत का कार्य । | प्रथम | 17.60 | 36000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 3 | 2026_PWDRB _472579_pack1 | कटंगा सेक्शन अंतर्गत चेम्बर का निर्माण सीवर लाईन, सेप्टिक टेंक एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.60 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 4 | 2026_PWDRB _472580_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत एम. पी. एम. डी. आर. -37-10 सी. सी. मार्ग कि.मी. 3 से 5 ज्वाइंट ग्रोव्स विथ एक्सपॉक्सी मोर्टार, क्रेक फिलिंग, स्पलिंग, स्टिचिंग,स्लेब ज्वाइंट आदि मरम्मत कार्य। | प्रथम | 20.00 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 5 | 2026_PWDRB _472581_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत कटंगी सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं शोल्डर मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 6 | 2026_PWDRB _472585_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत मंझौली सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं शोल्डर मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 7 | 2026_PWDRB _472586_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 अंतर्गत पनागर सेक्शन अंतर्गत विभिन्न मार्गो में बी. टी. पेंच मरम्मत एवं शोल्डर मरम्मत कार्य । | प्रथम | 19.90 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 8 | 2026_PWDRB _472587_pack1 | एम.एम.व्ही. सेक्शन अंतर्गत एन.सी.सी. बिल्डिंग में एडीशन अल्ट्रेशन एवं मरम्मत कार्य। | प्रथम | 18.80 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 9 | 2026_PWDRB _472588_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय अंतर्गत कंडोमेनियम बिल्डिंग में क्लब हाऊस की मरम्मत, स्वीमिंग पूल गार्डन विस्तार एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 10 | 2026_PWDRB _472590_pack1 | एन.सी.सी. ऑफिस अंतर्गत अशोक हॉस्टल अंतर्गत आरती यूनिट में एडीशन, अल्ट्रेशन एवं रेनोवेशन कार्य। | प्रथम | 19.71 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 11 | 2026_PWDRB _472591_pack1 | एम.एम.व्ही. सेक्शन सिटी सेक्शन अंतर्गत विशेप मरम्मत एवं डिपाजिट कार्य । | प्रथम | 19.98 | 40000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 12 | 2026_PWDRB _472592_pack1 | एन.सी.सी. ऑफिस अंतर्गत अशोक हॉस्टल अंतर्गत नोवल यूनिट में एडीशन अल्ट्रेशन एवं रेनोवेशन कार्य । | प्रथम | 11.50 | 24000.00 | 2000.00 | 02 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 13 | 2026_PWDRB _472593_pack1 | धनपुर 1 / 4 से उमरिया मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य । | द्वितीय | 256.45 | 256500.00 | 15000.00 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 14 | 2026_PWDRB _472594_pack1 | उमरिया ( टिकरियाटोला ) से लहसर मार्ग लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य मय विद्युतीकरण कार्य । | द्वितीय | 361.62 | 362000.00 | 15000.00 | 05 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 15 | 2026_PWDRB _472595_pack1 | कुण्डम-इमलई-चीरापानी-सकरी-बरेला निवास मार्ग, चौरई-कउझर-मोहानी मड़ई-मकरार-उमरिया मार्ग लंबाई 32.00 कि.मी. कार्य की लंबाई 24.00 कि.मी. का सुदृढीकरण का कार्य । | प्रथम | 484.86 | 484900.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 16 | 2026_PWDRB _472596_pack1 | कुण्डम-कुबराघाट-तितहाकला-ददरगवां-ख मरवानी से कटनी उमरिया मार्ग, चौरई-हरदुली-भाईन्सवाही-झिरिया-महेशपुरी-देवहरा से निवास - शहपुरा मार्ग कुल लंबाई 16.00 कि.मी., कार्य की लंबाई 12.00 कि.मी. एवं धनपुरी-मलारा-तिलहरी मार्ग का सुदृढ़ीकरण का कार्य । | प्रथम | 469.09 | 469100.00 | 15000.00 | 03 माह वर्षा ऋतु सहित |
| 17 | 2026_PWDRB _472613_pack1 | देवरी ( पटपरा) मेन रोड से टोला पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य । | द्वितीय | 293.18 | 293180.00 | 15000.00 | 06 माह वर्षा ऋतु सहित |
| | | कुल योग | | 2121.42 | | | |

टीप:- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 15/01/2026 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियाँ एवं विस्तृत विवरण व संशोधन आनलाईन वेब साईड www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुन: प्रकाशन नही कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटन पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
G-24020/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (भ / स ), संभाग क्र 1 जबलपुर

## चिंतन

# शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतें युवा

अगर युवा भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में भर्ती होने का सपना देख रहे हैं तो शौक भी जरा संभलकर करें। कहीं ऐसा न हो कि आपका एक शौक आपके सपनों को कुचल दे और हुनरमंद होते हुए भी आप आर्म्ड सर्विसेज में भर्ती की दौड़ से बाहर हो जाएं। पिछले काफी समय से ऐसी चीजें देखने को मिल रही हैं, जिसमें हुनर और क्षमता होने के बावजूद नौजवानों को सिर्फ अपने शौक के चलते सेना, अर्धसैनिक बल और पुलिस में भर्ती की दौड़ से बाहर होना पड़ा है। ऐसा ही एक शौक युवाओं के बीच आजकल काफी लोकप्रिय है। वह है शरीर पर टैटू गुदवाना। जो शरीर को दर्द देने के साथ-साथ सेना में भर्ती के समय उन्हें मेडिकली रूप से अनफिट कर गंभीर पीड़ा दे रहा है। हाल ही में कलकत्ता हाईकोर्ट ने फैसला सुनाया है कि विस्तृत चिकित्सा परीक्षण में अयोग्य घोषित होने के बाद और फिट घोषित होने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण में उपस्थित होने से पहले उम्मीदवार अपने टैटू नहीं हटवा सकते। यदि ऐसा करते हैं तो उन्हें चिकित्सा परीक्षण के दौरान चिकित्सकीय रूप से अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। हालांकि, उम्मीदवार को केवल चिकित्सा मूल्यांकन में कथित त्रुटि या अनियमितता को चुनौती देने के लिए पुनरीक्षण चिकित्सा परीक्षण का अनुरोध करने की अनुमति है। लेकिन पहले परीक्षण के बाद शारीरिक स्थिति में कोई बदलाव करने की अनुमति नहीं है। यह फैसला सीआरपीएफ के एक जवान की याचिका पर आया है। ऐसे में युवाओं को शरीर पर टैटू गुदवाते समय संयम बरतना चाहिए, ताकि बाद में परेशानियों का सामना न करना पड़े। बता दें कि भारतीय सेना, पैरामिलिट्री फोर्स और पुलिस में एक खास वर्ग और शरीर के चुनिंदा हिस्सों पर ही टैटू गुदवाने की इजाजत देता है। इजाजत वाली जगहों पर कुछ खास तरह के ही टैटू गुदवाए जा सकते हैं। साथ ही, इन टैटू के बारे में आवेदन के समय संबंधित फोर्स के भर्ती बोर्ड को जानकारी देना अनिवार्य होता है। सेना के तीनों अंगों यानी थल सेना, वायु सेना और नौसेना के अलावा पैरामिलिर्टी एवं पुलिस भर्ती की नियमावली के अनुसार, कोई भी अभ्यर्थी सिर्फ धार्मिक चिन्ह और अपने नाम से जुड़े टैटू ही गुदवा सकता है। ये टैटू हथेली के बाहरी हिस्से में हो सकते हैं। इसके अलावा, हाथ के अंदरूनी हिस्से में कोहनी से नीचे और हथेली के ऊपर के हिस्से में भी टैटू गुदवाने की इजाजत है। हालांकि, नियमावली में यह स्पष्ट नहीं है कि इन टैटू का साइज कितना होना चाहिए। इन दोनों हिस्सों के अलावा शरीर के किसी भी हिस्से में टैटू गुदवाने की इजाजत नहीं है। लिहाजा, नौजवानों को सलाह है कि वह यदि सैन्य बलों में अपना भविष्य देख रहे हैं, तो बेहतर होगा कि टैटू के शौक से परहेज ही करें। दूसरी तरफ, कई एंट्री लेवल भर्ती में शादीशुदा उम्मीदवारों को अनुमति नहीं होती है। खासकर अग्निवीर या सिपाही स्तर की भर्ती में अविवाहित होना जरूरी शर्त है। अगर ट्रेनिंग के दौरान शादी की जानकारी छिपाई जाती है और बाद में सामने आती है, तो भर्ती रद्द भी हो सकती है। अग्निवीर सैनिक जो आर्मी में स्थायी सैनिक बनने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए भी सेना ने नया नियम बनाया है। इसके तहत जब तक अग्निवीर स्थायी नौकरी प्राप्त नहीं कर लेते हैं, तब तक वे शादी नहीं कर पाएंगे। हालांकि सेना ने इसके पीछे कोई ठोस कारण नहीं बताया है। सेना ने कहा कि अग्निवीर पद से सेवामुक्त होने के 4 से 6 महीने का इंतजार करना होगा। सेना में स्थायी नियुक्ति के बाद में आसानी से शादी कर सकेंगे।



विदेश नीति
अखिलेश आर्येन्दु

वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

# वेनेजुएला को ही गुनहगार क्यों माना

अमेरिका की शक्ति व सत्ता का तकाज़ा है कि वह जो भी करता है या कहता है, उसे वह सही ठहराता है। उसकी विदेशी नीति 'समरथ को नहि दोष गुंसाई' पर आधारित रही है और आज भी वह मेमने और भेड़िये की कथा के अनुरूप अपने हर कदम को सही ठहराने में कोई गुरेज नहीं करता। वहीं भारत की विदेशी नीति या विदेशी मामलों में अपनाई जाने वाली नीति हमेशा संतुलित और देशहित में रही है। दुनिया में घटने वाली घटनाओं को भारत बहुत बारीक नजरों से देखता ही नहीं, बल्कि उन घटनाओं को भारतीय विदेश नीति और संयुक्त राष्ट्र संघ के नियमों के बरक्स में देखकर अपनी बेहतर नीति (मानवता के हित में) या भूमिका तय करता है। आजादी के बाद भारत गुटनिरपेक्षता की नीति पर चलता आया है, लेकिन पिछले एक दशक से वह 'गुटनिरपेक्षता' से आगे बढ़कर विकसित देशों, यूरोपीय देशों और वैश्विक दक्षिण में स्थित देशों के साथ अलग-अलग मुद्दों पर अलग-अलग तरीके से रुख अपनाता रहा है। इसे दुनिया के हर देश के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध और यथायोग्य व्यवहार के बरक्स में संतुलित और आदर्श नीति मानी जा सकती है।

रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलीपींस युद्ध हो या अब वेनेजुएला-अमेरिका का मामला हो, भारत ने अपनी सूझ-बूझ वाली नीति अपनाते हुए दोनों पक्षों को बात-चीत से मसले को सुलझाने, क्षेत्र में और शांति व स्थिरता बनाए रखने की अपील की है। जबकि इस मामले में दुनिया दो धड़ों में बंटी नजर आती है। भारत किसी धड़े में शामिल होने के बजाय अपनी संतुलित नीति बनाकर, आगे बढ़ रहा है। जाहिर तौर पर भारत आने वाले वक्त में अपने राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखते हुए आगे की रणनीति पर बारीकी से विचार करते हुए, हर मुद्दे पर बारीकी नजर रखकर राष्ट्ररक्षा को प्राथमिकता दी है। पिछले एक दशक से मोदी सरकार इस संतुलित और मैत्रीपूर्ण नीति पर ही चलती आ रही है। इससे वह दुनिया में अपनी बेहतरीन नीतियों और कदमों से अपने सूझ-बूझ सर्वहितैषी के रूप में सर्वोपरि दिखाने में सफल रहा है। यह मोदी सरकार की विदेश नीति का बेहतरीन नीतिगत निर्णय कहा जाना चाहिए।

यूक्रेन-रूस युद्ध के मामले में भी भारत ने दोनों देशों से युद्ध खत्म करने और शांति का रास्ता अपनाने की अपील की थी, जिससे किसी तरह का वैश्विक स्तर पर मानवीय संकट न पैदा होने पाए। इस नए घटनाक्रम में भारत की नीति एकदम स्पष्ट और संतुलित है। यह नीति भारत के वैश्विक स्तर पर उभरती छवि को ही बेहतर बनाने का काम ही नहीं कर रही है, बल्कि दुनिया की नजरों में भी एक तीव्र गति से विकास कर रहे आर्थिक रूप से समृद्ध और मानवीय देश के रूप में बन गई है। अमेरिका मामले में यह पहली बार नहीं है जब किसी देश पर अपनी दादागीरी दिखाते हुए उस पर सीधा हस्तक्षेप किया हो और उस देश के शासन को अपदस्थ किया हो। इसके पहले वर्ष 1965 में अमेरिका ने डोमेनिकल गणराज्य में बड़ी तादाद में अपने सैनिक भेंजे, ताकि 1963 में तख्तापलट के तहत हटाए गए पूर्व राष्ट्रपति जुआन बोश की वापसी को रोका जा सके। इसी तरह अपनी दादागीरी दिखाते हुए अमेरिका ने 1989 में पनामा पर धावा बोला, जिसका मकसद तत्कालीन जर्नल मैनुअल नोरिएगा को अपदस्थ करना था, जिन पर मादुरो



की तरह ही मादक पदार्थों के तस्करी के आरोप थे। इराक पर अमेरिका के नेतृत्व वाली सेनाओं का हमला आज भी दुनिया को याद है, जब इराक पर लम्बे शासक के रूप में काबिज सद्दाम हुसैन को हटा दिया गया था। इसी तरह 2004 में हैती पर अमेरिका ने आक्रमण कर वहां के तत्कालीन राष्ट्रपति को अपदस्थ कर अफ्रीका भेज दिया था। ये कुछ घटनाएं हैं जो अमेरिका की तानाशाही या एकल दादागीरी को बताने के लिए नमूने के तौर पर देखी जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ का निर्माण इसलिए किया गया था कि देशों के मध्य जो भी समस्याएं या शिकायत हों, उसे इस मंच के बैनर तले बातचीत के जरिए हल किया जा सके। जब से इसकी स्थापना हुई है, तब से अब तक, इस स्वतंत्र वैश्विक संस्था पर अमेरिका का ही एकाधिकार रहा है। अमेरिका जैसा चाहता है संयुक्त राष्ट्र संघ उसी तरह की नीति मानने के लिए मजबूर रहता है। हां, एक दूसरे देश पर हमला करने के ऐसे कारण तो होने ही चाहिए जो बातचीत या एकतरफा अन्याय के खिलाफ जायज हों। यदि दुनिया के किसी भी हिस्से में मानव सुरक्षा के गंभीर संकट हों, तो किसी दूसरे देश के हस्तक्षेप को तभी उचित ठहराया जा सकता है, जब यह सब अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के दायरे में किया जाए। पिछले कुछ दशकों में कुछ शक्तिशाली देश वैश्विक मानवहित के बजाय अपने निजी स्वार्थों के लिए, किसी भी हद तक जाने को तैयार रहते हैं। ऐसी ही ताजा घटना वेनेजुएला की है। वेनेजुएला पर अमेरिकी कार्रवाई को किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियम-कानून के तहत उचित नहीं ठहराया जा सकता है। संयुक्त राष्ट्र संघ ने अमेरिका की इस ताबड़-तोड़ कार्रवाई पर गहरी चिंता जताते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों के खिलाफ बताया है और गहरी चिंता जाहिर की है। अमेरिका की वेनेजुएला पर इस कार्रवाई को लेकर राष्ट्रपति ट्रंप ने इसे मादुरो द्वारा अमेरिका में मादक पदार्थों को लगातार बढ़ावा देने और पेट्रोलियम भंडारों पर कब्जा करने के संदर्भ में बताया है। जो लोग या देश राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इस कार्रवाई को जायज ठहराते हैं, उनका बचाव करते हुए वे कह रहे हैं कि यदि वेनेजुएला के राष्ट्रपति बहुत बड़े पैमाने पर अत्यंत खतरनाक मादक पदार्थों को तस्करी के जरिए अमेरिका ना भिजवाते जिससे अमेरिकी हितों पर कुठाराघात हो रहा है, तो राष्ट्रपति मादुरो और उनकी पत्नी को गिरफ्तार करके न्यूयार्क न लाया जाता। जब बात मादक पदार्थों की हो, जिनमें सबसे खतरनाक मादक पदार्थ फेंटानिल की तस्करी का आरोप लगे हों, ऐसे में यह जानने की जरूरत है कि क्या फेंटालिन का निर्माण या तस्करी वेनेजुएला में ही होती है या दुनिया के दूसरे देशों में यह मानव-अहितैषी धंधा हो रहा है? सवाल यह भी है कि वेनेजुएला को ही इसके आरोप में क्यों अमेरिका का कोप-भाजन बनना पड़ा? दुनिया में सबसे ज्यादा मौतें आज की तारीख में नशीले मादक पदार्थों से होती है। अमेरिकी लोग इससे 75 प्रतिशत प्रभावित हैं।

इस खतरनाक नशीले पदार्थ के जरिए बनने वाले नशीले पदार्थों में मिलाए जाने वाले रसायनों का चीन में संपादन किया जाता है जो लेटिन अमेरीकी देशों में बहुत बड़े पैमाने पर बेचा जाता है और उन देशों में चीन द्वारा लाए गए रसायनों के जरिए फेंटानिल बनाया जाता है। अमेरिका ने कभी भी चीन को इसके लिए दोषी नहीं ठहराया, जबकि चीन में बने फेंटालिन के कच्चे रसायन बहुत बड़ी तादाद में चोरी-छिपे अमेरिका में लाए जाते हैं और अमेरिका में इनके जरिए फेंटालिन बनाया जाता है। सवाल यह है कि अमेरिका ने चीन को कभी इसके लिए कठघरे में क्यों नहीं खड़ा किया? बताया यह भी जा रहा है कि वेनेजुएला के राष्ट्रपति ने ट्रंप को उनकी तानाशाही नीति को चुनौती दी थी, जिससे चिढ़कर ट्रंप ने ऐसा अनाधिकार कदम उठाया।

(लेखक चिंतक और पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## विचार
राजेंद्र बज



# चिंतनीय मसलों का तुरंत समाधान जरूरी

आमतौर पर यह देखा गया है कि समय-समय पर कार्यपालिका, व्यवस्थापिका एवं न्यायपालिका से संबद्ध तमाम विसंगतियों एवं समस्याओं को लेकर अधिकार संपन्न वर्ग द्वारा चिंता जाहिर की जाती है। इसके चलते आम नागरिकों के मन में यह विश्वास उत्पन्न होने लगता है कि अब बहुत शीघ्र ही उल्लेखित समस्या का निवारण हो ही जाएगा। उनका यह विश्वास भी समय के साथ तार-तार होता चला जाता है। चूंकि यह अधिकार संपन्न वर्ग किसी संदर्भ विशेष के चलते किसी आयोजित कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण के रूप में ही ऐसा दर्शाता रहा है कि जो विसंगतियां या समस्याएं हैं, वह सब उनके संज्ञान में हैं। ऐसे में आम नागरिक को जो राहत मिलती है वह क्षणिक होती है। यह सिलसिला हर किसी क्षेत्र में स्थापित हो गया है, ऐसा प्रतीत होता है, लेकिन अहम सवाल यह है कि किसी अधिकार संपन्न शख्सियत ने किसी अवसर विशेष पर किसी समस्या या विसंगति विशेष का उल्लेख किया है तो उसका पूर्ण निदान करने की दिशा में कोई ठोस कदम कब उठाया जाएगा? इसकी जानकारी आम आदमी को कतई नहीं होती। हालांकि वक्ती तौर पर आम आदमी चाहे संतुष्ट हो जाता है, लेकिन समय के साथ यह संतुष्टि भी निराशा में बदल जाती है। दरअसल, किसी विषय पर चिंता व्यक्त करना एक अलग बात है और उस चिंता को दूर करने की इच्छाशक्ति का सच्चे अर्थों में परिचय देना एक अलग बात है।

यही कारण है कि तमाम क्षेत्र के सर्वाधिकार संपन्न वर्ग की विश्वसनीयता पर जन विश्वास में कमी आती दिखाई देती है। सवाल किसी क्षेत्र विशेष का ही नहीं है, बल्कि जो-जो विषय आम आदमी को प्रताड़ित या व्यथित करते हैं, आम नागरिक उसे ही नियति मान बैठते हैं। व्यवहार में देखा गया है आजकल तमाम छोटे बड़े राजनेताओं के कथन को आम नागरिकों द्वारा विश्वसनीय नहीं माना जाता। केंद्र व राज्य द्वारा नियुक्त तमाम छोटे-बड़े जनसेवक पूर्ण निष्ठा एवं समर्पित भाव से अपने कर्तव्यों का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन करेंगे ही करेंगे, इस बात को लेकर यदि आम नागरिक आशंकित है तो इस बिंदु पर आकर हजार सवाल खड़े हो जाते हैं। न्याय की अभिलाषा लिए कोई भी फरियाद अंतिम रूप से कब निराकृत होगी? इस सवाल का जवाब किसी के पास नहीं हो सकता, लेकिन न्यायपालिका की कार्यप्रणाली से समझौता करना आम नागरिक की नियति है। जिम्मेदार वर्ग यह क्यों नहीं समझने को तैयार होता कि विलंबित न्याय भी अन्याय का ही प्रतिरूप है। अनगिनत मुकदमों का अंबार लगा है। अनेक अवसरों पर तो ऐसा भी देखा गया है कि पीढ़ी दर पीढ़ी न्याय के लिए भटकन का सिलसिला कभी विराम नहीं लेता।

वैसे जब नीति और व्यवहार पर आम नागरिक सच्चे मन से अमल करने लगे तो ही मुकदमों की संख्या में कमी आ सकती है। इसके लिए न्यायपालिका और आम नागरिकों को अपनी ओर से ठोस कदम उठाने की जरूरत है। जहां तक राजनीति का सवाल है तो राजनीति में शूचिता और पवित्रता की जुगाली की जाती है, लेकिन व्यवहार में देखा गया है कि राजनीति भी निवेश का एक सशक्त माध्यम हो रही है। धन लगाकर धन अर्जित करना, धन के अभाव में बाहुबल, धन और बाहुबल के अभाव में जातिबल राजनीतिक सफलता का आधार बनते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में आम नागरिकों के सम्मुख परिस्थितियों से समझौता करने के अतिरिक्त अन्य कोई मार्ग नहीं होता। वैसे इसमें कोई दो मत नहीं कि जब राजनीति विशुद्ध रूप से नीति और सिद्धांतों पर आधारित हो जाएगी, तब स्वतः ही कार्यपालिका और न्यायपालिका भी सच्चे अर्थों में अपने-अपने कर्तव्य का परिपालन कर सकेगी।

एक प्रकार से विभिन्न समस्याओं एवं विसंगतियों के जड़ मूल में राजनीतिक विकृति ही जिम्मेदार है। वास्तव में प्यासे की प्यास बुझनी चाहिए, न कि केवल पानी के छींटे मारकर अपनी जिम्मेदारी से मुंह मोड़कर कहीं ओर पानी के छींटे मारने हेतु प्रवत्त हुआ जाए। एक समय में एक समस्या या विसंगति का उल्लेख यह तो जाहिर करता है कि मरीज की नब्ज पर आपका हाथ है, लेकिन असल सवाल रोग निदान का है। अन्यथा केवल और केवल बीमारी की पहचान सुनिश्चित करना किसी भी दृष्टि से सटीक उपचार का पर्याय नहीं हो सकता। इतनी साधारण सी बात अलग-अलग क्षेत्र के अधिकार संपन्न वर्ग की समझ में आखिर कब आएगी ? हाल-फिलहाल तो जहां जैसा कहना जरूरी है, वही कहा जा रहा है, लेकिन वास्तव में करना क्या चाहिए ? इस संदर्भ में ठोस कदम कहीं दिखाई नहीं देता।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना



संकलित
**दर्शन**

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

## जगत में सबसे सुंदर कौन



संकलित
**प्रेरणा**

एक कौआ सोचने लगा कि पंछियों में मैं सबसे ज्यादा कुरूप हूं। न तो मेरी आवाज ही अच्छी है, न ही मेरे पंख सुंदर हैं। मैं काला-कलूटा हूं। ऐसा सोचने से उसके अंदर हीन भावना भरने लगी और वह दुःखी रहने लगा। एक दिन एक बगुले ने उसे उदास देखा तो उसकी उदासी का कारण पूछा। कौवे ने कहा- तुम कितने सुंदर हो, गोरे-चिट्टे हो, मैं तो बिल्कुल स्याह वर्ण का हूँ। मेरा तो जीना ही बेकार है। बगुला बोला- दोस्त मैं कहां सुंदर हूं। मैं जब तोते को देखता हूं, तो यही सोचता हूं कि मेरे पास हरे पंख और लाल चोंच क्यों नहीं है। अब कौए में सुन्दरता को जानने की उत्सुकता बढ़ी। वह तोते के पास गया। बोला- तुम इतने सुन्दर हो, तुम तो बहुत खुश होते होगे? तोता बोला- खुश तो था लेकिन जब मैंने मोर को देखा, तब से बहुत दुःखी हूं, क्योंकि वह बहुत सुन्दर होता है। कौआ मोर को ढूंढने लगा, लेकिन जंगल में कहीं मोर नहीं मिला। जंगल के पक्षियों ने बताया कि सारे मोर चिड़ियाघर वाले पकड़ कर ले गये हैं। कौआ चिड़ियाघर गया, वहाँ एक पिंजरे में बंद मोर से जब उसकी सुंदरता की बात की, तो मोर रोने लगा। मोर बोलाः शुक्र मनाओ कि तुम सुंदर नहीं हो, तभी आजादी से घूम रहे हो वरना मेरी तरह किसी पिंजरे में बंद होते। दूसरों से तुलना करके दुःखी होना बुद्धिमानी नहीं, असली सुन्दरता हमारे अच्छे कार्यों से आती है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### तेल की राजनीति और सत्ता का खेल

वेनेजुएला को लेकर एक बार फिर दुनिया की भू-राजनीति उबाल पर है। जिस देश के पास दुनिया का सबसे बड़ा प्रमाणित तेल भंडार है, वही देश आज राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक बदहाली और अंतरराष्ट्रीय दबावों के चक्रव्यूह में फंसा है। अमरीका द्वारा राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने, तेल उद्योग में सीधे दखल और सत्ता परिवर्तन की मंशा से जुड़ी खबरों ने यह सवाल फिर खड़ा कर दिया है कि क्या यह सब लोकतंत्र की रक्षा के लिए है या फिर संसाधनों पर नियंत्रण की वही पुरानी कहानी, जो इराक से लेकर पनामा तक दोहराई जाती रही है। बहरहाल वेनेजुएला के भीतर आर्थिक संकट गहरा है, जनता महंगाई, बेरोजगारी और जरूरी वस्तुओं की कमी से जूझ रही है। *- पंकज उपाध्याय, दुर्ग*

## करंट अफेयर

### ऑशविट्ज यातना शिविर पीड़िता ईवा का निधन



ऑशविट्ज यातना शिविर की पीड़िता ईवा श्लॉस का निधन हो गया है। 96 वर्षीय ईवा किशोरावस्था में डायरी लिखने वाली ऐनी फ्रैंक की सौतेली बहन थीं। यह जानकारी 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' ने दी। ट्रस्ट ने बताया कि उनका निधन शनिवार को लंदन में हुआ, जहां वह रहती थीं। ईवा श्लॉस ने जीवनभर 'होलोकॉस्ट' की भयावहता के बारे में लोगों को शिक्षित करने का काम किया। वह 'ऐनी फ्रैंक ट्रस्ट यूके' की मानद अध्यक्ष भी थीं। 'होलोकॉस्ट' द्वितीय विश्व युद्ध (1939-1945) के दौरान नाजी जर्मनी द्वारा किया गया सामूहिक नरसंहार है जिसमें लगभग 60 लाख यहूदियों, साथ ही रोमा (जिप्सी), दिव्यांगजनों, समलैंगिक, राजनीतिक विरोधी और अन्य अल्पसंख्यक समूहों के लोगों को यातना शिविरों और गैस चैंबरों में मार डाला गया था। ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय ने कहा कि उनके लिए यह "सौभाग्य और गर्व" की बात है कि वह श्लॉस को जानते थे। महाराजा चार्ल्स ने कहा, "युवावस्था में उन्होंने जिन भयावहताओं का सामना किया, उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। इसके बावजूद उन्होंने अपना शेष जीवन नफरत और भेदभाव को खत्म करने में लगा दिया।

## ऑफ बीट

### रूमाल या टिश्यू, स्वास्थ्य के लिए कौन बेहतर



आज, हम जानते हैं कि नाक से निकलने वाले स्राव में ठंडे प्रकार के वायरस पाए जाते हैं जो कई सतहों पर स्थानांतरित हो सकते हैं - हाथ, रूमाल, टिश्यू, दरवाज़े के हैंडल, कीबोर्ड - कभी-कभी शुरुआती जोखिम के बाद भी लंबे समय तक जीवित रहते हैं। इसलिए दोबारा इस्तेमाल हो सकने वाले सूती रूमाल में अपनी नाक साफ करना, फिर किसी अन्य वस्तु को छूना, इसका मतलब है कि ये वायरस फैल सकते हैं। यहां तक कि अगर आप अपने सूती रूमाल को तुरंत धोने के लिए रख देते हैं, तो भी आप दरवाजे की कुंडी जैसी सतहों को दूषित कर देंगे, और वॉशिंग मशीन को चलाने के लिए अपने संक्रमित हाथों का उपयोग करेंगे। वायरस टिशू पर इतने लंबे समय तक जीवित नहीं रह पाते हैं। बशर्ते आप टिश्यू का उपयोग करने के बाद उन्हें फेंक दें, और उन्हें दूसरों के उठाने के लिए इधर-उधर नहीं छोड़ें, तभी इस्तेमाल किए गए टिश्यू से दूसरों तक रोगाणु पहुंचने की संभावना बहुत कम होती है। फिर सवाल यह है कि क्या रुमाल या टिश्यू खांसी और सांस के रास्ते निकलने वाले थूक को रोकने के लिए प्रभावी हैं। रूमाल जैसे बुनियादी कपड़े के आवरण, टिश्यू की तरह, थूक को पकड़ सकते हैं।

## X ट्रेंड

### भाषा कभी बाधा नहीं



'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' भारतीय भाषा आधारित शिक्षा की परिकल्पना को आगे बढ़ाती है। भारत विविधता में एकता का जीवंत उदाहरण है, जहाँ भाषा कभी बाधा नहीं, समाज को जोड़ने का माध्यम रही है। हमारी सभ्यता ने सदैव भाषाओं को संवाद और सांस्कृतिक समरसता का सेतु माना है।
- धर्मेन्द्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री

### विनम्र श्रद्धांजलि



आधुनिक हिंदी साहित्य के पितामह, युग प्रवर्तक साहित्यकार भारतेन्दु हरिश्चंद्र की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ! साहित्य के माध्यम से राष्ट्र और समाज की जागृति के आपके पुनीत प्रयासों के लिए देशवासी सदैव आपके ऋणी रहेंगे।
-शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय कृषि मंत्री

### मनरेगा से छेड़छाड़ अस्वीकार्य



मनरेगा की आत्मा से छेड़छाड़ कभी स्वीकार्य नहीं। आज प्रख्यात अर्थशास्त्री ज्यां द्रेज़े से बातचीत में मैंने यह स्पष्ट किया कि केंद्र द्वारा मनरेगा की योजना में बदलाव ग्रामीण गरीबों के अधिकारों पर सीधा हमला है। मजदूरी, काम की गारंटी और राज्यों के अधिकारों से समझौता नहीं होगा।
- हेमन्त सोरेन, सीएम, झारखंड

### पैसे और ज़मीन की भूख



यूपी में सत्ता सजातीयों के दुस्साहस ने फौजियों तक की ज़मीन हथिया ली है, भाजपा जब सैनिकों तक की सगी नहीं है, तो समझ लीजिए उनकी पैसे और ज़मीन की भूख किस हद तक गिर सकती है।
- अखिलेश यादव, सांसद, सपा

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## उत्तरप्रदेश में एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट घोषित

# प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता, पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ नाम कटे

### चुनाव आयोग ने वेबसाइट पर मतदाताओं के नाम अपलोड किए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली/ लखनऊ

उत्तर प्रदेश में एसआईआर की पहली प्राथमिक सूची जारी हो गई है। अब लोग चुनाव आयोग की वेबसाइट पर जाकर ड्राफ्ट मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि प्रदेश में 12.55 करोड़ मतदाता है। पहले चरण के बाद 2.89 करोड़ यानी 18 फीसदी नाम कट गए। 6 जनवरी से दावे-आपत्तियां की जा सकती हैं। जिनके भी नाम पहली ड्राफ्ट सूची में नहीं हैं, वे 6 फरवरी तक फॉर्म 6 भरकर जमा कर सकते हैं। ताकि उनका नाम जोड़ा जा सके। 6 मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी।

*6 जनवरी से दावे-आपत्तियां आमंत्रित की गईं*

*6 फरवरी तक आवेदन दे सकेंगे पात्र हितग्राही*

*6 मार्च को जारी होगी चुनाव आयोग की अंतिम सूची*



#### आयोग ने हेल्पलाइन नंबर 1950 जारी किया

दावे और आपत्तियां मुफ्त हैं। आयोग ने हेल्पलाइन नंबर- 1950 जारी किया है, जहां सहायता ली जा सकती है। शहरी क्षेत्रों में कम सहयोग को देखते हुए आयोग ने विशेष कैंप लगाने की योजना बनाई है।

#### एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म दें

*राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि एक जनवरी 2008 से पहले जन्मे लोग फार्म भर सकते हैं। एक अक्टूबर से जो एलिजेबल हो रहे हैं, वे फार्म भर सकते हैं। जिनका फॉर्म मिला है, उनकी मैपिंग नहीं है। उन्हीं को नोटिस दिया जाएगा। छह मार्च 2026 को अंतिम सूची जारी की जाएगी। वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। रिणवा ने बताया कि आप वेबसाइट से सीधे अपना नाम देख सकते हैं। 27 अक्टूबर 2025 से प्रक्रिया शुरू हुई। 4 नवंबर से पहला चरण शुरू हुआ। उस वक्त 15 करोड़ 30 हजार 92 मतदाता थे। सभी का गणना प्रपत्र प्रिंट आउट लिया था। प्रपत्र घर-घर जाकर दिए गए।पहले एक सप्ताह के लिए समय बढ़ाया गया। फिर 11 दिसंबर को गणना चरण समाप्त होना था। 2.97 लाख नाम हट रहे थे, इसके लिए 15 दिन का अतिरिक्त समय दिया गया।*

#### इस तरह देखें नाम

- चुनाव आयोग की वेबसाइट (**https://voters.eci.gov.in/download-eroll**) पर जाएं।
- राज्य और जिला चुनें। इसके बाद अपना विधानसभा क्षेत्र सेलेक्ट करें।
- अपना बूथ सेलेक्ट करें और ड्राफ्ट सूची डाउनलोड कर लें।



#### शिफ्ट वोटरों की संख्या 2.17 करोड़

*राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि 15 करोड़ के ऊपर जो मतदाता थे उसमें उन्होंने खुद या परिवार के किसी ने हस्ताक्षर करके दिया वह थे। पुरानी मतदाता सूची का लगभग 81 प्रतिशत लोगों ने साइन करके वापस किया और जिन्होंने नहीं दिया वह लगभगत 18 प्रतिशत हैं। जिन्होंने नहीं दिए वापस फॉर्म उनके कई कारण थे। मृतक वोटरों की संख्या 46.23 लाख थी और स्थांतरित, यानि शिफ्ट करके जो वोटर चले गए हैं उनकी संख्या 2.17 करोड़ है। वहीं जो एक से ज्यादा स्थान पर नाम दर्ज पाए गए 25.47 लाख थे। जिनका नाम ड्राफ्ट में नहीं आया वह कुल 2.89 करोड़ हैं।*

#### वाराणसी में एसआईआर के बाद 18% मतदाताओं के नाम कटे

यूपी में एसआईआर के बाद 12.55 करोड़ मतदाताओं की आज रफ सूची आ गई बात की जाए वाराणसी की तो यहां 18 प्रतिशत मतदाताओं के नाम कटे है हालांकि उनके पास अभी फॉर्म 6 विकल्प है। वे संपूर्ण प्रपत्रों के साथ नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। जांच- पड़ताल के बाद उचित कार्यवाही की जाएगी। लोग दावा-आपत्तियां उचित तरीके से कर सकते हैं।

#### 27 फरवरी तक किया जाएगा निराकरण

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि सूचना जारी करने का चरण, मतगणना प्रपत्रों पर निर्णय और दावों एवं आपत्तियों का निपटारा 6 जनवरी से 27 फरवरी, 2026 तक किया जाएगा। उत्तर प्रदेश की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 6 मार्च, 2026 को किया जाएगा."

## खबर संक्षेप

### अंकिता के पिता से मिल जांच तय करेंगे धामी

**देहरादून।** अंकिता भंडारी केस एक बार फिर चर्चा में है। लोगों की मांग है कि इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए। इस पर प्रदेश के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि वो इस मसले पर अंकिता के माता-पिता से बात करेंगे जिसके बाद ही फैसला होगा। अंकिता के माता-पिता की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए ही निर्णय लिया जाएगा। अभी फैसला नहीं किया है।



### केरल में 4.5 लाख छात्र सीखेंगे रोबोटिक्स

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के सामान्य शिक्षा विभाग की तकनीकी इकाई केआईटीई ने राज्य भर के सभी कक्षा 10 के छात्रों के लिए रोबोटिक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। अधिकारियों ने इसे सरकारी शिक्षा क्षेत्र में तकनीकी क्रांति का एक नया अध्याय बताया है। इसका उद्देश्य सभी स्कूलों के 4.5 लाख छात्रों को तकनीक सिखाना है।



### मनसे को झटका, संतोष भाजपा में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के नेता संतोष धुरी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा ) का दामन थाम लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि राज ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी ने अपने ही वफादार कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज किया और मुंबई नगर निगम चुनावों में सीट बंटवारे के दौरान वार्ड शिवसेना (उद्धव ठाकरे) को दे दिए।



### भगदड़ मामले में एक्टर विजय 12 को पेश हों

**चेन्नई।** इन दिनों थलापति विजय अपकमिंग फिल्म 'जन नायकन' को लेकर चर्चा में हैं। यह 9 जनवरी को रिलीज हो सकती है। इससे पहले ही अभिनेता की मुश्किलें बढ़ गई हैं। उन्हें करूर भगदड़ मामले में पूछताछ के लिए सीबीआई ने नोटिस जारी किया है। 12 जनवरी को दिल्ली स्थिति सीबीआई हेडक्वार्टर में पेश होना है। उनसे भगदड़ मामले में पूछताछ होगी।



### प्रधानमंत्री के लेख को अविमुक्तेश्वरानंद ने सराहा

**नई दिल्ली।** शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने सोमनाथ मंदिर को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिखे गए लेख की सराहना की है। उन्होंने कहा कि एक हजार वर्ष पहले मंदिर को तोड़ने का पहला प्रयास किया गया था, लेकिन आज भी सोमनाथ अडिग खड़ा है। प्रधानमंत्री ने लेख के माध्यम से उस पीड़ा, संवेदना और भावनाओं को प्रभावशाली ढंग से व्यक्त किया है।



## सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में 'बड़ी समस्या' पर शीर्ष अदालत सख्त

# वायु प्रदूषण पर सीएक्यूएम को फटकार आयोग कर्तव्य निभाने में रहा 'नाकाम'

आयोग को समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश

दिल्ली में टोल प्लाजा को हटाने या बंद करने की मांग ठुकराई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से संबंधित याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई की। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) को कर्तव्य निभाने में असफल रहने पर फटकार लगाई है। वहीं सीएक्यूएम की दिल्ली की सीमाओं पर मौजूद टोल प्लाजा को हटाने या अस्थायी रूप से बंद करने की मांग को ठुकरा दिया है। मंगलवार को शीर्ष अदालत में सुनवाई के दौरान वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) दिल्ली बॉर्डर पर टोल प्लाजा को अस्थायी रूप से बंद करने या हटाने के मुद्दे पर 2 महीने का समय मांगा था। जिस पर फटकार लगाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने याचिका को ठुकरा दिया और कहा कि आयोग अपना कर्तव्य निभाने में असफल रहा है। वहीं अदालत ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को चरणबद्ध तरीके से लंबे समय के समाधानों पर विचार करना शुरू करने का निर्देश दिया है।कोर्ट ने आयोग को निर्देश दिए हैं कि वह विभिन्न हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर विचार करेगा। इसी के साथ दो हफ्ते में विशेषज्ञों की बैठक बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है।

### मुख्य कारणों पर रिपोर्ट जमा की जाए



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायाधीश जॉयमाल्य बागची की पीठ ने आयोग को दो हफ्ते में एक्सपर्ट्स की एक मीटिंग बुलाने और बढ़ते प्रदूषण के मुख्य कारणों पर एक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने सख्त लहजे में पूछा कि क्या आप प्रदूषण के कारणों की पहचान कर पाए हैं? इन सभी दिनों में बहुत सारा मटेरियल पब्लिक डोमेन में आ रहा है, एक्सपर्ट्स आर्टिकल लिख रहे हैं, लोगों की राय है, वे हमें मेल पर भेजते रहते हैं।

### टोल प्लाजा के मुद्दे पर भी विचार करने का निर्देश

पीठ ने कहा कि भारी वाहन इसमें बड़ा योगदान दे रहे हैं। पहला सवाल यह है कि हम इससे कैसे निपटें। हमें आपकी बात मंजूर नहीं है। आयोग ड्यूटी निभाने में नाकाम हो रहा है। कोर्ट ने सीएक्यूएम को लंबे समय के समाधानों पर विचार करना करने, हितधारक के रुख से प्रभावित हुए बिना टोल प्लाजा के मुद्दे पर भी विचार करने का निर्देश दिया है।

## कुत्ते की गिनती मामले पर दिल्ली विधानसभा में हंगामा

### शिक्षा मंत्री बोले- जनता से माफी मांगें केजरीवाल

दिल्ली में विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन में सत्ता पक्ष की तरफ से जोरदार हंगामा किया गया। कुत्ते की गिनती मामले को लेकर मंत्री एवं भाजपा विधायकों ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी की। इसके चलते सुबह का सत्र दो बार स्थगित करना पड़ा। उधर, शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने पत्र लिखकर अरविंद केजरीवाल को भ्रम फैलाने के लिए सरकार एवं दिल्ली की जानता से माफी मांगने को कहा। विधानसभा सत्र के दूसरे दिन सदन शुरू होते ही भाजपा विधायकों ने केजरीवाल से माफी मंगवाने की मांग करते हुए हंगामा किया। विधानसभा में महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे भाजपा विधायकों ने अरविंद केजरीवाल से माफी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। लगभग आधे घंटे चले प्रदर्शन के बाद एक बार फिर विधानसभा सत्र शुरू हुआ, लेकिन भाजपा विधायक एक बार फिर केजरीवाल के खिलाफ नारेबाजी करते हुए माफी की मांग करने लगे।



### गिनती प्रकरण की होगी जांच: स्पीकर

दिल्ली विधानसभा सत्र के दूसरे दिन आवारा कुत्तों की गणना के मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखा गया। इससे सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित करनी पड़ी। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आरोप लगाया कि केजरीवाल और उनकी पार्टी झूठ फैलाकर सरकार को बदनाम कर रहे हैं। ऐसा आदेश जारी नहीं हुआ है। मामले पर विधानसभा स्पीकर विजेंद्र गुप्ता ने भी संज्ञान लिया। उन्होंने मामले की जांच शिक्षा संबंधी स्थायी समिति से कराने की बात कही है।

## बाहरी दिल्ली में हीटर से हादसा

# डीएमआरसी इंजीनियर का परिवार जिंदा जला, बेड पर मिले 3 शव



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी दिल्ली में आदर्श नगर के मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के सामने स्थित मेट्रो अपार्टमेंट्स में सोमवार देर रात दर्दनाक हादसा हो गया। अपार्टमेंट की पांचवीं मंजिल पर स्थित एक फ्लैट में हीटर फटने के बाद लगी आग में डीएमआरसी के इंजीनियर अजय विमल, उनकी पत्नी नीलम और 10 वर्षीय बेटी जान्हवी की जलकर मौत हो गई।

उत्तर-पश्चिम जिला पुलिस के अनुसार सोमवार रात करीब 2.39 बजे आदर्श नगर थाना पुलिस को आग लगने की सूचना मिली। पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। सोसाइटी के इन-हाउस फायर फाइटिंग सिस्टम की मदद से कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया।

### तलाशी के बाद मिले शव

दमकल कर्मियों ने फ्लैट में तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान मास्टर बेडरूम से तीनों के जले हुए शव बरामद हुए। मृतकों की पहचान 45 वर्षीय अजय विमल, उनकी 38 वर्षीय पत्नी नीलम और 10 साल की बेटी जान्हवी के रूप में हुई। मृतक इंजीनियर की पत्नी की पहचान शव पर चिपके कपड़े से हुई है।

### उज्जैन के मूल निवासी थे अजय

मूलतः उज्जैन के रहने वाले थे असिस्टेंट इंजीनियर हादसे में मारे गए अजय मूल रूप से मध्य प्रदेश के उज्जैन के रहने वाले थे। वह 15 वर्ष पूर्व दिल्ली आ गए थे। यहां दिल्ली मेट्रो में असिस्टेंट सेक्शन इंजीनियर के पद पर तैनात थे। मौके पर मौजूद उनकी बहन ऊषा ने बताया कि वे तीन बहन और दो भाई हैं। अजय छोटा भाई था। बड़े भाई उत्तर प्रदेश पुलिस में इंस्पेक्टर हैं।

### क्राइम और फोरेंसिक टीम ने की जांच

पुलिस ने बताया कि अजय विमल डीएमआरसी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। मौके पर क्राइम टीम और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य जुटाए गए हैं। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि रूम हीटर में धमाके के बाद आग लगी, जिससे कमरे में आग तेजी से फैल गई। आग के दौरान कमरे में ऑक्सीजन की कमी हो जाने के कारण परिवार के सदस्यों को समय पर बाहर निकलने का मौका नहीं मिल सका। पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## बंगाल में डीजीपी की कुर्सी पर महासंग्राम

# यूपीएससी ने ममता सरकार को दिया बड़ा झटका, सूची लौटाई

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) की नियुक्ति पर समस्या खड़ी हो गई है। मौजूदा डीजीपी राजीव कुमार का कार्यकाल 31 जनवरी को खत्म हो रहा है, लेकिन उत्तराधिकारी का नाम फाइनल नहीं हो पाया है। यूपीएससी ने ममता सरकार को बड़ा झटका दिया है। आयोग ने भेजी गई आईपीएस अधिकारियों की लिस्ट को वापस लौटा दिया है। यूपीएससी ने साफ तौर पर कहा है कि सरकार को इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से परमिशन लेनी चाहिए। इसके निदेशक नंद किशोर कुमार ने मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती को चिट्ठी लिखकर यह सख्त सलाह दी है।



### यह रही समस्या की जड़

इसकी असली जड़ दिसंबर 2023 के फैसलों में छिपी है। तब तत्कालीन डीजीपी मनोज मालवीय रिटायर हो रहे थे। सरकार को उनके जाने से पहले ही नए डीजीपी का पैनल तैयार करना था, लेकिन ममता सरकार ने उस समय राजीव कुमार को 'कार्यवाहक डीजीपी' बना दिया था। यूपीएससी को यह तरीका पसंद नहीं आया। आयोग ने इसे नियमों का उल्लंघन माना है।

## मानहानि मामले में बोले प्रियांक

# आरएसएस को बताया देश के विकास में सबसे बड़ा बाधक

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने आरएसएस को देश के विकास में सबसे बड़ा रोड़ा बताया। खरगे ने आरोप लगाया कि उनके खिलाफ दायर कानूनी मामले संगठन के बारे में उनकी ओर से उठाए गए सवालों की प्रतिक्रिया हैं। खरगे ने एक अखबार का लेख साझा किया, जिसमें बताया गया था कि एक आरएसएस सदस्य की ओर से दायर मानहानि की शिकायत के मामले में एक विशेष अदालत ने उन्हें और राज्य के साथी मंत्री दिनेश गुंडू राव को नोटिस जारी किया है। संघ प्रमुख पर भी निशाना साधा है।



### कठपुतलियों से दर्ज करवा रहे मामले

उन्होंने कहा कि कुछ चुनिंदा लोगों का समूह अपने कठपुतलियों का इस्तेमाल करके हमारे खिलाफ मामले दर्ज करवा रहा है, सिर्फ इसलिए कि हम आरएसएस पर जायज सवाल उठा रहे हैं। आरएसएस राष्ट्र के विकास में सबसे बड़ी बाधा है। उन्होंने सवाल खड़े करते हुए कहा कि मोहन भागवत ने कहा है कि आरएसएस अपने स्वयंसेवकों के दिए गए दान से चलता है। इस दावे के संबंध में कई जायज सवाल उठते हैं। ये स्वयंसेवक कौन हैं और इनकी पहचान कैसे होती है?

## हाइड्रोजन कार स्वच्छ गतिशीलता का भविष्य: गडकरी





**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी को हाइड्रोजन कार अपनाने परबधाई दी। उन्होंने कहा कि यह कार स्वच्छ गतिशीलता का भविष्य है। गडकरी ने कहा कि इस वाहन में थोड़ी ड्राइव का आनंद भी लिया। हाइड्रोजन भारत की ऊर्जा संक्रमण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। मैं नागरिकों से ऐसी हरित नवाचारों को अपनाने का आह्वान करता हूं, जब हम नेट-जीरो भविष्य की ओर बढ़ रहे हैं।

## नवनीत राणा के बयान पर बोले ओवैसी

# मेरे 6 तो बच्चे हैं, तुम 8 पैदा करो आपको तो कोई रोक ही नहीं रहा?

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भाजपा नेता नवनीत राणा के ज्यादा बच्चे पैदा करने वाले बयान के बाद एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने बिना नाम लिए उन पर निशाना साधा है। ओवैसी ने कहा कि उनके 6 बच्चे हैं और उन्होंने सवाल किया कि तुम्हें 8 बच्चे पैदा करने से कौन रोक रहा है? महाराष्ट्र के अकोला में एक रैली में ओवैसी ने कहा कि मेरे 6 बच्चे हैं और मेरी दाढ़ी सफेद हो रही है। किसी ने कहा कि 4 बच्चे होने चाहिए। 4 ही क्यों? 8 बच्चे पैदा करो, तुम्हें कौन रोक रहा है? यह बयान पर पलटवार माना जा रहा है।



### कम से कम 4 बच्चे पैदा करें

भाजपा नेता नवनीत ने एक कार्यक्रम में कहा था कि कुछ लोगों की कई पत्नियां और कई बच्चे होते हैं, जिससे उनकी आबादी बढ़ती रहती है और इसे रोकने के लिए, हिंदुओं को भारत की रक्षा के लिए कम से कम तीन से चार बच्चे पैदा करने चाहिए। भाजपा नेता राणा ने कहा था कि मैं सभी हिंदुओं से अपील करती हूं। सुनिए, ये लोग खुलेआम कहते हैं कि उनकी 4 पत्नियां और 19 बच्चे हैं।ओवैसी ने कहा मेरा सुझाव है कि हमें कम से कम 4 बच्चे पैदा करने चाहिए।

## शिक्षा मंत्री प्रधान ने देश की प्राचीन भाषाओं पर कहा

# ये प्राचीन भाषाई परंपराओं व विरासत को संरक्षित करेंगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने भारतीय शास्त्रीय भाषाओं के संरक्षण और प्रसार को समर्पित कुल 55 महत्वपूर्ण प्रकाशनों का विमोचन किया। 6 जनवरी को नई दिल्ली में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में भारतीय शास्त्रीय भाषाई ग्रंथों व साहित्य को लेकर यह पहल की गई।इस अवसर पर केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान के अंतर्गत शास्त्रीय कन्नड़, तेलुगू, मलयालम और उड़िया भाषाओं के लिए स्थापित उत्कृष्टता केंद्रों द्वारा विकसित 41 साहित्यिक कृतियों का विमोचन किया गया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक ये कृतियां भारत की प्राचीन भाषाई परंपराओं और उनकी विद्वतापूर्ण विरासत को संरक्षित करने के उद्देश्य से तैयार की गई हैं। इन पुस्तकों का विमोचन इसलिए किया गया ताकि शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों और भाषा-प्रेमियों को समृद्ध एवं प्रमाणिक सामग्री उपलब्ध हो सके।



### 13 पुस्तकों और 45-एपिसोड का लोकार्पण भी किया

कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय शास्त्रीय तमिल संस्थान द्वारा विकसित 13 पुस्तकों और तिरुक्कुरल पर आधारित 45-एपिसोड की भारतीय सांकेतिक भाषा में व्याख्यात्मक श्रृंखला का भी लोकार्पण किया गया। तिरुक्कुरल का यह सांकेतिक भाषा संस्करण श्रवण-दिव्यांग शिक्षार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल इस महान तमिल कृति को अधिक समावेशी और सबके लिए सुलभ बनाती है।

### इससे नई पीढ़ी तक पहुंच आसान होगी

मंत्रालय के अनुसार यह पहल भारत की शास्त्रीय भाषाओं की निरंतरता, उनके अकादमिक विस्तार और नई पीढ़ी तक उनकी सहज पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कार्यक्रम ने न केवल साहित्यिक धरोहर को नई ऊर्जा प्रदान की, बल्कि भाषा-अध्ययन को तकनीक और नवाचार से जोड़कर उसे आधुनिक समय के अनुरूप भी बनाया। प्रधान ने कहा कि आज 5 शास्त्रीय भाषाओं का प्रतिनिधित्व करने वाले विभिन्न संस्थानों की 55 दुर्लभ और मूल्यवान साहित्यिक कृतियों का विमोचन किया गया।

### भाषाएं बनी समाज को एक सूत्र में बांधने का सशक्त माध्यम

प्रधान ने कहा कि भारत की भाषाएं समाज को एक सूत्र में पिरोती हैं। देश में 1,000 से अधिक भाषाएं बोली जाती हैं, जो भारत की सांस्कृतिक विविधता और भाषाई संपदा का प्रमाण हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस कथन को भी दोहराया जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की सभी भाषाएं ही राष्ट्रीय भाषाएं हैं, क्योंकि हर भाषा इस देश की आत्मा और पहचान को अत्यंत समृद्ध करती है। प्रधान ने भारतीय भाषाई धरोहर के प्रति सम्मान और उसके संरक्षण के प्रति संकल्प का क्षण बताया।

लाइफ Style



# कार्तिक की जिंदगी में आई नई मिस्ट्री गर्ल

**मुंबई।** कार्तिक आर्यन का नाम पिछले कुछ समय से एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ जोड़ा जा रहा है। लेकिन, हाल ही में सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें वायरल हुईं, जिसके बाद यह अटकलें तेज हो गईं कि कार्तिक आर्यन की जिंदगी में नई मिस्ट्री गर्ल की एंट्री हो चुकी है। कार्तिक आर्यन इन दिनों गोवा में छुट्टियां मना रहे हैं। उन्होंने सोमवार को कुछ तस्वीरें अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट कीं, जिसमें वह बीच (समंदर) किनारे आराम फरमा रहे हैं। सामने एक बीचबॉल गेम का नेट लगा है। बिल्कुल इसी तरह की लोकेशन की फोटो करीना नाम की एक लड़की ने भी इंस्टाग्राम पर पोस्ट कीं। वह भी गोवा में छुट्टियां मना रही हैं।

# तारा

## 15 साल में शुरू की थी एक्टिंग

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तारा सुतारिया बॉलीवुड की उन खूबसूरत अदाकाराओं में से एक हैं जिन्होंने छोटे पर्दे से अपना कॅरियर शुरू किया है। तारा ने काफी छोटी उम्र से ही पर्दे पर लोगों का दिल जीता है। इन दिनों तारा 'केजीएफ' स्टार यश के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर काफी चर्चा में हैं।

हाल ही में तारा सिंगर एपी ढिल्लन के कॉन्सर्ट को लेकर काफी विवादों में रहीं। यश की फिल्म 'टॉक्सिक' में तारा अहम भूमिका में नजर आनेवाली हैं। इस फिल्म में तारा के किरदार का नाम रेबेका है। पोस्टर सामने आते ही तारा सुतारिया के किरदार की जबरदस्त चर्चा है जिसमें उनके हाथ में गन भी दिख रहा है। तारा का इंटेंस लुक काफी इंप्रेसिव है। वैसे तारा उन दर्शकों के दिलों में सालों से हैं जो डिज्नी इंडिया देखकर बड़े हुए हैं।मुंबई में पली-बढ़ीं तारा सुतारिया ने बहुत छोटी उम्र से ही म्यूजिक, डांस और थिएटर की ट्रेनिंग लेकर एक्टिंग करना शुरू कर दिया था। तारा ने साल 2010 में डिज्नी चैनल के शो 'बिग बड़ा बूम' में से में छोटे पर्दे पर कदम रखा था। इसके बाद साल 2011 में आई थी 'एंटरटेनमेंट के लिए कुछ भी करेगा।' साल 2012 में 'बेस्ट ऑफ लक निक्की' का भी हिस्सा रहीं तारा सुतारिया। साल 2012 कॉमेडी शो 'द सूट लाइफ ऑफ करण एंड कबीर' में भी तारा नजर आईं। इस शो में तारा विन्नी मिश्रा यानी विनीता के किरदार में दिखीं और काफी सुर्खियां भी बटोरीं। उन्होंने साल 2013 में 'ओए जस्सी' में भी एक्टिंग की थी। इस शो में तारा ने जसप्रीत का किरदार निभाया था।



हॉलीवुड मसाला



# जिमी ने ट्रंप का उड़ाया मजाक

**लॉस एंजिल्स।** जिमी किमेल को 'बेस्ट टॉक शो' होस्ट के लिए क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 मिला है। इस दौरान जब वह स्टेज पर अवॉर्ड लेने पहुंचे तो अपने अंदाज में अमेरिकी राष्ट्रपति पर चुटकी लेने से बाज नहीं आए। 4 जनवरी को क्रिटिक्स चॉइस अवॉर्ड 2026 के मंच पर जिमी किमेल ने डोनाल्ड ट्रंप को पब्लिकली धन्यवाद दिया। लेकिन, उनका अंदाज कुछ ऐसा था कि वहां ठहाके गूंजने लगे। उन्होंने अपने अवॉर्ड जीतने और टॉक शो की सफलता का श्रेय पूर्व राष्ट्रपति के कामों को दिया।



# ओडेलिया की प्रिंस से जबरदस्ती हुई शादी

**लॉस एंजिल्स।** मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने मलयेशिया के प्रिंस से अपनी शादी को लेकर अब एक ऐसा बयान जारी किया है जिसे सुनकर हर कोई हैरान रह गया है। मॉडल ने बताया कि उनकी शादी उनकी मर्जी के खिलाफ थी। इंडोनेशियन-अमेरिकन मॉडल मनोहरा ओडेलिया ने अपनी जिंदगी के उस सच को दुनिया के सामने रखा है जिसने सभी को झकझोर दिया है। वर्षों तक खामोशी में जीने के बाद मनोहरा ने अब खुलकर कहा है कि उनका नाम जिस 'शाही शादी'से जोड़ा गया, वह न तो उनकी मर्जी से थी और न ही कानूनी रूप से सही थी। साल 2008 में जब उनकी शादी मलयेशिया के केलंतान राज्य के शाही परिवार से जुड़े तेंगकु फाखरी से हुई, तब मनोहरा महज 16 साल की थीं। उस उम्र में जब किसी किशोरी को अपने सपने गढ़ने चाहिए होते हैं।



# फिल्मों में जबरस्त वापसी की तैयारी में...

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने हाल ही में फिल्मों में जबरदस्त कमबैक करने की तैयारी कर ली है। कंगना ने फैंस के साथ वीडियो साझा करते हुए बताया है कि वो नई फिल्म की शूटिंग शुरू कर चुकी हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत फिल्मों में जबरदस्त वापसी करने के लिए तैयार हैं। लंबे समय से राजनीतिक जिम्मेदारियों और फिल्मों के बीच संतुलन बनाती नजर आ रहीं कंगना ने अपनी अगली फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' की शूटिंग शुरू कर दी है। हाल ही में उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए इस बात की पुष्टि की और फिल्म के सेट से कुछ झलकियां भी साझा कीं, जिसे देखकर उनके प्रशंसकों में उत्साह साफ नजर आया। कंगना ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी प्रोडक्शन कंपनी की ओर से शेयर किए गए एक वीडियो को रीपोस्ट किया।



# हार्दिक की गर्लफ्रेंड से मिले बिग बी...

**मुंबई।** हार्दिक पांड्या और उनकी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें वो अमिताभ बच्चन के साथ नजर आ रहे हैं। हार्दिक ने बिग बी से अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय करवाया। सभी 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' इवेंट में शामिल हुए थे, जो बीती रात को मुंबई में आयोजित हुआ था। मुंबई में रिलायंस फाउंडेशन की तरफ से बीती रात को 'यूनाइटेड इन ट्रायम्फ' प्रोग्राम का आयोजन हुआ। नीता अंबानी की अध्यक्षता में आयोजित इस इवेंट में क्रिकेट जगत सहित अन्य मशहूर हस्तियों ने भी शिरकत की। अब एक वीडियो सामने आया है, जिसमें हार्दिक पांड्या अपनी गर्लफ्रेंड महिका शर्मा का परिचय अमिताभ बच्चन से करवा रहे हैं। बिग बी ने क्रिकेटर की तरफ इशारा करते हुए कुछ कहा और तीनों हंस पड़े। ये वीडियो खूब वायरल हो रहा है।

टीवी मसाला



# स्पेस जेन चंद्रयान सीरीज में भारत का चांद तक का सफर

**नई दिल्ली।** टीवीएफ इस बार एकदम अलग हटकर वेब सीरीज लेकर आ रहा है, जो इसरो, चंद्रयान, भारत के चांद तक के पहुंचने के मुश्किल सफर को दिखाती है। ये उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी है, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इस शो में नकुल मेहता से लेकर श्रिया सरन सहित कई सितारे नजर आएंगे। टीवीएफ अपनी पंचायत, कोटा फैक्ट्री, एस्पिरेंट्स सहित अन्य फेमस वेब सीरीज के लिए जाना जाता है। अब ये एक नई सीरीज लेकर आ रहा है, जिसमें भारत के चांद पर पहुंचने का एक मुश्किल सफर दिखाया जाएगा। मंगलवार, 6 जनवरी को इसका टीजर रिलीज कर दिया गया है। शो में श्रयि सरन, नकुल मेहता, प्रकाश बेलावाड़ी और सौरभ द्विवेदी सहित कई जाने-माने चेहरे नजर आएंगे। इसकी रिलीज डेट का भी ऐलान कर दिया गया है। 'स्पेस जेन चंद्रयान' के टीजर में दिखाया गया है कि जो चीज किसी ने नहीं देखी, वहां तक लिमिटेड रिसोर्स तक पहुंचना, इसरो से बेहतर किसी को नहीं आता। दुनिया को दिखाने की एक जिद कि ल्यूनर साउथ पोल तक पहुंचने वाला पहला देश भारत होगा। पर साइंटिस्टों को विफलता मिलती है। ऐसे में सवाल उठने लगते हैं कि इस नाकामयाबी के बाद चंद्रयान 3 कैसे बनाएंगे? पर आखिरी में दिखाया गया है कि इसरो भारत को एक स्पेस पावर बनाकर रहेगा। इस वीडियो को शेयर करते हुए मेकर्स ने कैप्शन में लिखा- चांद तक का सफर आसान तो नहीं था, पर भारत के लिए नामुमकिन भी नहीं था। उन वैज्ञानिकों की अनकही कहानी देखिए, जिन्होंने भारत के सपनों को इतिहास में बदल दिया। इसे अरुनभ कुमार ने क्रिएट किया है। डायरेक्टर अनंत सिंह हैं। कहानी को शुभम शर्मा, प्रशांत कुमार और नितिन तिवारी ने लिखा है।

## हटके होगी इस बार मास्टर शेफ की थीम

**नई दिल्ली।** मास्टरशेफ इंडिया 9 ने पहले ही काफी एक्साइटमेंट पैदा कर दी है, क्योंकि इस सीजन में सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाला जजिंग पैनल वापस आ गया है। शेफ विकास खन्ना, शेफ कुणाल कपूर और शेफ रणवीर बरार जज के तौर पर वापसी करने वाले हैं। इस बार शो की थीम सुनकर आप खुश होने वाले हैं क्योंकि इस बार शो में सिर्फ भारतीय व्यंजनों की ही खुशबू आने वाली है। भारत के अलग-अलग राज्यों और क्षेत्रों की डिशेज जजों के सामने परोसी जाएगी। इस बार शो की थीम 'भारत का गौरव' है। ऑडियंस को कई भारतीय क्विजिन के बारे में जानने को मिलेगा। वहीं, विदेशों में भारतीय खाने की खूबियां बताई जाएंगी। मास्टरशेफ इंडिया सीजन 9, 5 जनवरी से सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रीमियर हो रहा है। लंबे इंतजार के बाद यह पॉपुलर कुकिंग रियलिटी शो टैलेंट और इमोशन्स से भरे एक बिल्कुल नए सीजन के साथ वापस आने के लिए तैयार है।



# मस्ती भरा राहु-केतु का ट्रेलर रिलीज...

मुंबई। पुलकित सम्राट, वरुण शर्मा और शालिनी पांडे स्टारर 'राहु केतु'का फाइल ट्रेलर आज सामने आया है। ट्रेलर पूरा मस्ती से भरा हुआ है। जिसमें पुलकित और वरुण मस्ती करते नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में शालिनी पांडे भी अपनी हॉट अदाएं दिखाते दिख रहे हैं। 3 मिनट 7 सेकंड के इस ट्रेलर की शुरुआत पीयूष मिश्रा की आवाज के साथ होती है। जिसमें वो लोगों को दो लोगों के बारे में बताते हैं। जिनका परिचय देते हुए वो कहते हैं हिमाचल के शहर कुल्लू और वहां के दो उल्लू जिनका नाम राहु-केतु है। फिर पर्दे पर दिखते हैं वरुण शर्मा और पुलकित सम्राट। इसके बाद दोनों की कॉमडी शुरू होती है, जिसे देखकर आपको कई मौकों पर 'फुकरे' की याद आती है। फिल्म के नाम से ही पता चलता है कि वरुण और पुलकित पनौती हैं, जहां जाते हैं कुछ न कुछ गड़बड़ कर देते हैं। हालांकि, ट्रेलर को देखकर ऐसा लगता है कि इसी दौरान ये कुछ ऐसा करते हैं, जिससे भ्रष्टाचारियों का खुलासा हो जाता है। जाहिर है कि मेकर्स ने कॉमेडी के साथ-साथ एक संदेश भी देने की कोशिश की है। ट्रेलर में वरुण शर्मा, पुलकित सम्राट और शालिनी पांडे के अलावा बाकी कास्ट भी नजर आती है। जिसमें पीयूष मिश्रा के अलावा अमित सियाल, चंकी पांडे और मनु ऋषि जैसे कलाकारों के नाम शामिल हैं। पीयूष मिश्रा का लुक आपको 'तमाशा'में उनके किरदार की याद दिलाता है।




# धुरंधर ने आरआरआर को भी चटाई धूल वर्ल्डवाइड कलेक्शन में मारी बाजी...

**मुंबई।** धुरंधर ने कमाई के मामले में कई फिल्मों को अब तक पछाड़ दिया है। हाल ही में आरआरआर को भी कलेक्शन के मामले में इसने पीछे छोड़ दिया है। धुरंधर को बॉक्स ऑफिस पर 32 दिन हो चुके हैं। फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 800 करोड़ रुपए से अधिक की कमाई कर ली है। वहीं, वर्ल्डवाइड कलेक्शन में इस फिल्म ने हाल ही में आरआरआर जैसी सुपरहिट फिल्म को पीछे छोड़ दिया है। फिल्म धुरंधर के मेकर्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किए, जिसमें बताया कि फिल्म ने वर्ल्डवाइड 1,240 करोड़ रुपए कलेक्शन कर लिया है। साथ ही मेकर्स ने यह जानकारी भी साझा की कि भारतीय बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म 820.30 करोड़ रुपए कमा चुकी है। फिल्म धुरंधर ने वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आरआरआर को भी पीछे छोड़ दिया है। सैकनिल्क के अनुसार एसएस राजामौली निर्देशित की फिल्म आरआरआर ने वर्ल्डवाइड 1230 करोड़ रुपए की कमाई थी। यह फिल्म साल 2022 की सबसे बड़ी हिट फिल्म थी। इस फिल्म ने आस्कर अवॉर्ड में भी अपना जलवा चलाया था, इस फिल्म के गाने 'नाटू नाटू' को बेस्ट ओरिजनल सॉन्ग का अवॉर्ड मिला। फिल्म धुरंधर इस साल रिलीज हुई फिल्मों से भी वर्ल्डवाइड कलेक्शन के मामले में आगे निकल चुकी है। फिल्म कांतारा चैप्टर 1 और छावा को भी इसने पछाड़ दिया है। कांतारा चैप्टर 1 ने वर्ल्डवाइड सिर्फ 900 करोड़ रुपए कमाए, वहीं छावाने वर्ल्डवाइड 809 करोड़ रुपये की कमाई थी। फिल्म धुरंधर अब वर्ल्डवाइड पुष्पा 2 के कलेक्शन को पार करने पर अपनी नजर टिकाए है। अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 में रिलीज हुई थी। इसने वर्ल्डवाइड 1742 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया था। अगर फिल्म धुरंधर 500 करोड़ रुपए की कमाए और करती है तो शायद फिल्म पुष्पा 2 के वर्ल्डवाइड कलेक्शन को पार सके।

## धुरंधर ने वर्ल्डवाइड पार किया 1200 करोड़ का आंकड़ा



## ऑस्कर में भारत की उम्मीदें बरकरार, 22 जनवरी को होगी पुरस्कारों की घोषणा

# अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर में पहुंची होमबाउंड

***लॉस एंजिल्स।*** *ऑस्कर के लिए भारत की ओर से भेजी गई ऑफिशियल फिल्म 'होमबाउंड' भारत की उम्मीदों को बनाए हुए है। क्योंकि, फिल्म अकादमी पुरस्कारों में अंतरराष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी के अगले दौर के मतदान में पहुंच गई है। ऑस्कर की ओर से घोषणा की गई कि अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में दुनिया भर की पंद्रह फिल्में वोटिंग के अगले दौर में पहुंच गई हैं। इनमें भारत की 'होमबाउंड' के अलावा अर्जेंटीना, ब्राजील, फ्रांस, जर्मनी, इराक, जापान, जॉर्डन, नॉर्वे, फिलिस्तीन, दक्षिण कोरिया, स्पेन, स्विट्जरलैंड, ताइवान और ट्यूनीशिया की फिल्में शामिल हैं।*



## 98 साल के इतिहास में भारत की पांचवीं फिल्म

हाल ही में ऑस्कर के लिए शॉर्टलिस्ट होने के साथ 'होमबाउंड' ने एक उपलब्धि हासिल कर ली है। यह अकादमी पुरस्कारों के 98 साल के इतिहास में सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली भारतीय सिनेमा की पांचवीं फिल्म बन गई है। ईशान खट्टर और विशाल जेठवा स्टारर 'होमबाउंड' को ऑस्कर 2026 के अंतर्राष्ट्रीय फीचर फिल्म श्रेणी में आखिरी नामांकन के लिए 15 फिल्मों में चुना गया है।

## नीरज घेवान ने किया है फिल्म का निर्देशन

नीरज घेवान द्वारा निर्देशित और करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'होमबाउंड' बचपन के दोस्तों शोएब (ईशान खट्टर) और चंदन (विशाल जेठवा) की कहानी है। जिनका पुलिस बल में शामिल होने का सपना उनके जीवन को आकार देता है। जाह्नवी कपूर ने दोस्ती, कर्तव्य और युवा भारत के सामने आने वाले दबावों पर आधारित इस कहानी में अहम भूमिका निभाई है।

## ये फिल्में भी हुईं चयनित

'मबाउंड के अलावा चयनित हुई फिल्मों में बेलेन (अर्जेंटीना), द सीक्रेट एजेंट (ब्राजील), इट वाज जस्ट एन एक्सीडेंट (फ्रांस), साउंड ऑफ फॉलिंग (जर्मनी), द प्रेसिडेंट्स केक (इराक), कोकुहो (जापान), ऑल दैट्स लेफ्ट ऑफ यू (जॉर्डन), सेंटीमेंटल वैल्यू (नॉर्वे), पैलेस्टाइन 36 (फिलिस्तीन), नो अदर चॉइस (दक्षिण कोरिया), सिरात (स्पेन), लेट शिफ्ट (स्विट्जरलैंड), लेफ्ट-हैंडेड गर्ल (ताइवान) और द वॉइस ऑफ हिंद रजब (ट्यूनीशिया) शामिल हैं। इस बारे में अकादमी अवॉर्ड्स ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर जानकारी साझा की। अकादमी पुरस्कारों के लिए आखिरी नामांकन की घोषणा गुरुवार 22 जनवरी को की जाएगी।